राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 207
लखनऊ, मंगलवार 31 मार्च, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





खंड शिक्षा अधिकारी की बेटी ने उत्तीर्ण की पीसीएस परीक्षा 10

सामुदायिक कल्याण पर केंद्रित प्रयास समाज को मजबूत बनाते हैं : बृजेश 03


# सुपोषित शिशु व स्वस्थ मां से ही सशक्त भारत : सीएम

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को प्रेरित करते हुए सोमवार को कहा कि यदि नवजात शिशु सुपोषित है और मां स्वस्थ है, तो भारत का भविष्य सशक्त माना जा सकता है। अगर नवजात शिशु सुपोषित है और मां स्वस्थ है, तो मानकर चलिए, कि भारत का भविष्य सशक्त है।

पिछले नौ वर्षों में डबल इंजन सरकार ने इस दिशा में कई कदम उठाए हैं और इन प्रयासों को जमीन पर उतारने में आप की अहम भूमिका है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की सराहना करते हुए कहा कि वे जमीनी स्तर पर योजनाओं को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। आप यशोदा मैया की भूमिका निभाते हुए बच्चों के पोषण और देखभाल के साथ कुपोषण और बीमारियों के खिलाफ भी लड़ रही हैं। वह पिछले चार वर्षों से इस बात पर जोर दे रहे थे कि हर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पास स्मार्टफोन होना चाहिए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका जो मेहनत करती हैं, वह रियल टाइम डेटा समय पर नहीं मिल पाता था, जिससे रैंकिंग प्रभावित होती थी। इसलिए, स्मार्टफोन देकर प्रशिक्षित करना आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत तीन से पांच वर्ष के बच्चों के लिए, आंगनबाड़ी केंद्रों में ही प्री-प्राइमरी शिक्षा की व्यवस्था की जा रही है। पहले से 27 हजार केंद्र बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित होते थे, उन्हें आंगनबाड़ी केंद्रों के रूप में विकसित किया जा रहा है। आंगनबाड़ी और प्री-प्राइमरी को छह वर्ष तक के बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।



- 18,440 कार्यकर्ताओं तथा सहायिकाओं को मिले नियुक्ति पत्र
- स्मार्टफोन से आसान होगा काम, समय पर मिलेगा रीयल टाइम डाटा

### प्रधानमंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को यशोदा मां की दी उपाधि

प्रधानमंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को यशोदा मां की उपाधि दी है। यह एक बड़ा सम्मान है और इसकी गरिमा बनाए रखते हुए देश के भविष्य को संवारने और मजबूत नींव तैयार करने की जिम्मेदारी आप पर है। 702 आंगनबाड़ी केंद्रों और 71 बाल विकास परियोजना कार्यालयों का शिलान्यास तथा 2,468 आंगनबाड़ी केंद्रों और 69 परियोजना कार्यालयों का लोकार्पण किया गया। 69,804 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन, दो लाख ग्रोथ मॉनिटरिंग उपकरण तथा 18,440 कार्यकर्ताओं तथा सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि कार्यक्रम ऐतिहासिक है और इससे पहले इतने बड़े स्तर पर कार्य नहीं हुए होंगे। राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल सहित कई जनप्रतिनिधि इस अवसर पर उपस्थित रहे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, 69,804 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन, दो लाख 'ग्रोथ मॉनिटरिंग' उपकरण तथा 18,440 कार्यकर्ताओं तथा सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

# राष्ट्रपति ने महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर दी शुभकामनाएं

एजेंसी, नई दिल्ली।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

श्रीमती मुर्मु ने सोमवार को अपने संदेश में कहा कि महावीर जयंती के शुभ अवसर पर मैं सभी देशवासियों, विशेष रूप से जैन भाइयों और बहनों को अपनी शुभकामनाएं और बधाई देती हूं। भगवान महावीर के पांच सिद्धांत - अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह - हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। इन सिद्धांतों को अपनाकर हम अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। भगवान महावीर ने समाज में व्याप्त बुराइयों के विरुद्ध आवाज उठाई और बेहतर जीवन का मार्ग दिखाया। उनकी शिक्षाएं सदा प्रासंगिक रहेंगी।

उन्होंने कहा कि इस शुभ अवसर पर, आइए हम भगवान महावीर के संदेशों को अपने जीवन में अपनाने और राष्ट्र की प्रगति के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लें।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,48,410/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,36,050/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,11,340/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,45,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### कंबोडिया की राजदूत रथ मैनी ने ललित कला अकादमी का किया दौरा



**लखनऊ।** लखनऊ में सोमवार को कला और संस्कृति का एक खास संगम देखने को मिला, जब कंबोडिया की राजदूत रथ मैनी ने राज्य ललित कला अकादमी पहुंचकर कलाकारों की रचनात्मक दुनिया को करीब से जाना। उनके इस दौरे ने कार्यक्रम को अंतरराष्ट्रीय महत्व दिया। राज्य ललित कला अकादमी में उनके स्वागत के अवसर पर एक विशेष कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान कंबोडिया राजदूत ने विभिन्न कलाकृतियों का अवलोकन किया और प्रदेश के वरिष्ठ विजुअल आर्ट कलाकारों के साथ कला के अलग-अलग पहलुओं पर बातचीत की। प्रदर्शनी में मौजूद कलाकृतियों को देखकर राजदूत रथ मैनी काफी प्रभावित नजर आईं।

### देशभर में 1100 से अधिक बार बम से उड़ने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। दिल्ली पुलिस ने देश भर के स्कूलों, उच्च न्यायालयों और सरकारी कार्यालयों को 1,100 से ज्यादा फर्जी कॉल कर बम से उड़ाने की धमकी देने वाले शख्स को कर्नाटक के मैसूर से गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस और स्थानीय पुलिस टीमों के बीच गुरुवार को एक समन्वित अभियान में संदिग्ध श्रीनिवास लुइस (47) को उसके किराए के घर से हिरासत में लिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी लुइस मूल रूप से बेंगलुरु का रहने वाला है और कथित तौर पर अपनी मां के साथ किराये के मकान में रहता है। वह एक सेवानिवृत सरकारी कर्मचारी हैं, और अभी बेरोजगार है। उन्होंने संकेत दिया कि शुरुआती जांच से पता चलता है कि वह मानसिक तनाव में हो सकता है। उन्होंने बताया कि आरोपी ने शुरुआती पूछताछ के दौरान कथित तौर पर देश भर में 1,100 से ज्यादा धमकी भरे संदेश भेजने की बात कबूल की है।

### रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार हुआ एसडीएम का ड्राइवर

**बागपत।** बागपत जिले में खेकड़ा तहसील में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मेरठ क्राइम ब्रांच की टीम ने उप जिलाधिकारी (एसडीएम) के ड्राइवर को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। सोमवार दोपहर हुई इस कार्रवाई के दौरान टीम ने आरोपी के पास से रिश्वत की पूरी रकम भी बरामद कर ली, जिससे प्रशासनिक तंत्र में हड़कंप मच गया।

# लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी शब्बीर गिरफ्तार

एजेंसी, नई दिल्ली।

राजधानी दिल्ली में बड़े आतंकी हमले की साजिश को नाकाम करते हुए दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े एक दुर्दान्त आतंकवादी शब्बीर अहमद लोन को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसियों के अनुसार, लोन इस पूरे मॉड्यूल का हैंडलर था और हाल ही में सामने आए मेट्रो पोस्टर मामले में पकड़े गए आतंकी नेटवर्क को संचालित कर रहा था।

स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि स्पेशल सेल की नई दिल्ली रेंज के पुलिस उपायुक्त प्रवीण त्रिपाठी की देखरेख मे आतंकी को रविवार देर रात गाजीपुर इलाके से गिरफ्तार किया है। स्पेशल सेल के अधिकारियों ने बताया कि शब्बीर अहमद लोन के कब्जे से करीब 2,300 बांग्लादेशी टका, 3,000 से 5,000 पाकिस्तानी मुद्रा (लगभग 3,000 भारतीय रुपये के बराबर) और एक नेपाली सिम कार्ड मिला है। इन सभी सामानों को जब्त कर लिया गया है और उनकी फॉरेंसिक जांच की जा रही है। जांच से यह भी सामने आया है कि लोन लंबे समय से बांग्लादेश में रहकर भारत विरोधी गतिविधियों को संचालित कर रहा था। इससे पहले उसने हटियारा (कोलकाता) में अपने मॉड्यूल के लिए एक ठिकाना तैयार किया था, जो उसके सहयोगियों के लिए 'सेफ हाउस' के तौर पर इस्तेमाल होता था। स्पेशल सेल के अधिकारी के मुताबिक, यह ठिकाना आतंकी गतिविधियों के संचालन और सदस्यों के छिपने के लिए बेहद अहम था। यहीं से मॉड्यूल के सदस्यों को निर्देश दिए जाते थे और आगे की साजिशें रची जाती थीं। वहीं जांच एजेंसियों के अनुसार, शब्बीर लोन का फोकस उन इलाकों पर था जहां लोगों की आवाजाही अधिक रहती है। वह ऐसे स्थानों की रेकी करता था, जहां अधिकतम नुकसान पहुंचाया जा सके। हाल के दिनों में भी उसने कई भीड़भाड़ वाले इलाकों का दौरा कर संभावित हमलों के लिए सर्वे किया था। अधिकारियों का कहना है कि लोन का नेटवर्क काफी संगठित था और वह तकनीक का इस्तेमाल कर अपने सहयोगियों के संपर्क में रहता था। एन्क्रिप्टेड माध्यमों के जरिए बातचीत कर वह सुरक्षा एजेंसियों की नजरों से बचने की कोशिश करता था। पुलिस के मुताबिक, शब्बीर अहमद लोन बांग्लादेश में बैठकर भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। वह एन्क्रिप्टेड ऐप्स के जरिए अपने सहयोगियों के संपर्क में रहता था और उन्हें निर्देश देता था। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि यह पूरा नेटवर्क पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर काम कर रहा था, जो इसे फंडिंग और लॉजिस्टिक सपोर्ट मुहैया करा रही थी।



- पूरा नेटवर्क पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर कर रहा था काम

### कट्टरपंथी बनाने व भर्ती का बड़ा नेटवर्क

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि लोन का मुख्य काम बांग्लादेश में अवैध रूप से रह रहे लोगों और खासकर बांग्लादेशी नागरिकों को टारगेट कर उन्हें कट्टरपंथ की ओर धकेलना था। इसके बाद उन्हें भारत में आतंकी गतिविधियों के लिए तैयार किया जाता था। आरोप है कि इन लोगों के फर्जी दस्तावेज, जैसे आधार कार्ड, बनवाकर उन्हें भारत के विभिन्न शहरों में छिपाया जाता था। सूत्रों के मुताबिक, इस मॉड्यूल ने दिल्ली सहित कई संवेदनशील इलाकों की रेकी भी की थी। खास तौर पर ऐतिहासिक स्थल लाल किला को निशाना बनाने की साजिश रची जा रही थी। पुलिस के अनुसार इस कार्रवाई से एक संभावित बड़े हमले को टाल दिया गया है।

### आतंकी सरगनाओं से सीधे संपर्क

जांच में यह भी सामने आया है कि शब्बीर अहमद लोन के सीधे संबंध लश्कर के सरगना हाफिज सईद और उसके सहयोगी जकी-उर-रहमान लखवी से रहे हैं। बताया जा रहा है कि लोन ने पाकिस्तान के मुजफ्फराबाद स्थित आतंकी कैंप में प्रशिक्षण भी लिया था, जिसमें बेसिक (दौरा-ए-आम) और एडवांस (दौरा-ए-खास) ट्रेनिंग शामिल थी।

# आईबीसी संशोधन विधेयक 2025 लोकसभा में पारित

एजेंसी, नई दिल्ली।

लोकसभा में सोमवार को दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक 2025 ध्वनिमत से पारित हो गया।

विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह विधेयक संकटग्रस्त कंपनियों के समाधान की प्रक्रिया को तेज करने के मुख्य उद्देश्य से लाया गया है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के कानून बन जाने के बाद कंपनियों के दिवाला मामलों का अदालत के बाहर समाधान किया जा सकेगा। इससे निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि यह विधेयक अगस्त 2025 में लोक सभा में लाया गया था, तथा इसे प्रवर समिति को भेज दिया गया था। प्रवर समिति ने गहनता और गंभीरता से विचार करने के बाद 11 संशोधन सुझाये हैं और सभी को इसमें शामिल कर लिया गया है। इसमें क्रेडिटर को अधिक अधिकार दिये गये हैं।

क्रेडिटर समाधानकर्ता की चयन प्रक्रिया में अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर सकेंगे। इससे पूरी प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता लायी जा सकेगी और समाधान प्रक्रिया तेज होगी। सीतारमण ने कहा कि इस





विधेयक में प्रावधान किये गये हैं कि एनसीएलएटी में अपील के बाद तीन महीने के अंदर उसका फैसला आ जाये। उन्होंने कहा कि इस संशोधन विधेयक में बीमार कंपनियों के समाधान में देरी से बचने के पर्याप्त उपाय किये गये हैं। इसमें कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा गया है। उनकी जितनी देयता है, उसे प्राथमिकता पर रखा जायेगा। कर्मचारियों के हितों से हम बिलकुल समझौता नहीं करेंगे। विधेयक में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों का भी पूरा ध्यान रखा गया है। सीतारमण ने कहा कि 2016 में दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता कानून लाये जाने के बाद से जो संकटग्रस्त कंपनियों का समाधान प्रक्रिया से गुजरी हैं, वे बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। बीमार कंपनियों से बैंकों का डूबा पैसा निकालने के प्रतिशत में बहुत बढ़ोतरी हो गयी है और अब यह 52 प्रतिशत तक पहुंच गया है। सीतारमण ने कहा कि बैंक धोखाधड़ी के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी) ने 1105 केसों की जांच की, जिसमें 64920 करोड़ की संपत्तियां जब्त कर 150 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। भगोड़े आर्थिक अपराधी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गयी है और ऐसे मामलों के अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है।

उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय समस्या को भी समाधान करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा न्यायिक अधिकार में लेनदारों के मामले में काफी सुरक्षा के उपाय किया गये हैं। अब लेनदार या देनदार का किसी भी तरीके से गलत उपयोग नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी कंपनी या क्षेत्र के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया है और सभी को एक तरह से डील किया जाता है। सीतारमण के जवाब के बाद विधेयक ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

# सामान्य से ज्यादा हो रहा तापमान पश्चिमी विक्षोभ से बदलेगा मौसम

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी लखनऊ में तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा है। सोमवार को सुबह से ही मौसम साफ बना रहा। दिन का अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया।



लखनऊ के 6 मॉनिटरिंग स्टेशनों का औसत एक्यूआई सुबह के समय में 120 के साथ में यलो जोन मध्यम श्रेणी में दर्ज किया गया है। सबसे खराब स्थिति तालकटोरा औद्योगिक क्षेत्र 150 के साथ में मध्यम श्रेणी में यलो जोन में रहा। शाम 4 बजे जारी आंकड़े के मुताबिक लखनऊ का एक्यूआई 132 के साथ में मध्यम श्रेणी यलो जोन में रहा। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पिछले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के पूरी तरह खत्म होने के बाद प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में मौसम साफ हो गया है। 31 मार्च तक राज्य के कई इलाकों में गरज, बिजली गिरने और तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। इसके बाद 1 अप्रैल से बारिश कम होने लगेगी और एक बार फिर तापमान में 2 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है।

# सरकार ने दिया भरोसा- देश में पेट्रोल-डीजल, एलपीजी व पीएनजी की पर्याप्त उपलब्धता

एजेंसी, नई दिल्ली।

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच सरकार ने देशवासियों और उद्योग जगत को ईंधन की निर्बाध आपूर्ति जारी रहने का भरोसा दिया है। पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि वैश्विक हालात के बावजूद देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और प्राकृतिक गैस का पर्याप्त भंडार मौजूद है। हालांकि, कुछ जगहों पर ग्राहकों के घबराहट में की जा रही खरीदारी की खबरों के बीच केंद्र सरकार ने देश के ऊर्जा बाजार को स्थिर रखने के लिए कई स्तरों पर त्वरित उपाय किए हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोमवार को अंतर मंत्रालयी प्रेसवार्ता को संबोधित करते



हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय दुनियाभर के अलग-अलग देशों के नेताओं के साथ बातचीत कर रहे हैं। इसी क्रम में 28 मार्च को प्रधानमंत्री ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस, प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि इस बातचीत के दौरान पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को लेकर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। प्रधानमंत्री ने उस क्षेत्र में ऊर्जा से जुड़े बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर किए गए हमलों की निंदा की। दोनों नेताओं ने स्वतंत्र आवागमन और शिपिंग मार्गों को खुला और सुरक्षित रखने पर भी चर्चा की। पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव (मार्केटिंग और तेल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने अंतर मंत्रालयी प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि पूरे देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और पीएनजी की पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने कहा कि इसे सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार ने कई स्तरों पर कदम उठाए हैं और उठाती रहेगी। हमारी रिफाइनरियां सामान्य रूप से काम कर रही हैं और कच्चे तेल का स्टॉक भी पर्याप्त है। इसके अलावा घरेलू बाजार में डीजल और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की उपलब्धता बनाए रखने के लिए एक निर्यात शुल्क भी लगाई गई है।

### 48 हजार किलोलीटर केरोसिन आवंटित

सुजाता शर्मा ने बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं और सीएनजी आधारित परिवहन के लिए 100 फीसदी आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। इसके साथ ही ग्रिड से जुड़ी इंडस्ट्रीज के लिए 80 फीसदी आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। एलपीजी के संबंध में उन्होंने कहा कि किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर के पास स्टॉक की कोई कमी नहीं है। शर्मा ने बताया कि लगभग 95 फीसदी बुकिंग ऑनलाइन की गईं। पिछले एक हफ्ते में लगभग 2,60,005 किलोग्राम एफटीएल (फ्री ट्रेड एलपीजी) सिलेंडर बेचे गए हैं। साथ ही लगभग 41,000 टन कमर्शियल एलपीजी भी उठाई गई है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उनके नियमित तिमाही आवंटन के अलावा अतिरिक्त 48 हजार किलोलीटर केरोसिन आवंटित किया गया है।

### नीतीश ने दिया एमएलसी पद से इस्तीफा

एजेंसी, पटना।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद आज विधान परिषद (एमएलसी) की सदस्यता से अपना इस्तीफा सौंप दिया है। हाल ही में 16 मार्च 2026 को उन्हें उच्च सदन यानी राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना गया था। भारतीय संविधान के प्रावधानों और जनप्रतिनिधित्व कानून के अनुसार, संसद के किसी भी सदन का सदस्य चुने जाने के बाद 14 दिनों के भीतर राजनेता को राज्य विधानमंडल (विधानसभा या विधान परिषद) से अपना इस्तीफा देना अनिवार्य होता है। इसी नियम के तहत 30 मार्च की तय समय सीमा समाप्त होने से ठीक पहले उन्होंने अपनी विधान परिषद की सदस्यता त्याग दी।

# कृषि अवशेष से बनेंगी सड़कें, सीएसआईआर ने बायो-बिटुमेन तकनीक का किया हस्तांतरण

एजेंसी, नई दिल्ली।

बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) ने सोमवार को अपनी अभिनव तकनीक लिग्नोसेलुलोसिक बायोमास से बायो-बिटुमेन- खेतों के अवशेष से सड़कों तक के बड़े पैमाने पर औद्योगिक उपयोग के लिए तकनीक का हस्तांतरण किया।

सीएसआईआर में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह, सीएसआईआर की महानिदेशक एन. कलाईसेल्वी तथा विभिन्न मंत्रालयों, सीएसआईआर संस्थानों, उद्योग और नीति-निर्माताओं के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। शिवराज सिंह चौहान ने बायो-बिटुमेन तकनीक को ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी कदम बताते हुए कहा कि यह तकनीक कृषि को बुनियादी ढांचे और नवाचार को जोड़ता है। यह तकनीक भारत के जलवायु लक्ष्यों, नेट ज़ीरो प्रतिबद्धताओं, आत्मनिर्भर भारत, राष्ट्रीय बायो-ऊर्जा मिशन और सर्कुलर इकोनॉमी जैसी पहलों के अनुरूप है। इसके उपयोग से किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर मिलेंगे और पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण में कमी आएगी। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि यह पहल भारत की आत्मनिर्भरता, स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण और ÷वेस्ट टू वेल्थ÷ की सोच को दर्शाती है। यह तकनीक कृषि, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों के बीच प्रभावी समन्वय का उदाहरण है, जिसमें सार्वजनिक-निजी भागीदारी का महत्वपूर्ण योगदान है। इस अवसर पर सीएसआईआर की महानिदेशक एन कलाइसेल्वी ने कहा कि यह विकास पेट्रोलियम-आधारित सामग्री से जैव-आधारित सामग्री की ओर एक बड़ा बदलाव है और यह संस्थान देश के विकास के लिए नई तकनीकों को आगे बढ़ाता रहेगा। यह तकनीक सीएसआईआर-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान और सीएसआईआर-भारतीय पेट्रोलियम संस्थान द्वारा विकसित की गई है। इसमें कृषि अवशेषों और बायोमास को थर्मो-केमिकल प्रक्रिया से परिवर्तित कर पर्यावरण-अनुकूल बायो-बिटुमेन बनाया जाता है।

संघर्ष | ईरान युद्ध में बढ़ा अमेरिकी दबाव

# मिडिल ईस्ट में 50 हजार से अधिक सैनिक तैनात

**एजेंसी, (वॉशिंगटन/तेहरान)।** अमेरिका-ईरान के बीच जारी युद्ध अब और निर्णायक मोड़ की ओर बढ़ता नजर आ रहा है। एक महीने से जारी इस संघर्ष में न तो तेहरान झुकने के संकेत दे रहा है और न ही वॉशिंगटन अपने रुख में नरमी दिखा रहा है। इस बीच, मध्य पूर्व में अमेरिकी सैन्य मौजूदगी तेजी से बढ़ गई है, जिससे क्षेत्र में तनाव और गहरा गया है।

अमेरिकी सैन्य जमावड़ा बढ़ारिपोर्ट्स के मुताबिक, इस समय मध्य पूर्व में 50 हजार से अधिक अमेरिकी सैनिक तैनात हैं, जो सामान्य समय के मुकाबले लगभग 10 हजार अधिक हैं। हाल ही में 2500 मरीन और 2500 नौसैनिकों की अतिरिक्त तैनाती के बाद अमेरिका ने अपनी सैन्य घेराबंदी और मजबूत कर ली है। इसके अलावा, 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के करीब 2000 पैराट्रूपर्स को भी ऐसे स्थानों पर तैनात किया गया



है, जहां से वे किसी भी समय ऑपरेशन के लिए तैयार रह सकते हैं। यह तैनाती इस बात का संकेत मानी जा रही है कि अमेरिका आने वाले दिनों में बड़े सैन्य कदम उठा सकता है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप प्रशासन ईरान के कुछ रणनीतिक द्वीपों पर कब्जा करने जैसे विकल्पों पर विचार कर रहा है। इनमें सबसे अहम नाम खार्ग द्वीप का है, जो ईरान के तेल निर्यात का मुख्य केंद्र है। फारस की खाड़ी में स्थित इस द्वीप से ईरान का लगभग 90 प्रतिशत तेल निर्यात होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस द्वीप पर नियंत्रण स्थापित करने से ईरान की अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर पड़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में कहा कि वह ईरान के तेल संसाधनों पर नियंत्रण चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के पास इसके लिए कई विकल्प मौजूद हैं और खार्ग द्वीप पर कब्जा करना भी उनमें से एक हो सकता है। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि इस द्वीप की सुरक्षा बहुत मजबूत नहीं है और अमेरिका इसे आसानी से अपने नियंत्रण में ले सकता है। हालांकि, उन्होंने यह भी संकेत दिया कि युद्ध खत्म करने के लिए समझौते की संभावना बनी हुई है, लेकिन यदि ईरान ने अमेरिकी प्रस्ताव नहीं माना तो परिणाम गंभीर हो सकते हैं। अमेरिकी सेना अब तक ईरान के 90 से अधिक सैन्य और सामरिक ठिकानों को निशाना बना चुकी है। इन हमलों में खास तौर पर तेल निर्यात से जुड़े ठिकानों और सैन्य प्रतिष्ठानों को टारगेट किया गया है। खार्ग द्वीप पर भी बमबारी की खबरें सामने आई हैं, जिससे ईरान के ऊर्जा ढांचे पर दबाव बढ़ा है। दुनिया के करीब 20 प्रतिशत तेल की आपूर्ति होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरती है। ईरानी हमलों के चलते यह मार्ग काफी हद तक बाधित हो गया है, जिससे वैश्विक तेल बाजार में अस्थिरता बढ़ी है। अमेरिका इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को फिर से सुरक्षित करने के लिए सैन्य विकल्पों पर विचार कर रहा है।

# सीमा पर एसएसबी का प्रहार : तस्करों के मंसूबे चकनाचूर, लाखों का माल जब्त

- एसएसबी ने जब्त माल को कस्टम विभाग को सौंपा



**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी के काले खेल पर ऐसा करारा वार किया है कि तस्करों की कमर ही टूट गई। बहराइच के सीमावर्ती इलाके में तड़के चलाए गए इस जबरदस्त ऑपरेशन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सीमा पर अब कानून से बच निकलना आसान नहीं रहा। पुख्ता खुफिया सूचना मिलते ही एसएसबी के जवानों ने रात के अंधेरे में ही शिकंजा कस दिया। जैसे ही तस्कर नेपाल की ओर से अवैध माल से लदी साइकिलों के साथ भारतीय सीमा में घुसने लगे, घात लगाए बैठे जवानों ने उन्हें ललकार दिया। अचानक हुए इस प्रहार से तस्करों में भगदड़ मच गई–अपनी जान बचाने के लिए वे लाखों का माल और साइकिलें वहीं छोड़कर अंधेरे में भाग खड़े हुए। मौके से बरामद हुआ तस्करी का जखीरा चौंकाने वाला है– 148 बोरे (करीब 3552 किलो) अखरोट और 25 साइकिलें, जिनकी कुल कीमत लगभग 7.96 लाख रुपये आंकी गई है। यह साफ संकेत है कि तस्कर बड़े नेटवर्क के तहत सीमा पार अवैध कारोबार को अंजाम देने की फिराक में थे। हालांकि तस्कर इस बार गिरफ्त से बच निकले।

लेकिन उनकी यह हार साफ दिखाती है कि अब उनके हर कदम पर सुरक्षा बलों की कड़ी नजर है।

# पयागपुर सीएचसी में 15 मरीजों को एमएमडीपी किट वितरित

- हाथीपांव मरीजों को मिली राहत की किट
- पेंशन व इलाज से जोड़ने की पहल



**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

जिले में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत हाथीपांव से प्रभावित 480 मरीजों को एमएमडीपी किट उपलब्ध कराई जानी है, जिनमें से अब तक 144 मरीजों को किट देकर प्रशिक्षित किया जा चुका है। इसी क्रम में सोमवार को पयागपुर सीएचसी पर 15 मरीजों को एमएमडीपी किट वितरित की गई। साथ ही मरीजों का ऑनलाइन पंजीकरण कर उन्हें सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया भी शुरू की गई। फाइलेरिया निरीक्षक विमल कुमार एवं डीसी-पाथ अभिषेक जायसवाल ने मरीजों को प्रभावित अंगों की नियमित सफाई, सूजन नियंत्रण और संक्रमण से बचाव के लिए सेल्फ-केयर की जानकारी दी। किट में टब, साबुन व तौलिया जैसी सामग्री दी गई है, जिससे मरीज घर पर ही नियमित देखभाल कर सकें। फाइलेरिया निरीक्षक ने बताया कि फखरपुर, कैसरगंज, तेजवापुर, शिवपुर और विशेश्वरगंज ब्लॉकों में भी जल्द ही विशेष शिविर आयोजित कर पात्र मरीजों को एमएमडीपी किट वितरित की जाएगी। सीएचसी अधीक्षक डॉ. धीरेन्द्र तिवारी ने बताया कि फाइलेरिया क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है और इसके लक्षण कई बार 5 से 15 वर्षों बाद दिखाई देते हैं। बचाव के लिए समय-समय पर एमडीए अभियान चलाकर दवा खिलाई जाती है तथा मरीजों को एमएमडीपी कैंप के माध्यम से देखभाल के तरीके सिखाए जाते हैं। बीपीएम अनुपम शुक्ल ने बताया कि गंभीर रूप से प्रभावित मरीजों को चिन्हित कर उनका पंजीकरण कराया जा रहा है, ताकि उन्हें दिव्यांग पेंशन, यूडीआईडी कार्ड और आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल सके। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक पवन कुमार, आशा कार्यकर्ता व लाभार्थी मौजूद रहे।

**क्या है एमएमडीपी किट**

-हाथीपांव मरीजों को निःशुल्क दी जाती है।

-प्रभावित अंगों की रोजाना सफाई में सहायक।

-सूजन, घाव व बुखार जैसी जटिलताओं में कमी।

-मरीजों को सेल्फ-केयर का प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

# पृथक कूड़ा केंद्र बना उपले बनाने का ठिकाना

## लाखों की लागत पर उठे सवाल, जांच शुरू





**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जनपद के शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र में सरकार की स्वच्छता से जुड़ी योजनाओं की जमीनी हकीकत एक बार फिर सवालों के घेरे में है।एकघरा ग्राम पंचायत में गांव के कूड़े के वैज्ञानिक निस्तारण के उद्देश्य से करीब 4 लाख 25 हजार रुपये की लागत से बनाए गए पृथक कूड़ा केंद्र की हालत बदहाल है। यह केंद्र अपने मूल उद्देश्य से भटककर अब कुछ लोगों के लिए उपले (कंडे) बनाने का स्थान बन गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, निर्माण के बाद से ही इस केंद्र का संचालन सरकारी मानकों के अनुरूप नहीं किया गया। न तो यहां कूड़े के पृथक्करण की व्यवस्था है और न ही नियमित साफ-सफाई की कोई व्यवस्था दिखाई देती है। केंद्र के अंदर का फर्श और दीवारें भी क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। इतना ही नहीं, केंद्र पर लगाया गया मुख्य गेट भी गायब है, जिससे इसकी सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है और जिम्मेदार अधिकारी समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया। उनका कहना है कि यदि सही तरीके से निगरानी होती, तो यह केंद्र गांव की स्वच्छता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता था। इस मामले में सहायक विकास अधिकारी पंचायत राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और संबंधित जिम्मेदारों को नोटिस जारी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल यह मामला प्रशासनिक जांच के दायरे में है और अब देखना यह होगा कि जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई होती है और क्या यह केंद्र अपने वास्तविक उद्देश्य के अनुरूप फिर से संचालित हो पाता है या नहीं।

# बस-बाइक की टक्कर में युवक की मौत, दो गंभीर घायल

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के बौंडी थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार निजी बस ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना बौंडी इलाके के सेमगढ़ा चौराहे पर हुई। टक्कर मारने के बाद बस चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान नवीन प्रताप सिंह के रूप में हुई है। हादसे में जय सिंह और एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सूचना मिलने पर बौंडी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार तीन की मौत

- टायर फटने से अनियंत्रित पिकअप बाइक पर पलटी



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के नानपारा कोतवाली इलाके में देर शाम एक तेज रफ्तार पिकअप का टायर फटने से वह अनियंत्रित हो गई। वाहन अनियंत्रित होकर एक बाइक पर पलट गया, जिससे बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। वहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया। यह हादसा रात करीब 8 बजे झाड़ा बसहरी गांव के पास हुआ। पिकअप फखरपुर से शादी का सामान लेकर नेपाल जा रही थी, तभी अचानक उसका टायर फट गया। इसके बाद पिकअप अनियंत्रित होकर सामने से आ रही बाइक से टकरा गई। हादसे में ग्राम जूड़ा निवासी मनीष कुमार (35), रुपईडीहा के गंगाभागड़ गांव निवासी बरसाती (45) और नई बस्ती गांव निवासी शिवा (12) की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों आपस में रिश्तेदार थे और नानपारा क्षेत्र के जूड़ा गांव में रहकर सब्जी का कारोबार करते थे। वे बाबागंज के साप्ताहिक बाजार से लौट रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह और क्षेत्राधिकारी पवन सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है। मामले में आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### निर्वाचन की ड्यूटी न करने पर दो सफाई कर्मी निलंबित, तीन को नोटिस

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जिला पंचायत राज अधिकारी लाल जी दुबे ने निर्वाचन की ड्यूटी न करने पर दो सफाई कर्मचारी गणेश कुमार गुप्ता और बजरंगी प्रसाद को निम्बित कर दिया है। हलधरमऊ विकास खंड के राजस्व ग्राम हलधरमऊ में तैनात मुन्नू बाल्मिक झझरी विकास खंड के राजस्व ग्राम लक्ष्मनपुर जाट में तैनात अजय कश्यप रूपइ डीह विकास खंड के राजस्व ग्राम रुक्मगतपुर में तैनात महेश कुमार गुप्ता का माह मार्च का वेतन रोकते हुए नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा हैं। जिला निर्चाचन अधिकारी के आदेश पर कलेक्ट्रेट परिषर में स्थित ई वी एम एवं वी वी पैट वेयर हाउस में भंडारित एक्सपायर अनुपयोगी ई वी एम वी वी पैट बैटरियों पावर पैक्स को एक स्थान पर एकत्रित किया जाने के लिए विकास खंड रूपई डीह के राजस्व ग्राम देवरिया खाम में तैनात सफाई कर्मी गणेश कुमार गुप्ता झझरी विकास खंड के राजस्व ग्राम के कलंदर पुर चौबे में तैनात सफाई कर्मी बजरंगी प्रसाद की ड्यूटी बीते 27 मार्च को जिला पंचायत राज अधिकारी ने लगाई थी। दोनो सफाई कर्मचारी लापरवाही करते हुए निर्वाचन की ड्यूटी पर नहीं गए थे।जिस को लेकर दो को निलंबित कर के ब्लाक से संबद्ध कर दिया है।

### अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित, 221 अभ्यर्थी सफल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026-27 का परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षा के आधार पर कक्षा-06 एवं कक्षा-09 में कुल 221 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है। जारी परिणाम के अनुसार कक्षा-06 में कुल 160 सीटों (80 बालक एवं 80 बालिका) के सापेक्ष 160 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। वहीं कक्षा-09 में 61 सीटों (31 बालक एवं 30 बालिका) के सापेक्ष 61 अभ्यर्थी सफल हुए हैं। चयनित अभ्यर्थियों की सूची श्रेणीवार जारी की गई है, जिसमें अनारक्षित, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी शामिल हैं। उपश्रमायुक्त द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कक्षा-06 के चयनित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 1 एवं 2 अप्रैल 2026 को तथा कक्षा-09 के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 4 एवं 6 अप्रैल 2026 को आयोजित की जाएगी। काउंसिलिंग का आयोजन अटल आवासीय विद्यालय, सिसवा, मनकापुर (गोण्डा) परिसर में प्रातः 9 बजे से अपराह्न 2 बजे तक किया जाएगा। उपश्रमायुक्त ने स्पष्ट किया है कि चयनित अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग के समय सभी आवश्यक अभिलेख मूल रूप में प्रस्तुत करने होंगे। अभिलेखों के सत्यापन के उपरांत ही प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। यदि किसी भी स्तर पर अभिलेखों में त्रुटि पाई जाती है, तो संबंधित अभ्यर्थी का प्रवेश निरस्त किया जा सकता है। उपश्रमायुक्त अनुभव वर्मा ने सभी चयनित अभ्यर्थियों एवं अभिभावकों से निर्धारित तिथियों पर समय से उपस्थित होकर काउंसिलिंग प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है।

### खाटू श्याम भजनों पर झूमे श्रद्धालु



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** बेलसर ब्लॉक क्षेत्र के माधवपुर ग्राम पंचायत में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से दूसरा खाटू श्याम जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रेम नारायण पांडेय उपस्थित रहे। जागरण के दौरान बंकू सिस्टर द्वारा प्रस्तुत खाटू श्याम के भजनों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। उनके भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते और नाचते नजर आए। कार्यक्रम में श्रीगणेश, श्रीराम-हनुमान और राधा-कृष्ण की झांकी सजाई गई,जिसने सभी का मनमोह लिया। दद्दा ओझा, आशीष तिवारी,अमित ,बब्लू ओझा, जेपी ओझा ने अतिथियों का गमक्षा देकर सम्मानित किया। इस दौरान विजय बहादुर तिवारी, कुलदीप मिश्रा,भैरव पांडेय,राजू सिंह,जिपं सदस्य रविन्द्र पांडेय,अनुपम शुक्ल,अतुल शुक्ला, कौशलेंद्र दत्त राम पांडेय, राजीव मौर्य सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# यूपीपीएससी में अविनाश पाण्डेय को मिली 11वीं रैंक

## अविनाश बनें असिस्टेंट कमिश्नर (इंडस्ट्रीज)



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जनपद के विशेश्वरगंज विकास खंड स्थित बड़ानिजाम ग्राम पंचायत निवासी अविनाश पाण्डेय ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 11वीं रैंक हासिल की है। उन्हें असिस्टेंट कमिश्नर (इंडस्ट्रीज) के पद पर चयनित किया गया है। अविनाश पाण्डेय की इस उपलब्धि की सूचना मिलने पर उनके गांव और शहर में हर्ष का माहौल है। परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी।अविनाश पाण्डेय ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा बहराइच के बैरोज ब्लूबेल्स स्कूल से प्राप्त की। उन्होंने लखनऊ से उच्च माध्यमिक शिक्षा पूरी करने के बाद पंजाब यूनिवर्सिटी से इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बी.टेक की डिग्री हासिल की। स्नातक के उपरांत, उन्होंने पंजाब के बठिंडा में हिंदुस्तान पेट्रोलियम (HPCL) में 18 माह तक कार्य किया। वर्ष 2022 में, कोविड-19 महामारी के बाद, उन्होंने सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी आरंभ की। वर्ष 2023 में, अविनाश ने यूपीएससी की EPFO परीक्षा उत्तीर्ण की और श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत अकाउंट्स ऑफिसर के पद पर कार्यभार संभाला। इसके बावजूद, उन्होंने अपनी तैयारी जारी रखी और अब UPPSC में 11वीं रैंक प्राप्त की है। अविनाश पाण्डेय ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता ओम प्रकाश पाण्डेय, पत्नी शिप्रा पाण्डेय और शिक्षिका स्नेहलता बैरो को दिया है। उन्होंने कहा कि उनके सहयोग, आशीर्वाद और मार्गदर्शन के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी।

# जिले में पहली बार वेब सीरीज की शूटिंग, आकांक्षी जिले को मिल रही नई पहचान




**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** आकांक्षी जनपद के लिए यह एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण अवसर है कि यहां पहली बार वेब सीरीज Desi Teenagers की शूटिंग शुरू हुई है। यह शूटिंग शहर के प्रतिष्ठित मून एंड सन स्कूल परिसर में की जा रही है, जिससे जिले को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। यह वेब सीरीज देश के प्रमुख डिजिटल प्लेटफॉर्म जिओ हॉटस्टार के लिए तैयार की जा रही है, जिसका निर्माण मुंबई के प्रसिद्ध प्रोडक्शन हाउस स्काई लिमिट एंटरटेनमेंट फिल्म वेब सीरीज प्रोडक्शन हाउस द्वारा किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट से जुड़े प्रमुख सदस्यों में प्रोड्यूसर आदिश कुमार एवं सुमन मिश्रा,डायरेक्टर मिलिन सिंह,डीओपी मुजाहिद खान शामिल हैं। विशेष रूप से लाइन प्रोड्यूसर गौरव शर्मा (संगठन मंत्री, संस्कार भारती) एवं को-लाइन प्रोड्यूसर जसवीर सिंह (महामंत्री, संस्कार भारती बहराइच) की इस पूरे प्रोजेक्ट को बहराइच तक लाने में अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही है। इनके सतत प्रयास, समन्वय एवं सक्रिय पहल के कारण ही यह संभव हो पाया कि पहली बार किसी बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म की वेब सीरीज की शूटिंग बहराइच में हो रही है। यह दोनों ही स्थानीय स्तर पर कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं और उनकी यह पहल जिले के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है। इसके साथ ही मेकअप आर्टिस्ट राहुल खारवा तथा राइटर बिक्की क्षेत्री भी इस प्रोजेक्ट का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वेब सीरीज में अभिनय करने वाले कलाकारों में प्रसिद्ध चाइल्ड आर्टिस्ट यशस्वी कुमार एवं यशस्व कुमार,साउथ एक्ट्रेस सूफिया तनवीर,लक्की यादव, देवेंद्र सुतार, जयंती मनहार, मोनिका रानो, लता राही, सीनियर एक्टर विजय प्रकाश मिश्रा (तेनु वेड्स मेनू), यश शुक्ला, उत्कर्ष त्रिपाठी एवं वरिष्ठ रंगकर्मी चंद्रभानु मिश्र प्रमुख रूप से शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि स्काई लिमिट एंटरटेनमेंट फिल्म वेब सीरीज प्रोडक्शन हाउस ने इससे पहले कई लोकप्रिय टीवी धारावाहिकों एवं वेब सीरीज में कार्य किया है, जिनमें क्राइम पेट्रोल, सावधान इंडिया, क्राइम अलर्ट और प्यार हो गया, ये रिश्ता क्या कहलाता है, जैसी चर्चित प्रस्तुतियां शामिल हैं।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत एलबीएस कालेज में चलाया जागरूकता अभियान



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि शहर के एल बी एस कालेज में रोजगार मेले का आयोजन हुआ था। इस मेले में एंटी रोमियो टीम के उपनिरीक्षक पूजा वर्मा महिला आरक्षी शिवानी दीक्षित आरक्षी नीलम सिंह ने महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति हो रहे अपराध छेड़छाड़ शोषण, दहेज उत्पीड़न, बाल अपराध, एसिड अटैक की रोकथाम के संबंध में मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत शासन द्वारा प्रत्येक थाने पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सरकार द्वारा संचालित आपातकालीन सहायता महिला हेल्पलाइन महिला हेल्पलाइन सहायता घरेलू हिंसा साइबर हेल्पलाइन नंबर की जानकी दी गई । आवश्यकता पड़ने पर तुरंत सहायता प्राप्त करने के लिए किया जा सकता है। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन एवं योजनाओं से संबंधित पम्पलेट वितरित कर छोटे बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में जानकारी दी गई और स्कूल न जाने वाले बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए जागरूक किया गया । साथ ही महिलाओं एवं बच्चियों को साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने के साथ ही अज्ञात कॉल या संदेशों पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने, बैंकिंग और डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव करने, सोशल मीडिया पर गोपनीयता बनाए रखने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने पर जोर दिया गया। राज्य सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान पांच के तहत केवल महिला सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं और बालिकाओं को आर्थिक, सामाजिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाने का उद्देश्य भी रखता है।

इससे वे हर परिस्थिति में अपने अधिकारों की रक्षा कर सकें और आत्मनिर्भर बनें तथा सभी को सुरक्षा और आत्मरक्षा के महत्व पर जोर देते हुए उन्हें जागरूक किया।

# पुलिस ने जन औषधि में चोरी करने वाले को भेजा जेल

**झझरी/गोंडा समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली के प्रभारी विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि अपूर्व टंडन पुत्र अनूप टंडन निवासी नैयर कालोनी, कि बीते 17 फरवरी को रात्रि में अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी जन औषधि केंद्र महिला अस्पताल परिसर का ताला तोड़कर कुछ रुपये चोरी कर लिये गए है। जिस का मुकदमा नगर कोतवाली में दर्ज किया गया था। सोमवार के दिन कोतवाली नगर की पुलिस ने चोरी करने वाले अनिल तिवारी पुत्र अंजनी तिवारी निवासी मौजा कंछर थाना विशेश्वरगंज जनपद बहराइच को रेलवे स्टेशन गोण्डा के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1350 रुपया बरामद कर लिया गया।

# 32 वर्षों की सेवा के बाद प्रधानाध्यापक तजम्मुल हसन को भावभीनी विदाई




**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला ब्लॉक क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय पिपराराम में प्रधानाध्यापक तजम्मुल हसन के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिवार द्वारा एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उनके दीर्घकालीन सेवाकाल को याद करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभारी प्रधानाध्यापक मुश्ताक अहमद खान द्वारा माल्यार्पण कर की गई। इसके पश्चात विद्यालय की शिक्षिकाओं एवं शिक्षकों नफीस फातिमा, सरिता विश्वकर्मा, इरम जेहरा, नंदलाल, रिंका देवी, प्रवीण कुमार पटेल एवं राकेश तिवारी ने सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक को अंगवस्त्र, धार्मिक पुस्तक एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक मुश्ताक अहमद खान ने कहा कि एक शिक्षक कभी वास्तव में सेवानिवृत्त नहीं होता, बल्कि वह अपने अनुभवों के साथ समाज को दिशा देने की नई पारी की शुरुआत करता है। उन्होंने तजम्मुल हसन के 32 वर्षों के उत्कृष्ट एवं समर्पित सेवाकाल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने विकास खंड के विभिन्न विद्यालयों में कार्य करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विदाई समारोह के दौरान वक्ताओं ने बताया कि तजम्मुल हसन ने अपने कार्यकाल में विकास खंड के आठ विद्यालयों में अपनी सेवाएं देते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रयासरत रहे।

# नवआरंभ उत्सव में निपुण छात्रों का सम्मान सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन



**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)।** विकास खंड उतरौला के परिषदीय विद्यालय अमया (द्वितीय) में सोमवार को नवआरंभ/वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। पूरे विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया, जिससे उत्सव का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के दौरान निपुण छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। साथ ही अभिभावकों को बालवाटिका की गतिविधियों, लर्निंग कॉर्नर, स्टेशनरी, खेल सामग्री एवं बच्चों के बैठने की समुचित व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। गीत, नृत्य एवं अन्य गतिविधियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत करने और छोटे बच्चों के विद्यालय में प्रवेश को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य 6 वर्ष तक के बच्चों के नामांकन को बढ़ाना और अभिभावकों को प्रारंभिक शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार का यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत प्रारंभिक शिक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस नीति के अंतर्गत वर्ष 2030 तक सभी बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मजबूत प्रारंभिक शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव तैयार करती है और 'नवआरंभ उत्सव' इस दिशा में एक सार्थक पहल साबित हो रहा है। कार्यक्रम में आरती, मोहम्मद अयूब, असद फातिमा, कुसमा देवी, पूजा देवी, शर्मावती, मीना देवी, उर्मिला देवी, सुभाष कुमार, पुष्पा देवी, नजमा बानो सहित अनेक अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ, जिसमें सभी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आज सभी छात्रों को समय पर छात्रवृत्ति दी जा रही : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा, सपा सरकार में एससी,एसटी बच्चों को छात्रवृत्ति नहीं दी गई। छात्रवृत्ति के पैसे को दूसरे कार्यों में डायवर्ट कर दिया गया। जिन्हें मिलती थी, उनका आधा पैसा सपा के लोग डकार जाते थे। 2017 में हमारी सरकार सत्ता में आई तो सपा के कार्यकाल वाली छात्रवृत्ति भी देनी पड़ी। आज सभी छात्रों को समय पर छात्रवृत्ति दी जा रही है।

सीएम ने लखनऊ में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हॉल में कक्षा 9 व 10 के साथ-साथ दशमोत्तर स्तर के कुल 27,99,982 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति यानी स्कॉलरशिप दी। 3,350 करोड़ रुपए सीधे उनके खाते



**स्कॉलरशिप मंजिल नहीं, परिश्रम आपकी मंजिल है : सीएम**

में ट्रांसफर की गई। 33,334 गरीब परिवारों के आश्रित सदस्यों को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत 100 करोड़ रुपए की मदद भी दी गई। ये स्कॉलरशिप आपकी मंजिल नहीं है। परिश्रम आपकी मंजिल है। स्कॉलरशिप के पैसे का दुरुपयोग मत करना। आपको सपोर्ट करने और आगे बढ़ने के लिए एक प्लेटफार्म दिया गया है। सीएम योगी ने कहा कि अभ्युदय कोचिंग को हर जिले में वर्चुअल और फिजिकल चालू करना चाहिए। समाज कल्याण विभाग को और काम करने की जरूरत है, ताकि यूपीएससी, एनडीए, सीडीएस, आईआईटी आदि की तैयारी हो सके। जो हमारे नए अधिकारी चयन होकर आते हैं, उन्हें एक घंटे हर जिले में इस कोचिंग में पढ़ाना चाहिए। अब योजनाओं को भ्रष्टाचार नहीं हो सकतारू तकनीकि का यही लाभ है कि सीधे हमने लाभार्थी के खाते में पैसा भेज दिया। इससे किसी तरह की दलाली नहीं हो सकती।

### सीएम ने अभिभावकों व विद्यार्थियों के नाम लिखा पत्र, दिया खास संदेश

सीएम योगी ने नए शैक्षणिक सत्र के अवसर पर प्रदेश के विद्यार्थियों और अभिभावकों के नाम एक प्रेरणादायक पत्र जारी किया है। योगी की पाती शीर्षक से जारी इस संदेश में उन्होंने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा, संस्कार और समग्र विकास पर विशेष जोर दिया है। सीएम ने अपने संदेश में कहा कि नया शैक्षणिक सत्र नई उम्मीदों और अवसरों के साथ शुरू हो रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और विद्यालय की अन्य गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण और संस्कारयुक्त शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपने संदेश में भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बच्चों को कर्तव्यनिष्ठ और सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी। साथ ही स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों को जीवन में उतारने की सलाह दी। सीमए ने बच्चों को तकनीक का सही उपयोग करने, स्क्रीन टाइम कम करने और खेलकूद व योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही सफलता की कुंजी हैं। अभिभावकों को संबोधित करते हुए सीएम ने अपील की कि वे अपने बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ आसपास के उन बच्चों को भी स्कूल तक पहुंचाने का संकल्प लें, जो किसी कारणवश शिक्षा से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं की जानकारी के अभाव में कई बच्चे विद्यालय नहीं जा पाते, ऐसे में समाज को आगे आकर जागरूकता फैलानी चाहिए। सीएम ने जानकारी दी कि 1 अप्रैल 2026 से 15 अप्रैल 2026 तक स्कूल चलो अभियान चलाया जाएगा, जिसका उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ना है। उन्होंने विश्वास जताया कि जब हर बच्चा पढ़ेगा और आगे बढ़ेगा, तभी विकसित उत्तर प्रदेश का लक्ष्य पूरा होगा।

# जनसेवा मेरा संकल्प, जनता की मुस्कान ही मेरी असली पूंजी : केशव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज अपने सरकारी आवास, 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए सैकड़ों लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जन-समस्याओं का निस्तारण त्वरित गति और पूरी संवेदनशीलता के साथ सुनिश्चित किया जाए।



लोगों से संवाद करते हुए उपमुख्यमंत्री अत्यंत भावुक नजर आए। उन्होंने कहा मैं स्वयं एक गरीब परिवार से निकलकर यहाँ तक पहुँचा हूँ। गरीबी और अभाव का दर्द क्या होता है, इसे मैंने जिया है। इसीलिए जब प्रदेश के दूर-दराज के इलाकों से मेरे भाई-बहन अपनी परेशानियाँ लेकर मेरे पास आते हैं, तो मुझे उनमें अपना परिवार नजर आता है। मैं औपचारिकता के लिए नहीं, बल्कि पूरे मन से जनसेवा करता हूँ। उन्होंने कहा, जब किसी पीड़ित का काम हो जाता है और वह उस खुशी को साझा करने मेरे पास आता है, तो मेरा मन उत्साह से भर जाता है। जनता के चेहरे की वह मुस्कान ही मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि जनहित के कार्यों में लापरवाही या भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आज के जनता दर्शन में मुख्य रूप से भूमि विवाद, चिकित्सा सहायता, आवास आवंटन और पुलिस प्रशासन से संबंधित मामले आए। उप मुख्यमंत्री ने मौके पर ही संबंधित जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को फोन कर समस्याओं के समयबद्ध निस्तारण के आदेश दिए।

## खबरें एक नजर में

### स्टेशन पर सो रही मां की गोद से बेटा चोरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ स्टेशन पर सो रही एक मां की गोद से बेटा चोरी हो गया। वह पति से झगड़ा करके अमेठी से अपने 3 छोटे बेटों को लेकर लखनऊ आई थी। यहां रात में स्टेशन पर सो गई। सुबह जागी तो उसका एक बेटा वहां पर नहीं मिला। पूरा मामला 22 फरवरी 2026 का है। पति ने चारबाग जीआरपी में 30 मार्च को शिकायत दी है। इससे पहले अमेठी के थाना सुल्तान वारिसगंज में शिकायत दी थी। अमेठी के अर्जुननगर गांव निवासी धर्मेंद्र के अनुसार, 22 फरवरी को पत्नी से कहासुनी हो गई थी। वह तीनों बेटों को लेकर कहीं चली गई। इसकी सूचना थाने में दी तो पत्नी 3 दिन बाद 25 फरवरी को घर लौट आई। उसके साथ दो बेटे थे लेकिन छोटा बेटा उस्मान (5) नहीं था। पूछने पर उसने बताया कि बेटा सोते समय स्टेशन से कहीं लापता हो गया। पत्नी के अनुसार, वह लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-6 (छोटी लाइन) पर रात में सो गई थी। सुबह जब नींद खुली तो छोटा बेटा वहां नहीं था। काफी तलाश के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद पिता ने जीआरपी चारबाग में शिकायत दर्ज कराई थी। जीआरपी ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### आयुर्वेद स्टाफ नर्स चयनित अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में आयुर्वेद स्टाफनर्स चयनित अभ्यर्थियों ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया। नियुक्ति पत्र की मांग को लेकर अभ्यर्थी पहले डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के आवास पहुंचे। उसके बाद प्रदर्शनकारियों ने भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय का रुख किया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि 2023 में भर्ती निकली थी। जिसके बाद लगातार नौकरी के लिए भटक रहे हैं। चयनित अभ्यर्थियों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) द्वारा जनवरी 2023 में (स्टाफनर्स आयुर्वेद) की भर्ती निकली। मुख्य परीक्षा 23 फरवरी 2025 को आयोजित की गई। अंतिम परिणाम आयोग द्वारा 4 जुलाई 2025 को अंतिम चयन सूची जारी कर दी गई थी। 15-17 जुलाई 2025 को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन हुआ। उसके बाद शारीरिक परीक्षण 23 दिसम्बर और 30 दिसम्बर 2025 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा किया गया। भर्ती की सभी प्रक्रिया पूरी होने के 8 महीने बाद भी अभी तक नौकरी नहीं मिली। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लंबे समय से नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे अभ्यर्थियों को आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश के आयुष अस्पतालों में स्टाफनर्सों की कमी के बावजूद इस महत्वपूर्ण भर्ती प्रक्रिया में हो रही देरी जनहित में भी उचित नहीं है। मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री समेत तमाम अधिकारियों के दफ्तर और आवास के चक्कर काट रहे हैं। मगर कही कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### सड़क हादसे में प्लाई बोर्ड कंपनी के मैनेजर की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के काकोरी इलाके में अज्ञात वाहन की टक्कर से प्लाई बोर्ड कंपनी के मैनेजर की मौत हो गई। मैनेजर ड्यूटी खत्म करके अपने घर जा रहे थे। तभी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। सोमवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सैफलपुर मलिहाबाद निवासी संदीप यादव (26) पुत्र फूलचंद आलमबाग स्थित श्री श्याम प्लाई बोर्ड कंपनी में मैनेजर थे। शनिवार रात ड्यूटी के बाद अपने घर जा रहे थे। आगरा एक्सप्रेसवे टोल प्लाजा के सर्विस लेन के पास पहुंचे थे। तभी करीब 11 बजे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। बाइक पर दो लोग सवार थे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। वहां संदीप की सोमवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। दूसरे युवक का जबड़ा टूट गया, जिसका इलाज चल रहा है। संदीप के परिवार में माता-पिता और चार भाई हैं, संदीप तीसरे नंबर पर था। घटना के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मामले में पुलिस का कहना है पोस्टमॉर्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। आगे की कार्रवाई संबंधित थाने को दी जाएगी।

### ज्ञानदान युगधर्म है जो सबको करना चाहिए : उमानन्द

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गायत्री ज्ञान मंदिर के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत गौतम बुद्ध डिग्री कॉलेज, बिजनौर रोड, निकट सीआरपीएफ कैम्प, लखनऊ के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं.श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 460वाँ ऋषि वाङ्मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सुश्री चाँदनी शर्मा ने अपने सुखी, निरोगी जीवन एवं उज्ज्वल भविष्य हेतु उपरोक्त संस्थान के केन्द्रीय पुस्तकालय में युगऋषि वाङ्मय साहित्य भेंट किया तथा संकाय सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भी भेंट किया। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ज्ञानदान युगधर्म है जो सबको करना चाहिए। इस मौके पर उषा सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक (फार्मेकोलॉजी) डॉ.अमित किशोर श्रीवास्तव ने भी अपने विचार रखे तथा संस्थान की प्रधानाचार्या डॉ. रश्मि शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। वाङ्मय साहित्य स्थापना के इस अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रतिनिधि उमानंद शर्मा, देवेन्द्र सिंह, उषा सिंह, सावित्री शर्मा और संस्थान के प्रबंधक सोमिल कुशवाहा, बीएड की विभागाध्यक्ष डॉ. निधि वर्मा सहित अन्य संकाय सदस्य तथा छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

# सामुदायिक कल्याण पर केंद्रित प्रयास समाज को मजबूत बनाते हैं : बृजेश

**उपमुख्यमंत्री ने मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के सीएसआर कार्यक्रम का किया उद्घाटन**




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने सोमवार को लखनऊ में अपना सीएसआर कार्यक्रम आयोजित किया, जो वित्त वर्ष 202,27 के लिए कंपनी की 200 करोड़ की राष्ट्रीय सीएसआर प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और सामुदायिक कल्याण पर केंद्रित प्रयास समाज को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस प्रकार की पहलें व्यक्तियों के लिए अवसर सृजित करने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने में सार्थक योगदान देती हैं।

मलाबार समूह के चेयरमैन एम. पी. अहमद ने कहा कि हमारी सीएसआर पहलें समुदायों में दीर्घकालिक और संरचित प्रभाव उत्पन्न करने के उद्देश्य से डिजाइन की गई हैं। उत्तर प्रदेश में लागू किए जा रहे ये कार्यक्रम हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का अभिन्न हिस्सा हैं, और हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि इन पहलों का लाभ लाभार्थियों तक निरंतर और प्रभावी तरीके से पहुंचे।

उत्तर प्रदेश में सीएसआर पहलें शिक्षा-केन्द्रित हस्तक्षेपों पर आधारित हैं, जिनके तहत राज्य भर के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों को 1,500 शैक्षणिक छात्रवृत्तियां प्रदान की जा रही हैं। इसके साथ ही, समूह की पहल के अंतर्गत भूख उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 9 शहरों में प्रतिदिन लगभग 3,200 भोजन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, 144 माइक्रो-लर्निंग सेंटरों के माध्यम से 5,889 छात्रों को शिक्षा सहयोग दिया जा रहा है, तथा 332 पेयजल कुओं के निर्माण के माध्यम से 5,700 से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। ये सभी कार्यक्रम मलाबार चौरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से एक संरचित सामाजिक प्रभाव दृष्टिकोण के तहत संचालित किए जा रहे हैं।

मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स अपने सीएसआर ढांचे के तहत अपने शुद्ध व्यापारिक लाभ का 5ः सामाजिक पहलों पर व्यय करता है। ये कार्यक्रम ईएसजी सिद्धांतों द्वारा निर्देशित हैं और 'प्रथम' तथा 'थानल' जैसे संगठनों के सहयोग से लागू किए जाते हैं।



### लखनऊ चिड़ियाघर में आया नया मेहमान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान में सोमवार को एक नए मेहमान का आगमन हुआ। नया मेहमान एक नर तेंदुआ है। इसको लखीमपुर खीरी के ग्राम पंचायत सिंधौना के पास से दिनांक 28 मार्च को रेस्क्यू किया गया था। इस तेंदुए को फिलहाल वन्य जीव चिकित्सकों की देखरेख में आइसोलेशन में रखा गया है। इस नर तेंदुए की अनुमानित आयु 6 से 7 वर्ष की है। चिकित्सीय जांचों के पश्चात सब कुछ सामान्य होने पर ही दर्शक इस नए मेहमान का दीदार कर सकेंगे।

# उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां वापस लेने की मांग




**प्रबंधन को भेजा नोटिस, संघर्ष समिति ने जारी किया अलर्ट निर्देश**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर आज प्रदेश के समस्त जनपदों में बिजली कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों, अभियंताओं एवं संविदा कर्मियों द्वारा सभाएं आयोजित कर पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन की उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों के विरुद्ध जोरदार विरोध दर्ज कराया गया।

संघर्ष समिति ने बताया कि आज ही अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड को एक विस्तृत पत्र प्रेषित कर कर्मचारियों के उत्पीड़न से संबंधित गंभीर मुद्दों को उठाया गया है तथा सभी दमनात्मक कार्यवाहियों को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की गई है।

संघर्ष समिति ने बताया कि प्रदेशभर में आयोजित सभाओं में बिजली कर्मियों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे किसी भी प्रकार की उत्पीड़नात्मक कार्रवाई को स्वीकार नहीं करेंगे और उसके विरुद्ध संगठित, शांतिपूर्ण एवं प्रभावी ढंग से संघर्ष करेंगे। वक्ताओं ने कहा कि मा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में बिजली कर्मी लगातार प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में जुटे हुए हैं तथा उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कर रहे हैं, इसके बावजूद प्रबंधन द्वारा अपनाई जा रही दमनात्मक नीतियाँ न केवल कर्मचारियों का मनोबल गिरा रही हैं, बल्कि ऊर्जा निगमों में असंतोष का वातावरण भी पैदा कर रही हैं।संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि यदि 11 अप्रैल 2026 तक उक्त सभी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियाँ वापस नहीं ली जाती हैं, तो लखनऊ में केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक कर प्रदेशव्यापी आंदोलन का निर्णय लिया जाएगा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि 1 अप्रैल 2026 अथवा उसके बाद किसी भी कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर या अभियंता का उत्पीड़नात्मक निलंबन किया जाता है, तो उसके विरोध में तत्काल सामूहिक सत्याग्रह किया जाएगा।

संघर्ष समिति ने पुनः दोहराया कि बिजली कर्मी प्रदेश की जनता को बेहतर एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति देने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं, किन्तु निजीकरण के उद्देश्य से कर्मचारियों का उत्पीड़न किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# पुलिसवालों को चप्पल से पीटा, वर्दी फाड़ी, सिपाहियों ने भागकर बचाई जान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को महिलाओं ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। लोगों ने सिपाहियों को लाठी-डंडों से पीटा। ईंट-पत्थर चलाए। महिलाओं ने सिपाहियों की वर्दी फाड़ दी। उन्हें चप्पल से मारा। सोमवार को घटना का सीसीटीवी सामने आया।

मामले में 5 नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ शिकायत दर्ज हुई है। घटना इटौंजा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव की है। हमलावर फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।



कल्याणपुर गांव में जितेंद्र उर्फ निर्मल कनौजिया रहते हैं। पुलिस के मुताबिक, जितेंद्र ने डायल-112 को सूचना दी कि कुछ लोग गांव में अवैध कब्जा करके निर्माण कार्य करा रहे हैं। सिपाही श्रवण कुमार अपने एक साथी के साथ मौके पर पहुंचे तो जानकारी झूठी निकली। लोग अपने घर के दरवाजे पर निर्माण करा रहे थे। कोई अवैध कब्जा नहीं था। इस पर पुलिसकर्मियों ने झूठी सूचना देने पर नाराजगी जताई। इस मामले में किसी भी तरह का हस्तक्षेप करने से भी मना कर दिया। इस पर जितेंद्र और उसके पक्ष के लोग भड़क गए। उन्होंने पुलिसककर्मियों पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया।

पुलिस के अनुसार, जितेंद्र की ओर से महिलाएं भी आ गईं। उन्होंने पुलिसकर्मियों से गाली-गलौज शुरू कर दी। पुलिसकर्मियों ने उन्हें समझाने की कोशिश की तो उनकी वर्दी फाड़ दी। ईंट-पत्थर फेंके। उन्हें चप्पल से मारा। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह से अपनी जान बचाई। महिलाओं ने कहा, हम कई पुलिसकर्मियों की वर्दी उतरवा चुके हैं, तुम लोगों की भी उतरवा देंगे। इसके बाद पुलिसकर्मी थाने पहुंचे। श्रवण कुमार ने जितेंद्र, धीरज, रामस्वरूप, निर्मल सिंह उर्फ छोटू, रामदीन और भूपेंद्र सहित अन्य लोगों के खिलाफ शिकायत दी। घटना से जुड़ा 26 सेकंड का सीसीटीवी सामने आया है। फुटेज में महिलाएं पुलिसकर्मियों को पत्थर और चप्पल से मारती दिख रही हैं।

# लखनऊ की जीवन रेखा गोमती नदी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ की जीवन रेखा कही जाने वाली गोमती नदी शहर के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण जल स्रोत है। लेकिन, दुर्भाग्य से, शहर के लोग ही इस नदी को प्रदूषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

**हनुमान सेतु पर प्रदूषण की तस्वीरः-** तिरंगा महाराज हनुमान सेतु के पास गोमती नदी पर पहुंचे और वहां की हकीकत को वीडियो के माध्यम से दिखाया। वीडियो में देखा जा सकता है कि लोग गोमती नदी में पूजा पाठ का सामान, पन्नी, कचरा और पक्की मिट्टी के बर्तन आदि डाल रहे थे।



**गोमती बचाओ जीवन बचाओ अभियानः-** तिरंगा महाराज गोमती नदी संरक्षण को लेकर आवाज उठा रहे हैं। उनका कहना है कि लखनऊ के लोग ही गोमती नदी को प्रदूषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे गोमती नदी को प्रदूषित न करें और इसके संरक्षण में सहयोग करें।

### पानी की टंकियों की हो सफाई : महासमिति

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इन्दिरा नगर आवासीय महासमिति की एक आपात बैठक सेक्टर-22 इन्दिरा नगर में देवीशरण त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुयी जिसमें पानी की टंकियों की सफाई पर चर्चा हुयी।महासमिति के महासचिव सुशील कुमार 'बच्चा' ने बताया है कि गर्मी के मौसम को देखते हुए इन्दिरानगर परिक्षेत्र में बनी पानी की टंकियों की सफाई कराने तथा कीटनाशक दवा डलवाने का काम हो जिससे क्षेत्रवासियों को शुद्ध पेयजल मिले, और बीमारी से बचा जा सके। महासमिति द्वारा इस आशय का पत्र अधिशाषी अभियन्ता जोन-7 को लिखा है। बैठक में डॉ. आर.पी. सिंह, पी.के. जैन, सुभाष, नवीन, आलोक, महेश, सुनीता, उमाकान्त, सीता नेगी, कैलाश, आर.के. उमराव आदि शामिल रहे।

**शुरुआत** — गेहूं खरीद अभियान 2026 : 15 जून तक निरंतर जारी रहेगा

# शुरू हुई 6500 केंद्रों पर गेहूं की सरकारी खरीद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार ने आज से प्रदेशव्यापी गेहूं खरीद अभियान 2026 की औपचारिक शुरुआत कर दी । इस वर्ष सरकार ने किसानों के हित में खरीद लक्ष्य 30 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर सीधे 50 लाख मीट्रिक टन कर दिया है।

अभियान 15 जून तक निरंतर जारी रहेगा। इस प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रदेश भर में कुल 6500 क्रय केंद्र स्थापित करने की योजना है, जिनमें से 3574 केंद्र पूरी तरह तैयार हैं। राज्य का कोई किसान फसल बेचने से वंचित न रहे। अब तक 2.24 लाख से अधिक किसान पंजीकरण करा चुके हैं, जो इस अभियान के प्रति किसानों के उत्साह को दर्शाता है।न्यूनतम समर्थन मूल्य में भारी बढ़ोतरी और भुगतान की व्यवस्था

इस वर्ष किसानों को उनकी मेहनत का बेहतर फल देने के लिए सरकार ने गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की है। वर्तमान सत्र के लिए गेहूं का भाव 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 160 रुपये अधिक है।

मुख्यमंत्री निर्देश दिए हैं कि किसानों को उनकी उपज का दाम मिलने मे देरी नहीं होनी चाहिए। डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देते हुए भुगतान की प्रक्रिया को बेहद पारदर्शी बनाया गया है।




गेहूं खरीद के 48 घंटों के भीतर भुगतान की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से भेज दी जाएगी। इससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी और किसानों को उनकी फसल का उचित लाभ समय पर मिलेगा।क्रय केंद्रों पर सुविधाएं और संचालन का समयध्किसानों की सुविधा के लिए सभी सरकारी क्रय केंद्रों के संचालन का समय सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक तय किया गया है।

भीषण गर्मी और मौसम को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सख्त आदेश दिए हैं कि केंद्रों पर किसानों के लिए छाया, शुद्ध पेयजल और बैठने की समुचित व्यवस्था अनिवार्य रूप से होनी चाहिए।किसानों को अपनी उपज बेचने के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आठ सरकारी एजेंसियां मिलकर कार्य कर रही हैं। केंद्रों पर गेहूं की छनाई और तौल के लिए आधुनिक उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है ताकि गुणवत्ता और मानक सुनिश्चित किए जा सकें।अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे केंद्रों का औचक निरीक्षण करें और लापरवाही पर कार्रवाई करें। सरकारी केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए किसानों का पंजीकरण अनिवार्य है। बिना रजिस्ट्रेशन के कोई किसान अपनी फसल नहीं बेच पाएगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि जिन किसानों ने पंजीकरण नहीं कराया है, वे खाद्य एवं रसद विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर विवरण दर्ज करा सकते हैं।

पंजीकरण के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक और भूमि से जुड़े दस्तावेजों की आवश्यक है।

# जैन मंदिर में धूमधाम से मनाई महावीर जयंती

**महावीर जयंती पर महिलाओं ने निकाली प्रभात फेरी, भंडार में उमड़े श्रद्धालु**



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को आशियाना स्थिति श्री 1008 भगवान महावीर दिगंबर जैन मंदिर में अहिंसा और करुणा के संदेश के साथ धूमधाम से मनाई गई महावीर जयंती। अहिंसा और अपरिग्रह के प्रणेता जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव सोमवार को श्री दिगंबर जैन सेवा समिति आशियाना द्वारा अत्यंत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री दिगंबर जैन मंदिर आशियाना में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रातः काल 'प्रभात फेरी' के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसमें श्रद्धालु भगवान महावीर के जयकारों के साथ गाते बजाते जैन धर्म की ध्वजा लिए सड़कों पर निकले।

मुख्य समारोह श्री 1008 भगवान महावीर दिगंबर जैन मंदिर आशियाना में आयोजित हुआ, जहाँ विद्वान पंडित राजीव जैन शास्त्री के सानिध्य में भगवान महावीर का अभिषेक और शांतिधारा संपन्न हुई।

उपस्थित साधर्मी बंधुओ ने सामूहिक आरती एवं श्री महावीर विधान कर विश्व शांति की कामना की। इस अवसर पर समिति के मंत्री अजय जैन के साथ ही अखिलेश जैन, शरद कुमार जैन, अंकित जैन, अनूप जैन, आशीष जैन, बृजेश जैन, महिला मंडल की उपाध्यक्ष डॉ सविता जैन सांस्कृतिक मंत्री स्वीटी जैन, श्रीमती अनीता जैन, श्रीमती संगीता जैन, के साथ ही भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन सामूहिक वात्सल्य भोज (भोज) के बाद सन्मति डिपार्टमेंटल स्टोर के बाहर आम पब्लिक के लिए किए गए विशाल भंडारे के साथ हुआ।

## खबरें एक नजर में

### एक दिवसीय शिविर का सफल आयोजन




**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज की राष्ट्रीय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'मिशन शक्ति' अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के मुख्य द्वार से प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार आजाद एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरुण कुमार यादव द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना कर किया गया। रैली में सम्मिलित स्वयंसेवकों ने जागरूकता नारों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जनजागरूकता फैलायी। रैली इन्देपुर नवादा स्थित हनुमान मंदिर के पास स्थित शिविर स्थल तक पहुँची। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार आजाद ने अपने संबोधन में कहा कि मिशन शक्ति जैसे कार्यक्रम समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करते हैं।विद्यार्थियों को केवल शैक्षिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति भी सजग होना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरुण कुमार यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवाओं में सेवा, अनुशासन और सामाजिक संवेदनशीलता का विकास करना है। इस प्रकार के शिविर विद्यार्थियों को समाज के वास्तविक मुद्दों से जोड़ते हैं और उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। कार्यक्रम में प्रो. कमलेश गौतम, लेफ्टिनेंट आलोक कुमार सिंह, डॉ. शिशिर शुक्ल, डॉ. अर्चना गर्ग, डॉ. प्रतिभा, अमित कुमार, हर्ष पाराशरी सहित कॉलेज के अन्य शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी शिक्षकों ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। शिविर में अंजली शर्मा, नेहा वर्मा, पूजा सिंह, अभिषेक, आदित्य कुमार, मोहित निशु, रुद्राक्षी आदि स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता निभाकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### गुमशुदगी के 20 दिन बाद भी युवक का सुराग नहीं, पुलिस पर उठे सवाल

**खुटार (शाहजहांपुर)।** थाना क्षेत्र खुटार के गांव गेहुआ निवासी संजीव कुमार उर्फ अंकित (32) की गुमशुदगी को 20 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस कोई ठोस सुराग नहीं लगा सकी है। परिजनों के अनुसार संजीव 20 दिन पहले बिना बताए घर से निकल गए थे और वापस नहीं लौटे। उनके भाई सुधीर मिश्रा ने थाना खुटार में गुमशुदगी दर्ज कराते हुए बताया कि कई बार फोन करने के बावजूद संजीव का मोबाइल रिसीव नहीं हुआ। परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में भी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। उनका कहना है कि गुमशुदा का मोबाइल बीच-बीच में ऑन हुआ, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। मामले में पुलिस के खुफिया तंत्र और सर्विलांस व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। परिजन जल्द से जल्द युवक की बरामदगी की मांग कर रहे हैं।

### रोजा जंक्शन रेलवे कॉलोनी में अनाधिकृत तरह से रह रहे लोग

**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन रेलवे कॉलोनी में अनाधिकृत तरह से लोग रह रहे। उन लोगों को रेलवे क्वार्टर से बाहर निकाला गया और जो रेलवे क्वार्टर खंडहर में तब्दील हो गए थे। उनको जेसीबी की मदद से गिराया गया। कई बार समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित हुई थी। रोजा जंक्शन रेलवे कॉलोनी में अनाधिकृत तरह लोगों ने रेलवे के क्वार्टर पर कब्जा कर रखा है। बिजली पानी मुफ्त में प्रयोग कर रहे हैं। जिसको कई बार संज्ञान में लिया गया। कई बार नोटिस दिए गए। लेकिन किसी ने रेलवे आवास खाली नहीं की है। वर्तमान समय में मंडल लेयर प्रबंधक विनीत श्रीवास्तव के चार्ज लेते ही एक बार फिर रेलवे कॉलोनी में गैर तरीके से रह रहे लोगों के ऊपर कारवाई की गई। आज नौ लोगों को रेलवे आवास से बाहर निकल गया और चेतावनी दी गई जबकि 10 रेलवे आवास जो की खंडहर में तब्दील हो गए थे। उनको गिराया गया। रेलवे कॉलोनी में जेसीबी पहुंचे ही लोगों में कल वाली मच गई। पहले तो कुछ लोग समझ नहीं पाए उसके बाद में जब चर्चा हुई की रेलवे क्वार्टर खाली कराए जाएंगे। तो लोगों ने स्वयं अपने-अपने सामान बाहर निकाल लिए उसके बाद रेलवे पुलिस फोर्स और अधिकारी जब मौके पर पहुंचे तो सभी लोग अपने आवास खाली कर दिए इस संबंध में सीनियर सेक्शन इंजीनियर से बात की तो उन्होंने बताया कई बार शिकायतें मिल रही थी रेलवे आवास में गैर कानूनी तरह से कई लोग रह रहे हैं प्रारंभ में इनको नोटिस दिया गया था और रेलवे आवास के ऊपर नोटिस चस्पा किया गया था लेकिन किसी ने रेलवे आवास खाली नहीं की है आज बुलडोजर ले जाकर 10 रेलवे आवास किराए गए और जो रेलवे आवास खाली कराएगा। इस अवसर पर मंडल अभियंता भास्कर भट्टाचार्य, सीनियर सेक्शन इंजीनियर कौशल कुमार अवस्थी, पुष्पेंद्र यादव, गौतम गुप्ता, आरपीएफ चौकी प्रभारी विकास मीणा, विद्युत फोरमैन स्वास्थ्य निरीक्षक दीपक कुमार आदि उपस्थित रहे।

### परीक्षाफल मिलते ही खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे, विद्यालयों में हर्षोल्लास के साथ हुआ पुरस्कार वितरण




**शाहजहांपुर।** शैक्षिक सत्र की समाप्ति पर जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालयों में परीक्षाफल वितरण एवं पुरस्कार समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किए गए। इसी क्रम में विकास खंड ददरौल के उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहबाजनगर एवं विकास खंड भावलखेड़ा के प्राथमिक विद्यालय नईबस्ती में भी भव्य कार्यक्रम आयोजित हुए, जहां परीक्षाफल प्राप्त करते ही छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहबाजनगर में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ग्राम प्रधान महेश चंद्र गौतम ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूरे वर्ष की मेहनत का परिणाम ही परीक्षाफल के रूप में प्राप्त होता है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से नियमित विद्यालय आकर लगन एवं परिश्रम के साथ शिक्षा ग्रहण करने का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा से ही विकास के सभी द्वार खुलते हैं। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कक्षा 6 में शशि, अनु, माही, मुकेश कुमार, स्वतंत्र एवं गौरव, कक्षा 7 में प्रियांशी, इरम, रेशमा, वीरेन, समर एवं संजय गौतम, तथा कक्षा 8 में राजा, पवन, अंश, विपिन, अरुण कुमार, साक्षी, मोनी एवं क्रांति को सम्मानित किया गया। सर्वाधिक उपस्थिति के लिए आयुष गौतम को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्र-छात्राओं द्वारा मां सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ की गई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय एवं उल्लासपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर शबाना रहमान, विमलेश तिवारी, राजकौर, महापारा, वासिफ हुसैन, केसर शफीक, अर्शी खानम, गजाला परवीन, अनुराधा सक्सेना, हंसा पाल, तबस्सुम बेगम, पंकज रस्तोगी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन रवींद्र पाल प्रजापति द्वारा किया गया। समारोह के अंत में सभी अतिथियों एवं अभिभावकों ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सड़क हादसे में पत्नी की मौत, पति की हालत गंभीर



**पुवायां, शाहजहांपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर नाहिल के पूर्व में प्रधानाचार्य रहे कमल प्रकाश द्विवेदी अपनी पत्नी कांति देवी एवं नातिन के साथ बाइक से घर वापस आ रहे थे के रास्ते में हादसा हो गया जिसमें कांति देवी की मौत हो गई तथा कमल प्रकाश द्विवेदी का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। नगर के मोहल्ला देवस्थान निवासी कमल प्रकाश द्विवेदी नाहिल गांव के सरस्वती शिशु मंदिर में प्रधानाचार्य थे सेवा समाप्त के बाद वह घर पर रहते थे रविवार को वह पत्नी कान्ति देवी और एक वर्षीय नातिन के साथ बाइक से मोहम्मदी क्षेत्र में दावत में गए थे देर रात वापस आते समय इटौली गांव के पास किसी बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कमल प्रकाश द्विवेदी की बाइक गिर गई पत्नी कांति देवी के शिर में गहरी चोट लग गई दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने कांति देवी को मृत घोषित कर दिया जबकि कमल प्रकाश द्विवेदी को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया, हादसे के समय साथ में एक वर्षीय नातिन थी जिसको चोट नहीं आई।

# आंगनवाड़ी नियुक्ति पत्र, स्मार्टफोन वितरण और केंद्रों का लोकार्पण

> जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों व सहायिकाओं को दी शुभकामनाएं

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



विकास भवन सभागार मे मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश स्तर पर लखनऊ मे नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री एवं सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियो को स्मार्ट फोन का वितरण, ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाईसेज का वितरण एवं पूर्ण हो चुके बाल विकास परियोजना कार्यालय सह-गोदामों तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों का लोकापर्ण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनप्रतिनिधियो, जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी, तथा नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री एवं सहायिकाओं सहित देखा गया। जनपद से 3 आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री तथा 346 आंगनवाड़ी सहायिकाओं का चयन किया गया है। इस अवसर पर ऑनलाईन चयन प्रक्रिया के माध्यम से चयनित हुए अभ्यर्थियो को नियुक्ति पत्रों का वितरण, स्मार्ट फोन का वितरण, पूर्ण हो चुके बाल विकास परियोजना कार्यालय सह-गोदामो एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों का लोकापर्ण कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम मे उपस्थित विधायक ददरौल, द्वारा नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकत्री/ सहायिकाओं को बधाई देते हुए, उन्हे अपने केन्द्र का बेहतर ढंग से संचालन सुनिश्चित करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ आंगनबाड़ी केन्द्रो पर पंजीकृत लाभार्थियों तक पहुंचाये जाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा उपलब्ध कराये गये स्मार्ट फोन का सदुपयोग करते हुए पोषण ट्रैकर आदि पर शत-प्रतिशत् फीडिंग सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर विधायक ददरौल अरविन्द कुमार, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह सिनसिनवार, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविन्द रस्तोगी एवं सम्बन्धित परियोजनाओ के बाल विकास परियोजना अधिकारी भी उपस्थित रहें।

## रेंजर्स छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा की दी जानकारी




**शाहजहांपुर।** आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिवस का प्रारंभ महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या प्रो. दुर्गावती सिंह द्वारा रेंजर्स का ध्वजारोहण कर किया गया। रेंजर्स छात्राओं ने प्रार्थना व झंडा गीत गाया। प्रो. दुर्गावती सिंह ने रेंजर्स छात्राओं के उत्साह को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रेंजर्स पर्यावरण संरक्षण में व प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाना सीखते हैं अतः आप सभी इस प्रशिक्षण के माध्यम से पर्यावरण को साफ सुथरा रखने व संतुलन बनाए रखने में महाविद्यालय और अपने घर के आस पास के सभी लोगों को जागरूक करने का प्रयास करें और इस प्रशिक्षण में सभी आवश्यक क्रियाविधि को अनुशासन में रहकर पूर्ण करें। प्रशिक्षक खुशी श्रीवास्तव ने तीसरे दिवस रेंजर्स छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा व उससे संबंधित आवश्यक जानकारी दी साथ ही हाथ से लकड़ी की सहायता से स्ट्रेचर बनाना, स्कार्फ के प्रयोग से पट्टी बांधना सिखाया। लकड़ी के गैजेट्स की सहायता से किस प्रकार बर्तन रखने के स्टैंड, कपड़े के स्टैंड बनाने का प्रशिक्षण, टेंट का निर्माण करना आदि का प्रशिक्षण दिया। इसी क्रम में छात्राओं को विशेष गतिविधियों में स्काउट के नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना व व्यायाम आदि के बारे में बताया व अभ्यास कराया। दिवस के प्रशिक्षण के उपरांत रेंजर्स प्रभारी अनुराधा ने सभी छात्राओं द्वारा प्रशिक्षण में उनकी अभिरुचि की सराहना की व प्रशिक्षण की सभी गतिविधियों का अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण के चौथे दिवस पर प्रशिक्षक द्वारा छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी, कैंप फायर व ब्रिज बनाना आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### शौचालय में लगा रहता ताला

**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन में बाजार के पास बना हाईवे पर पावर हाउस के सामने सुलभ शौचालय सरकार ने लाखों रुपए की लागत देकर बनवाया। जिससे कि साफ सफाई बनी रहे। बाजार में आने जाने वाले और रिक्शा चालक व्यापारी सुलभ शौचालय का प्रयोग करें। इधर-उधर शौचालय का प्रयोग ना करें। झाड़ियां में शौचालय ना करें। लेकिन रोजा जंक्शन रोज अड्डा पर बना सुलभ शौचालय जब से बना है तब से उसमें ताला लगा हुआ है। पब्लिक राहगीर व्यापारी किसी के लिए भी कोई सुविधा नहीं है। आसपास के व्यापारियों और दुकानदारों से वार्ता की तो उन्होंने बताया जब से सुलभ शौचालय बना हुआ है इसमें ताला लगा हुआ है। रात्रि में अराजक तत्व आकर इसमें ठहरते हैं और सुबह होते ही निकल जाते हैं। इस संबंध में नगर निगम के संबंधित अधिकारियों से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया मुझे कोई जानकारी नहीं हो सकता कोई काम अधूरा रह गया हो जिस कारण सुलभ शौचालय में ताला लगा है।

## सीनियर सिटीजन को रेडक्रॉस का सहयोग



**शाहजहांपुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय प्रांगण में स्थित इंडियन सोसाइटी के कार्यालय में सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष सरोज कुमार श्रीवास्तव, सचिव सर्वेश कुमार गुप्ता एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. विजय जौहरी के साथ संयुक्त बैठक आयोजित की गयी। बैठक में रेडक्रॉस सचिव डॉ. विजय जौहरी ने अध्यक्ष वरिष्ठ नागरिक सरोज श्रीवास्तव का बैज और अंगवस्त्र पहनाकर समस्त सीनियर सिटीजनों का सम्मान किया और कहा कि रेडक्रॉस सदैव सीनियर सिटीजनों के लिए सहयोगी भूमिका का निर्वहन करता रहेगा। दोनों संगठनों की संयुक्त वार्ता के उपरांत ये निर्णय लिया गया कि सीनियर सिटीजनों की समस्याओं के समाधान हेतु प्रत्येक साप्ताहिक बुधवार को रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्यालय में सीनियर सिटीजनों की समस्याओं के निराकरण का सफल प्रयास करेंगे। और जानकारी देते हुए बताया कि रेडक्रॉस के उद्देश्य मानव सेवा के कार्यों में अपनी सहयोगी भूमिका का निर्वहन करना है और ऐसे कार्यों के लिए रेडक्रॉस सदैव तत्पर है। बैठक में डॉ. विजय जौहरी, सरोज श्रीवास्तव, सर्वेश कुमार गुप्ता, ब्रजेश गुप्ता, मीनू वैरागी, पातीराम दीक्षित, सादिक, ओमकार सिंह चौहान, प्रभा सिन्हा, रामलड़ैते, कामता त्रिपाठी, जागेश, हरिराम आदि लोगों की उपस्थिति रही।

## भगवान को बुद्धि से नहीं प्रेम से जीता जा सकता है: साध्वी सुरजीता

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




दिव्य ज्योति जागृत संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय संगीतमय भजनों एवं चौपाइयों से परिपूर्ण श्री हरिकथा का आयोजन रामचरण लाल धर्मशाला खिरनी बाग में किया जा रहा है। कथा के दूसरे दिन साध्वी सुरजीता कुमारी एवं साध्वी सुर्वा भारती ने हरि भक्तों को माता सती की कथा सुनाते हुए कहा भगवान को बुद्धि से नहीं प्रेम से जीता जा सकता है। यहां पर माता सती भगवान राम की बुद्धि से परीक्षा लेने गई और उन्हें जो देखने को मिला उससे वह अचंभित रह गई कथा में आगे सुनाया भगवान राम का जीवन आज भी लोगों के लिए एक सीख है। उन्होंने एक आदर्श जीवन जी कर हर किसी को प्रेरणा दी, जिसे लेकर कई सारी कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी ही एक कथा का जिक्र आज हम करेंगे। ये कथा तब की है जब त्रेतायुग में भगवान राम माता सीता का हरण होने के बाद पूरे वन में 'सीते-सीते कहकर उन्हें व्याकुल हो ढूंढ रहे थे। ये देख हर कोई हैरान था, क्योंकि भगवान राम श्री हरि विष्णु का अवतार हैं। वहीं, इस घटना को देखकर प्रभु राम परमात्मा हैं या नहीं उनकी परीक्षा लेने के लिए देवी सती धरती लोक पर मां सीता का स्वरूप धारण कर चली आई। हालांकि भगवान शिवजी ने उन्हें बहुत समझाया, लेकिन फिर भी वे अपने निर्णय पर अटल रहीं। जैसे माता सती भगवान राम के सामने पहुंची, तो उन्होंने मां को तुरंत ही पहचान लिया। इसके बाद मर्यादा पुरुषोत्तम ने भगवान शिव के बारे में भी पूछ लिया, जिससे देवी सती बहुत ज्यादा हैरान हुईं। इस घटना के बाद मां सती का भ्रम पूरी तरह टूट गया और उन्हें ये यकीन हो गया कि राम जी ही श्री हरि विष्णु का अवतार हैं। इसके बाद माता सती कैलाश पर चली गई। जब शिवजी ने पूछा तो माता सती झूठ बोल गई और कहा कि हे स्वामी मैंने कोई परीक्षा ही नहीं ली और वहां जाकर आपकी तरह मैंने भी प्रणाम किया, साथ सती जी ने यह भी कहा कि हे नाथ आपने जो भी कहा वह झूठ नहीं हो सकता है. ऐसे में परीक्षा लेने का कोई औचित्य नहीं होता.भगवान शिवजी ने ध्यान में सबकुछ जान लेते हैं. वे ध्यान में सती को माता सीता जी के रूप में देख लेते हैं और सती जी का झूठ भी जान लेते हैं. यह देखकर भगवान शिवजी को बड़ा दुःख होता है। आज की कथा का शुभारंभ आरती पूजन करके नीरज बाजपेई विनोद गुप्ता सुबोध शर्मा मोहन ग्रोवर शोभना गुप्ता राजमाता वीरेश्वरी शर्मा ने कराया।

## प्रभु श्रीराम वन प्रस्थान नहीं बल्कि 14 वर्ष का प्रचारक जीवन रहा: अनुज

**निगोही, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

> श्रीराम जन्म उत्सव के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन

निगोही में राम भक्तों ने श्रीराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में विश्व हिंदू परिषद एकल अभियान में मिलकर आयोजन किया। इसके बाद निगोही नगर पंचायत में अंदर यात्रा निकल गई। रविवार को ब्लॉक परिसर में विहिप, एकल अभियान के द्वारा श्रीराम जन्म उत्सव के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक सभागार में सभी राम भक्तों ने मिलकर श्रीराम जन्म के उपलक्ष में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के बारे में बताया। जिसमें मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री अनुज कुमार सिंह ने कार्यक्रम में राम भक्तों को संबोधित किया कि राम जीने की कला है, प्रभु श्रीराम ने माता कौशल्या से ज्यादा कौकई को बढ़कर माँ माना। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने अपने जीवन में किसी को अछूत नहीं माना। वन प्रस्थान के समय अपने मित्र निषाद राज केवट राज्य में पहुंचकर उनको गले लगाया। माता शबरी ने प्रभु श्रीराम को स्वागत में साबरी ने माता जैसे अपने पुत्र का दुलार करके खिलाती है। ठीक वैसे ही प्रभु श्री राम ने शबरी मां के बेर खाकर अपना कर्तव्य मां बेटे सा निभाया माता सीता के हरण के बाद प्रभु श्रीराम ने कहीं से भी कोई लड़ाई के लिए कोई सेना नहीं मंगाई थी, जिस स्थान पर रहते थे, वहीं पर रहकर , 18 पदुम का संगठन किया , जिसमें सुग्रीव, जामवन , निषाद राज तमाम आदिवासी क्षेत्र के मनुष्य जीव जंतुओं की सेना बनाकर तैयार की और माता सीता की खोज निकाल पड़े , सभी के मन में एक ही लक्ष्य था, माता सीता का बदला हम लेंगे क्योंकि वह हमारी जगत जननी है , सभी ने लंका पर चढ़ाई कर दी युद्ध किया। रावण के सवा लाख पुत्र सवा लाख नाती मारा मुक्त कराकर माता सीता को सेना ने लंका विजय कर माता सीता को वापस लेकर आए। उसे समय प्रभु श्री राम ने समस्त हिंदू संगठन जाति पत के लोगों को इकट्ठा कर मानवता का संदेश दिया था। कार्यक्रम का समापन 5:30 बजे निगोही भगत सिंह चौराहे, बारहराणा , मुख्यबाजार, राम लीला मौदान आदर्श इंटर कॉलेज होते हुए ब्लॉक परिसर में समापन किया गया । विश्व हिंदू परिषद पूरे देश के अंदर एक लाख से अधिक राम जन्म उत्सव हर बर्ष मनाता है। श्री राम जन्म उत्सव के उपलक्ष में एकल अभियान विश्व हिंदू परिषद समस्त कार्यकर्ता ऋषि पाल सिंह, सर्वेश त्रिपाठी विहिप अध्यक्ष बृजपाल वर्मा,राजकुमार सिंह शिव हरी छत्रपाल, जिला प्रचार प्रमुख राजा भईया, जिला संगठन मंत्री राजकुमार ओमेंद्र सिंह भूपेंद्र सिंह, सुधांशु विश्वकर्मा श्यामू दुबे कार्तिक वर्मा आलोक सुनील शर्मा नगर मंत्री, सुमित सक्सेना आदि लोग उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ अधिवक्ता के निधन पर शोक



**पुवायां, शाहजहांपुर।** तहसील बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता व पूर्व अध्यक्ष विमल श्रीवास्तव का बीते दिन अचानक निधन हो गया। उनके निधन से अधिवक्ताओं के साथ नगर में शोक की लहर दौड़ गयी। तमाम अधिवक्ताओं, समाजसेवी, जनप्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त किया। उनके निधन पर तहसीलबार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष शुक्ला, महामंत्री विवेक अवस्थी, वीरेंद्र यादव, रामगोपाल पांडेय, ओपी गुप्ता, गोपाल अग्निहोत्री, पूर्व संयुक्त सचिव सीबीए शाहजहांपुर अभिषेक मिश्रा, जयशंकर अवस्थी, प्रभाकर मिश्रा, अजय पांडेय आदि अधिवक्ताओं ने शोक व्यक्त किया।

## बोलेरो की टक्कर से डिलीवर बॉय घायल

> मोपेड से डिलीवर करने जा रहा था, पुलिस ने बोलेरो कब्जे में ली

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह सैटेलाइट बस के पास तेज रफ्तार बोलेरो और मोपेड की आपसी भिड़ंत में मोपेड सवार डिलीवरी बॉय गंभीर रूप में घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जाती हैं।

थाना सेहरामऊ दक्षिण के गांव डींगुरपुर निवासी अंकित कुमार डिलीवर बॉय का काम करता हैं। रोज की भांति सोमवार की सुबह अपनी मोपेड से डिलीवर करने जा रहा था, तभी रोजा थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन सैटेलाइट बस स्टैंड के अंडरपास के पास तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो से आमने सामने भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि मोपेड बोलेरो के नीचे घुस गई। टक्कर लगते ही अंकित सड़क पर खसीटता हुआ काफी दूर जाकर गिर गया। जिससे अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही घायल के परिजन राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। पुलिस ने बोलेरो को अपने कब्जे में ले लिया हैं।

# दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव एवं हनुमान जयंती का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

> हनुमत धाम में हनुमान जी की विशालकाय प्रतिमा का अनावरण 2013 में हुआ

विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी हनुमत धाम विसरात घाट 01-02 अप्रैल को दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव, हनुमान जयंती का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। परम्परागत रूप से होने वाले इस समारोह में श्री रामचरित मानस अखण्ड पाठ, भण्डारा एवं भजन संध्या आदि अनेक कार्यक्रम होंगे।

श्री हनुमान जयंती का शुभारम्भ 1 अप्रैल प्रातः 08 बजे श्रीराम चरित मानस के अखण्ड पाठ से होगा। 2 अप्रैल गुरूवार को प्रातः 09 बजे प्रभु श्रीराम के राजतिलक कार्यक्रम के बाद रामचरित मानस अखण्ड पाठ का समापन, तत्पश्चात हवन एवं उसके बाद 11:30 बजे से 3:30 बजे तक विशाल भण्डारा का वितरण होगा। सायं 06:30 बजे से 09:30 बजे तक भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। हनुमत धाम में हनुमान जी की विशालकाय प्रतिमा का अनावरण पूर्व शंकराचार्य स्वामी सत्यमित्रा नन्द जी के कर कमलों से जुलाई 2013 में किया गया। वर्ष 2013 से हनुमत धाम पर प्रति वर्ष हनुमान जयन्ती के पावन अवसर पर श्रीराम चरित मानस पाठ, विशाल भण्डारा एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन होता आ रहा है, जिसमें पूर्व में पंजाब केसरी के प्रधान संपादक अश्वनी कुमार, केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, सत्यपाल सिंह, लोक निर्माण मंत्री उ.प्र. सरकार जितिन प्रसाद, सहकारिता मंत्री जे0पी0एस0 राठौर, उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह, प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे आदि अतिथिगण पधार कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ा चुके हैं। विगत वर्ष विशेष रूप से देश की सुप्रसिद्ध भजन, लोक गायिका पद्मश्री विभूषित मालिनी अवस्थी (जो कि हिन्दी के अलावा अवधी, बुन्देली तथा भोजपुरी भाषा में भी गीत गाती हैं, वह अपने गीतों के माध्यम से राष्ट्र सेवा व लोक संस्कृति की धरोहर को संजोने का कार्य कर रहीं हैं) उनके द्वारा सुन्दर-सुन्दर भजन प्रस्तुत किये गये थे। इसी क्रम में इस वर्ष मुंबई से प्रसिद्ध भजन मेरी झोपड़ी के भाग आज जाग जायेंगे राम आयेंगे की मशहूर गायिका स्वाती मिश्रा एवं वृन्दावन के सुप्रसिद्ध भजन गायक राधिकेश एवं उनकी टीम के द्वारा भजन प्रस्तुत किये जायेंगे।

महत्वपूर्ण है कि खन्नौत नदी के जल के मध्य टापू पर निर्मित उत्तर भारत की हनुमान जी की सबसे ऊँची विशालकाय प्रतिमा एवं अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमायें श्रद्धा व आकर्षण का केन्द्र होने के कारण बड़ी संख्या में जनपद एवं जनपद के बाहर से श्रद्धालू हनुमत धाम का भ्रमण करते हैं। शनिवार एवं मंगलवार को बड़ी संख्या में लोग हनुमत धाम स्थल पर आते हैं। उ.प्र. सरकार द्वारा हनुमत धाम को प्रदेश के पर्यटन मानचित्र पर भी स्थान दिया।

प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित केन्द्र एवं राज्य के अनेक मंत्री, राजनेता व उच्च अधिकारी हनुमत धाम का भ्रमण कर चुके हैं। हनुमान जी की प्रतिमा का निर्माण राजस्थान के कुशल कारीगरों की टीम के द्वारा 10 वर्ष की अवधि में पूर्ण हुआ एवं वर्ष 2013 में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्राकृतिक सुन्दरता से परिपूर्ण इस धार्मिक स्थल पर हनुमान जयंती आयोजन का यह बारहवां वर्ष है। यहाँ पर सौ विस्तर का एक आधुनिक एवं सुविधा सम्पन्न आश्रय गृह भी है जो पूरी तरह निशुल्क है। हनुमत धाम पर लगातार सौन्द्रीयकरण के कार्य चल रहे हैं। इसी श्रंखला में हनुमत धाम के पूर्व की तरफ खन्नौत नदी पर बांध बनाकर एक अतिरिक्त प्रवेश मार्ग एवं नया घाट भी बनाया गया है। हनुमान जयंती के अवसर पर पूरे परिसर को विद्युत झालर एवं फूलों से विशेष रूप से सजाया गया है। इसी परिसर में स्वामी विवेकानन्द पब्लिक लाइब्रेरी भी बनी है जहाँ समस्त महत्पूर्ण पुस्तकों का विशाल संग्रह है इस प्रकार नदी के तट पर हनुमत धाम ज्ञान और अध्यात्म का एक संगम है। श्री हनुमत धाम प्रबंध समिति द्वारा सभी लोगों को भण्डारा, प्रसाद सहित सभी कार्यक्रमों में आमंत्रित किया गया है।

## खबरें एक नजर में

### नगरायुक्त की विदाई में भावुक हुए कार्मिक, गाड़ी के पीछे-पीछे चले, वर्ष 2024 में शाहजहांपुर नगरायुक्त का पदभार किया था ग्रहण



**शाहजहांपुर।** नमस्ते... यह मैसेज नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्रा ने दिया, जब उनको तबादले का पत्र प्राप्त हुआ। जिसके बाद नगर निगम से लेकर सोशल मीडिया तक बस एक ही सवाल बना रहा कि आखिरकार एक ईमानदार, सच्चे अधिकारी को क्यों अचानक सजा दी गई। क्योंकि जिन शहीदों की प्रतिमाएं 22 मार्च को जेसीबी से खंडित की गई थी, उनके पीछे क्या कारण रहा और किसके कहने पर बुलडोजर चला। यह सिर्फ़ एक जांच का विषय बनकर रह गया। हालांकि तबादले के बाद नवागत नगर आयुक्त सौम्या ने सोमवार को आकर चार्ज ग्रहण किया। जिसके बाद नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्रा को निगम अधिकारियों, कर्मचारियों ने विदाई दी। विदाई से पूर्व सुबह से ही नगर निगम दफ्तर में नगर आयुक्त डा.बिपिन कुमार मिश्रा की तबादले की खबर के बाद अधिकारी, कर्मचारी, पार्षद व अन्य शहर की जनता उनसे मिलने पहुंची। सभी ने नगर आयुक्त को नये दायित्व, राज्य सड़क परिवहन में अपर प्रबंध निदेशक पद की शुभकामनाएं दीं। जब नगर आयुक्त को विदाई दी गई तो कर्मचारियों की आंखे नम हो गई और बहुत से कर्मचारियों ने गाड़ी रोककर नगर आयुक्त के साथ फोटो, सेल्फी ली। उसके बाद कुछ दूर तक कार्मिक लोग गाड़ी के पीछे पीछे तक चले। नगर आयुक्त जाते जाते यह मैसेज देते गये, कि व्यक्ति की सरलता, ईमानदारी व सच्चाई हमेशा लोगों के दिलों पर राज करती है। जिन लोगों की मुलाकात विदाई समारोह में आफिस में नहीं हो पाई, उन लोगों ने आवास पर जाकर नगर आयुक्त को शुभकामनाएं दी। बतादें कि नगर आयुक्त डा. बिपिन कुमार मिश्रा ने वर्ष 2024 में शाहजहांपुर नगर निगम का चार्ज संभाला था। जिसके बाद लगातार नगर निगम में विकास के कार्य तेजी से हो रहे हैं। उनके तबादले के बाद काफी लोग निराश देखे जा रहे है।

### प्राथमिक स्कूल में परीक्षाफल वितरित



**शाहजहांपुर।** पुवायां के प्राथमिक विद्यालय लखनपुर में परीक्षा फल वितरण तथा कक्षा 5 उत्तीर्ण बच्चों के लिए तिथि भोज का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत बालक–बालिकाओं को वर्ष में कम से कम एक बार समुदाय के सहयोग पौष्टिक भोजन प्रदान किए जाने का प्रावधान है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत की प्रधान राजरानी ने कक्षा 5 उत्तीर्ण बच्चों को उपहार वितरित किए तथा उन्हें अपने भविष्य के निर्माण हेतु अथक परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। नोडल शिक्षण संकुल रामकृष्ण वर्मा ने प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में अभिभावकों को अवगत कराया। उन्होंने स्कूल चलो अभियान 2026–27 के संचालन के लिए शिक्षकों के साथ बैठक भी की। बैठक में राकेश रोशन, कृष्ण कुमार, अनुज पांडे, मनोज कुमार, प्रभा कुमारी तथा अनेक शिक्षक शिक्षामित्रों ने परिषदीय विद्यालयों में नामांकन में वृद्धि हेतु अपने विचार साझा किए। विद्यालय के प्रधान अध्यापक सुखपाल सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### किसानों ने तहसीलदार का पुतला फूंका, पुलिस ने पानी डालकर बुझाया



**पुवायां, शाहजहांपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के पदाधिकारियों ने सोमवार को पुवायां के राजीव चौक पर तहसीलदार का पुतला फूंका। किसानों का आरोप है कि चीनी मिलों द्वारा अभी तक गन्ने का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे वे आक्रोशित हैं। किसानों का कहना है कि गन्ने का भुगतान न होने के कारण उनके घरों में बेटियों की शादियां प्रभावित हो रही हैं। चीनी मिलें भुगतान के बजाय चीनी लेने का प्रस्ताव दे रही हैं, जिसे किसान अस्वीकार कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या चीनी से बेटियों का शादियां की जाती हैं। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी पिछले 14 दिनों से नवीन गल्ला मंडी में अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे थे। किसानों का आरोप है कि आला अधिकारियों ने उनसे बातचीत नहीं की, जबकि छोटे अधिकारियों से भी कोई समाधान नहीं निकल पाया। सोमवार को आक्रोशित किसानों ने रैली निकालकर राजीव चौक पर पुवायां तहसीलदार का पुतला दहन किया। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। जिलाध्यक्ष अनिल सिंह यादव ने बताया कि 14 दिनों से धरने के बावजूद प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया। उन्होंने गंगसरा के लोगों पर दर्ज फर्जी मुकदमे को भी वापस लेने की मांग की, जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं की गईं और गन्ने का भुगतान नहीं हुआ, तो वे बहुत जल्द चक्काजाम करेंगे।

# रोजा के गेहूं क्रय केंद्रों का एडीएम प्रशासन ने किया निरीक्षण

- किसानों को समर्थन मूल्य का लाभ दिलाना प्राथमिकता: एडीएम

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



रोजा मंडी समिति स्थित गेहूं खरीद केंद्रों का सोमवार को एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार ने निरीक्षण किया और यहां गेहूं खरीद को लेकर कर्मचारियों से ब्यौरा तलब किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसान का गेंहू सरकारी केंद्र पर ही बिके। प्रशासनिक अधिकारियों सहित मेरे द्वारा भी पूरी तरह से गेहूं क्रय केंद्रों की निगरानी की जायेगी तथा पूरा प्रयास है कि किसान अपनी उपज को ओने पौने दामो में बिचौलियों के हाथ कतई न बेचने पाएं। ज्ञात रहे कि रोजा मण्डी में आधी अधूरी तैयारियों के साथ सोमवार से गेहूं खरीद शुरू हो गई है। रोजा मंडी में गेहूँ खरीद को लेकर 19 क्रय केंद्र बनाये गए हैं, जिसमें एफसीआई के 2, आरएफसी के 6, पीसीएफ के 3, मंडी समिति के 2, पीसीयू के 3, यूपीएसएस के 1 तथा नेफेड के 2 क्रय केंद्र बनाये गये हैं ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो सके। एडीएम ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि किसान को समर्थन मूल्य का लाभ दिलाना है। एडीएम ने क्रय केंद्र प्रभारी को निर्देश दिये कि वे अपने रजिस्टर पूर्ण रखे, रजिस्टर के प्रत्येक पन्नों पर हस्ताक्षर हो। गेंहू खरीद के पहले दिन एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार ने आरएफसी के क्रय केंद्र पर गेहूं की नमी नापने की मशीन की जाँच की जिसमे गेंहू भरकर उसकी नमी की मात्रा निकाली गयीं। साथ ही उन्होनें ने सभी केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि मानक के अनुसार गेहूं होने पर फौरन ही उसकी खरीद की जाए। टोकन के अनुसार ही खरीद की जाए। किसी भी किसान को कोई समस्या नही होनी चाहिए। गेंहू खरीद में किसी तरह की कोई लापरवाही नही होनी चाहिए। उन्होंने क्रय केंद्र पर व्यापारी द्वारा की जा रही तौल पर नाराजगी जताई।

### एसडीएम ने किया गेंहू क्रय केंद्रों का निरीक्षण



**पुवायां, शाहजहांपुर।** शासन के निर्देशानुसार गेहूं क्रय केंद्रों के शुरू होते ही प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आया। क्रय केंद्रों के पहले ही दिन उपजिलाधिकारी चित्रा निर्वाल ने मंडी पहुंचकर औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने केंद्रों पर तौल, साफ–सफाई, किसानों के बैठने की व्यवस्था और पेयजल की उपलब्धता को बारीकी से परखा। उन्होंने केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने दी जाए और खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी व समयबद्ध ढंग से संपन्न हो। एसडीएम ने स्पष्ट कहा कि गेहूं खरीद में लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए। मंडी में प्रशासन की इस सक्रियता से किसानों में भरोसा बढ़ा है और खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## शहीद प्रतिमा प्रकरण: कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, पुतला दहन कर जताया विरोध

- पुराने नगर आयुक्त वापस लाओ, नगर निगम प्रशासन मुर्दाबाद के लगाए नारे

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



शहीद प्रतिमाओं को नगर निगम प्रशासन द्वारा खंडित किए जाने के मामले में कांग्रेस का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। विभिन्न तरीकों से प्रदर्शन कर रही कांग्रेस ने सोमवार को जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता के नेतृत्व में अनोखे अंदाज में सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। दोपहर बाद कांग्रेस पदाधिकारी राजीव भवन, टाउन हॉल पर एकत्रित हुए। इसके बाद जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता हाथ में हंटर लेकर कार्यकर्ताओं के साथ पैदल मार्च करते हुए नारेबाजी करते हुए नगर निगम गेट तक पहुंचे। इस दौरान 'निगम प्रशासन मुर्दाबाद', 'मेयर इस्तीफा दो' पुराने नगर आयुक्त वापस लाओ और 'शहीदों के सम्मान में कांग्रेस मैदान में' जैसे गगनभेदी नारे लगाए गए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पुलिस को चकमा देते हुए कांग्रेस कार्यालय के पिछले गेट से पुतला लाकर नगर निगम परिसर के रास्ते गेट तक पहुंचा दिया। मौके पर मौजूद पुलिस बल ने पुतला छीनने का प्रयास किया, लेकिन कार्यकर्ताओं के तेवर के आगे प्रयास विफल रहा और उन्होंने पुतले को आग के हवाले कर दिया। धू-धू कर जलते पुतले के बीच जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने हंटर से प्रहार करते हुए कहा कि यदि शहीद न होते तो आज भी देश अंग्रेजों की गुलामी में होता। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होगी, कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मंगलवार को एक शिष्टमंडल जिलाधिकारी से मिलकर मुख्यमंत्री से मुलाकात कराने की मांग करेगा, ताकि पूरे प्रकरण को उनके समक्ष रखा जा सके। प्रदर्शन में पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, महानगर अध्यक्ष पवन सिंह, तसनीम अली खान, तनवीर सफदर, कृष्ण विनोद मिश्रा, बीएन सिंह यादव, संजय सक्सेना, सुशील प्रकाश शर्मा, रफी उल हसन, सईद अंसारी, फुरकान अहमद कुरैशी, गौरव त्रिपाठी, फरमान खान, मोहसिन खान, परवेज अहमद, प्रत्यूष मिश्रा, शाश्वत मिश्रा, पूनम पांडेय, बिंदेश्वरी राज, साजिद खान, वकार आलम, प्रो. जाने आलम खान, अनुभव कटारिया, ओमपाल जाटव समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नवागत नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी ने संभाला चार्ज



**शाहजहांपुर।** अमर बलिदानियों की प्रतिमाओं के क्षतिग्रस्त होने का मामला अब प्रशासनिक कार्रवाई तक पहुंच गया है। घटना के ठीक एक हफ्ते बाद नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्रा का तबादला कर दिया गया है। वहीं, नवागत नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी को नया नगर आयुक्त बनाया गया। उन्होंने सोमवार दोपहर को शाहजहांपुर पहुंचकर कार्यभार संभाल लिया है। 22 मार्च की रात नगर निगम के बाहर स्थापित शहीदों की प्रतिमाएं सुंदरीकरण कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त हो गई थीं, जिसके बाद पूरे शहर में भारी नाराजगी देखने को मिली थी। मामला बढ़ते-बढ़ते मुख्यमंत्री तक पहुंचा, जहां से सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अब नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्रा को उनके पद से हटाते हुए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में अपर प्रबंध निदेशक बनाया गया है। वहीं, उनकी जगह सौम्या गुरुरानी को शाहजहांपुर का नया नगर आयुक्त नियुक्त किया गया है। सोमवार दोपहर नवागत नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी ने कार्यालय पहुंचकर विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान तत्कालीन नगर आयुक्त बिपिन मिश्रा और पार्षदों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने नगर निगम स्टाफ से परिचय प्राप्त किया और कार्यों की जानकारी ली।

## तीन सौ फिट ऊंचे टॉवर पर चढ़ युवक ने किया इश्क का इजहार

**मनोज प्रबल**

- रिश्ते की मौसेरी बहन से शादी की जिद पर अड़ा रहा
- मान मनव्वल के दस घंटे बाद बमुश्किल उतारा गया
- डिहाइड्रेशन होने पर कराया सीएचसी में भर्ती





**तिलहर-शाहजहांपुर।** इश्क का जुनून इस कदर सिर चढ़ा कि दीवानगी में युवक बीएसएनएल के करीब तीन सौ फिट ऊंचे टॉवर पर जा चढ़ा। और रिश्ते की मौसेरी बहन से शादी कराय जाने की जिद पर अड गया । सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थित का जायजा लेकर उसे नीचे उतरबाने का जतन किया लेकिन वह नहीं उतरा। अपरान्ह साढ़े चार बजे युवती से नाटकीय ढंग से उसका मान मनव्वल करबाने के बाद बमुश्किल नीचे उतरा और बेहोश हो गया। जिसे पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया है। हुआ यूं सोमवार सुबह गैंग कपसेड़ा निवासी रामू कश्यप नाम का युवक हाइवे स्थित डिग्री कॉलेज परिसर में बने बीएसएनएल के करीब तीन सौ फिट ऊंचे टॉवर पर चल गया। युवक ने नजदीकी लोगों से फोन कॉल पर उसकी कथित प्रेमिका (रिश्ते की मौसेरी बहन) से शादी करवाए जाने की इच्छा जाहिर की। लोगों ने टॉवर के समीप जाकर देखा तो इश्क में लवरेज रामू टॉवर के सबसे ऊपर टॉप पर पैर लटकाए देखा गया।

इसकी सूचना मिलते ही उसके परिजन भी मौके पर पहुंच गए। बात बनती न देख पुलिस को घटना से अवगत कराया गया। कोतवाल जुगुल किशोर पाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और युवक से मोबाइल से संपर्क साधकर नीचे उतर आने को खा गया। शोले फिल्म की तर्ज पर इश्क में पागल इस मजनू को टॉवर पर चढ़ा देखने को हाइवे किनारे भारी भीड़ लग गई। युवती के परिजनों से पुलिस ने संपर्क साधा तो पता चला कि युवक मौसेरा भाई है ऐसे में आखिर यह रिश्ता कैसे हो सकता है। आह भी जानकारी हुई कि युवती के रिश्ते की फरीदपुर क्षेत्र से बात चल रही है। हाल ही में लड़के बालों को उसे जैतीपुर क्षेत्र के एक ग्रामीण मंदिर में दिखाया भी जा चुका है। फिलहाल युवती से नाटकीय ढंग से वीडियो कॉल करवाकर उसकी सहमति देने का प्रयास किया गया। युवती के कहने पर भी वह इस बात पर अड गया कि वह उसे नीचे खड़ी देखेगी तभी वह नीचे उतरेगा। और हनुमान मंदिर आज ही शादी करनी होगी। कई दौर की वार्ता के चलते अपरान्ह करीब साढ़े चार बजे युवक को बमुश्किल नीचे उतारा जा सका। कोतवाल ने बताया कि टॉवर पर पूरा दिन बीतने के कारण युवक नीचे उतरते ही बेहोश हो गया। डिहाइड्रेशन के चलते उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। उधर युवक के माता पिता व भाइयों ने रामू की इस करतूत पर बेहद शर्मिंदगी जताते हुए कहा कि यदि रामू कत्ल कर आता तो भी वह उसे माफ कर देते। लेकिन एक लड़की की रुसवाई करने पर वह उसे कभी माफ नहीं करेंगे। लड़के की इस करतूत के कारण उनकी आज समाज में जग हंसाई हुई है। फिलहाल इसके की इस इबारत की पूरे दिन चर्चा बेहद गर्म रही।

### विकलांग यात्रियों के लिए रेलवे स्टेशन पर कोई सुविधा नहीं

**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन मुरादाबाद डिविजन का नंबर एक में गिना जाता है। रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर 6 प्लेटफार्म बनाए गए हैं। रोजा जंक्शन प्लेटफार्म पर पूर्व दिशा और पश्चिम दिशा की ओर आने जाने वाली लगभग एक दर्जन से अधिक ट्रेनों का स्टॉपेज है। यात्री आते और जाते हैं। लेकिन रोजा जंक्शन के सभी प्लेटफार्म पर विकलांग यात्रियों के लिए ना कोई पानी पीने की टंकी है और ना ही विकलांग यात्रियों के लिए आने और जाने का साधन है। शनिवार दोपहर एक कोलकाता जम्मू तवी एक्सप्रेस से एक विकलांग अपनी व्हीलचेयर लेकर उतरा उसको जाने का कोई साधन नहीं मिला। वह स्टेशन मास्टर कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गया। जब अधिकारियों को जानकारी हुई तो पावर केविन से एक स्टेशन मास्टर और दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर चार पर पहुंचे और विकलांग यात्रियों को गोद में लेकर सड़क पार कर आई और उसकी व्हीलचेयर उसको सड़क पार करने के बाद भी उसके बाद विकलांग यात्री अपने गंतव्य रिश्तेदारी के लिए रवाना हुआ। रोजा जंक्शन प्लेटफार्म पर विकलांगों के लिए आने–जाने की व्यवस्था के लिए अगली मीटिंग में मुद्दा उठाया जाएगा और कोई रास्ता निकाला जाएगा प्रमोद सिंह कटिहार ब्रांड सेक्रेटरी उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन रोजा जंक्शन शाहजहांपुर। रेल प्रशासन को रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर माल गोदाम की ओर लिफ्ट लगाना चाहिए जैसे कि अन्य स्टेशन पर लिफ्ट लगी हुई है विकलांग व्यक्ति अपनी व्हीलचेयर लेकर लिफ्ट से अपने यात्रा करने वाले प्लेटफार्म पर उतरकर ट्रेन में सफल करें अमित भागवत मिश्रा ब्रांच सेक्रेटरी नॉर्दर्न रेलवे में यूनियन उत्तर रेलवे रोजा जंक्शन। ऐसी कोई समस्या मेरे सामने आई नहीं यदि ऐसी कोई समस्या है तो विकलांग यात्रियों के लिए कोई रास्ता निकाला जाएगा मंडल रेल प्रबंधक उत्तर रेलवे मुरादाबाद विनीत श्रीवास्तव।

## नशा मुक्ति हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** प्रेम किशन खन्ना राजकीय महाविद्यालय में 30 मार्च 2026 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तीसरे सामान्य शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्वयंसेवक एवं स्वयंसेवकों द्वारा गोद लिए गए ग्राम रुस्तमपुर में स्वच्छता कार्यक्रम के फलस्वरूप नशामुक्ति हेतु एक जन जागरूकता अभियान चलाया गया।। जिसमें स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने लोगों को शराब, ड्रग्स एवं अन्य मादक पदार्थ के सेवन से होने वाली बीमारियों से परिचित कराया। जागरूकता रैली के पश्चात एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य श्री कृष्णा सिंह ने किया। संगोष्ठी की थीम ÷ नशा मुक्ति अभियान÷ विषय पर स्वयंसेवकों स्वयंसेविकाओ को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने बताया कि नशा करने वाले लोगों को चिकित्सा एवं मनोवैज्ञानिक उपचार प्रदान कर उन्हें मुख्य धारा में वापस लाने, युवाओं को नशा के प्रति जागरूक करने और नशा मुक्ति स्वस्थ समाज एवं राष्ट्र निर्माण करने में अपना योगदान देने को प्रेरित किया। इस दौरान नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ यादवेंद्र कुमार आर्य ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर अवधेश कुमार, डॉ जयेंद्र कुमार, निशी, अंजलि, विजय शुक्ला, सत्यप्रकाश, पवन यादव, आदि उपस्थित रहे।

## बिना नोटिस दिए नगर निगम नें दो बैंकों को किया सील

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- बैंकों पर नोटिस चस्पा होने से गल्ला व्यापारियों व उपभोक्ताओं में मचा हड़कंप, क्लोजिंग का आखिरी दिन होने से बैंक कर्मचारी परेशान
- दोपहर बाद नगर आयुक्त से वार्ता के बाद खुले बैंक, चार घंटे कामकाज रहा ठप्प





रोजा मंडी समिति के अंदर बैंक ऑफ बड़ौदा और एचडीएफसी बैंक में सोमवार की सुबह नगर निगम में भवन टैक्स को लेकर नोटिस चस्पा कर दोनों बैंको को सील कर दिया हैं। दोनों बैंको से सील होने से उपभोक्ताओं में रोष हैं, वहीं क्लोजिंग का आखिरी दिन होने के कारण बैंक कर्मचारियों में चिंता हैं। दोपहर को दोनों बैंको के प्रबंधक व मंडी सचिव ने नगर आयुक्त से मुलाकात की। मुलाकात के बाद 15 दिन के अंदर टैक्स जमा कर देने के आश्वासन के बाद बैंके खुली। बैंके खुलने के बाद ग्राहकों व गल्ला व्यापारियों ने राहत की सांस ली। सोमवार की तड़के सुबह करीब सात बजे नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी रोजा मंडी स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा और एचडीएफसी बैंक पहुंचे। उन्होंने दोनों बैंकों के गेट पर नोटिस चस्पा कर हिदायत दी कि जब तक भवन टैक्स जमा नहीं किया जायेगा, तब तक बैंकों के ताले न खोले जाये, यदि ताले खोले गये तो बैंक शाखा प्रबंधक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई जायेगी। सुबह जैसे ही दोनों बैंकों के कर्मचारी बैंक पहुंचे तो नोटिस चस्पा देख उनके होश उड़ गए। कुछ ही देर बाद बैंकों के उपभोक्ता भी लेन-देन को लेकर बैंक पहुंच गए। देखते ही देखते दोनों बैंकों के बाहर उपभोक्ताओं की भीड़ लग गई। इस संबंध में बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक विमल वर्मा ने बताया कि हमारी बैंक मंडी प्रसाशन की किरायेदार हैं। बैंक मंडी को किराया देती हैं, यदि वाटर टैक्स आता हैं तो वह बैंक अदायगी करेंगी, लेकिन अभी वाटर टैक्स नहीं आ रहा हैं। किरायेदार होने के कारण मंडी प्रसाशन को प्रतिमाह किराया दिया जाता है। बैंकों के बाहर नोटिस चस्पा होने की सूचना मिलते ही मंडी सचिव रिंकू लाल कश्यप ने बैंक प्रबंधकों से वार्ता करने के बाद दोपहर प्रबंधकों के साथ नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा से मुलाकात की। बताया जाता हैं कि नगर आयुक्त ने 15 दिन के अंदर बकाया टैक्स जमा करने को कहा। इसके बाद दोपहर एक बजे बैंके खुली तो लोगों ने राहत की सांस ली। वही मंडी सचिव रिंकू लाल कश्यप ने बताया कि निगम द्वारा उनको भी कोई नोटिस नहीं दिया गया। बिना नोटिस दिए निगम ने बैंक को सील किया था। उन्होंने निगम कर मंडी का कर भी जमा कराया था। अधिकारियों से वार्ता कर दोपहर बाद बैंक खुल गई है।

## वन स्टॉप सेंटर जनपद में बाल विवाह को न चैंपियंस का सम्मान कार्यक्रम



**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी व जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर जनपद में बाल विवाह को न चैंपियंस का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चियों को कप देकर सम्मानित किया गया। साथ ही महिला सुरक्षा के लिए वन स्टॉप सेंटर व समस्त टोल फ्री नंबर 181, 112, 1098, 1090, 108, 1076 के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान अमृता दीक्षित जिला मिशन कोऑर्डिनेटर हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ़ वीमेन, वन स्टॉप सेंटर काउंसलर अर्चा मिश्रा, पारुल सिंह केस वर्कर, रश्मि देवी, कीर्ति मिश्रा जेंडर स्पेशलिस्ट रानी एमटीएस, बाल संरक्षण अधिकारी निकेत कुमार सिंह, काउंसलर प्रतिभा मिश्रा प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विनय शर्मा चाइल्ड हेल्पलाइन से सुधीर कुमार सुपरवाइजर, आरती त्रिवेदी काउंसलर किशोरिएं, महिलाएं उपस्थित रहीं।

## उर्स ए कलीमी में अदा की गई चादर पोशी की रस्म

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



खानकाहे हुसैनिया कलीमिया में चल रहे पाँच रोजा उर्से कलीमी के तीसरे दिन बाद नमाज़े फज्र कुंआन ख्वानी की गयी और बाद नमाज़े जोहर सज्जादा नशीन हज़रत सैयद मसऊद अहमद कलीमी की सरपरस्ती में खानकाह हुसैनिया कलीमिया के संस्थापक महान सूफी संत हजरत सैयद मुहम्मद हुसैन उर्फ दूल्हा मियाँ कलीमी व मसरूरे मिल्लत ताजुल उरफा हज़रत सैयद मसरूर अहमद कलीमी व खानकाह में स्थित सभी मजारात पर चादर पोशी की रस्म अदा करके गुल पोशी की गयी जिसमें प्रमुख रूप उर्स प्रभारी डा. सैयद असद अहमद कलीमी, नायब सज्जादानशीन सैयद मुसाद अहमद कलीमी उर्फ चिश्ती मियाँ, सैय्यद मुजीब अली, सैयद फखरे अली, सैयद सुहेब अहमद कलीमी चादर पेश करके खिराजे अकीदत पेश की। इसके साथ ही विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस, पूर्व विधायक वीरेन्द्र प्रताप सिंह मुन्ना, पूर्व विधायक राजेश यादव, सहित कई राजनीतिज्ञ व समाजसेवी हस्तियों ने भी पीराने उज्जाम के मज़ारात पर चादर पेश करके खिराजे अकीदत पेश की। रस्मे चादर पोशी का प्रोग्राम बाद नमाज़े जोहर शुरू हुआ जिसमें मशहूर कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश किए और बुजुर्गो की शान में नात व मनकबत का नजराना पेश किया। खानकाह परिसर में अकीदतमंदों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। चादरपोशी के दौरान कव्वालों ने अपने कलाम से अकीदतमंदो को भावविभोर कर दिया। देश के विभिन्न प्रांतों व दूर दराज से भारी संख्या में जायरीन ने खानकाह पहुँच कर खिराजे अकीदत पेश की। रात भर महफिले सिमा में कव्वालों को सुनने के लिए लोगों का हूजूम उमड़ा रहा। सज्जादानशीन से मुलाकात के लिए रात दिन जायरीन का तांता लगा हुआ है अकीदतमंद सज्जादानशीन से मुरीद भी हो रहे हैं। खानकाह परिसर सहित कलीमी इण्डस्ट्रीज़ स्टेशन रोड, ख्वाजा मंज़िल, आदि में जायरीनों को ठहराने का इंतेजाम किया गया है। हाईवे, मेन चैराहा, बाजार और सड़कों पर जायरीन की भारी गहमागहमी है। चाय, पान की गुमटियाँ और खाने के होटल रात दिन जायरीन से गुलजार नज़र आ रहे हैं। कपड़े और मिठाई की दुकानों पर खरीदारी के लिए जायरीन की भीड़ उमड़ रही है। टीमें रात दिन लंगर के इंतेजाम व जायरीन की सुरक्षा में जुटी हैं। खानकाह हुसैनिया कलीमिया की ओर से उर्स में निःशुल्क मेडिकल कैम्प लगाया गया है जिसमें 24 घंटे डॉक्टरों की टीम मौजूद रहेगी जो आने वाले जायरीन का परीक्षण कर निःशुल्क दवाई वितरित करेंगे। कैम्प का शुभारंभ नायब सज्जादा नशीन सैयद मुसाद अहमद कलीमी उर्फ चिश्ती मियाँ ने फीता काट कर किया। उर्स प्रभारी डॉ. सैयद असद अहमद कलीमी ने बताया कि हर वर्ष जायरीन की सुविधा के लिए दवाईयों का निःशुल्क कैम्प लगाया जाता है इस बार भी उर्स में कैम्प लगा गया है। बाद नमाज़े इशा महफिले सिमा का (कव्वाली) का आयोजन फातेहा ख्वानी के साथ हुआ जिसमें मुल्क के मशहूर कव्वालों ने मशहूर फारसी शायरों जैसे अल्लामा जामी, अल्लामा रूमी, हजरत अमीर खुसरो व हाफिज शीराजी और बेदम शाह वारसी के उर्दू व फारसी के कलाम पढ़े जिसे सुनकर जायरीन पर वज्द तारी हो गया। उर्स में प्रमुख रूप से विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस, पूर्व विधायक वीरेन्द्र प्रताप सिंह मुन्ना, पूर्व विधायक राजेश यादव,आरिश खान,याकूब अंसारी, किशवर अंसारी शरीफ़ अहमद अंसारी आदि मौजूद रहे। उर्स प्रभारी डा. सैयद असद अहमद कलीमी ने बताया कि कल 31 मार्च 2026 बरोज मंगल सुबह 09 बजे से ताजुल उरफा कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जायेगा जिसमें मुल्क के मशहूर उलमाए किराम व शायर हिस्सा लेंगे जिसमें अलजामियतुल चिश्तिया के छात्रों की दस्तारबंदी की जायेगी।

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र शिवम कुमार का चाल-चलन ठीक नहीं होने के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वह भविष्य में अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा कोई सरोकार नहीं होगा। देशराज पुत्र संतू नि.ग्रा.- पनई, थाना-पसगवां, जिला-लखीमपुर खीरी।

## सोशल मीडिया प्रतिबंध को लेकर तेज होती आवाजें

सोशल मीडिया पर सख्त प्रतिबंध लगाने की मांग कर रहे माता-पिता और अभियान समूहों ने लॉस एंजेलिस की एक ज्यूरी के 6 हफ्ते चली बहस के बाद दिए गए फैसले का स्वागत किया। ज्यूरी ने कहा कि इंस्टाग्राम, फेसबुक और व्हाट्सएप, जो मेटा कंपनी और यूट्यूब जो गूगल की ऐप है, ने जानबूझ कर ऐसे व्यसनकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बनाए, जिनसे कैली, एक 20 साल की लड़की, ने दावा किया कि इन प्लेटफॉर्म्स ने उसकी निजी समस्याओं को और बढ़ा दिया और उन्हें बॉडी डिस्मॉर्फिया, डिप्रेशन और आत्महत्या के विचारों से ग्रस्त कर दिया। मुआवजे के तौर पर कैली को 3 मिलियन डॉलर दिए गए। यह मेटा के खिलाफ ऐसे दावों पर ज्यूरी द्वारा दिया गया पहला फैसला है, क्योंकि कंपनी पर उसके प्लेटफॉर्मों द्वारा युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर मुकदमों की बाढ़ आ गई है। हालांकि मेटा के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, ''हम इस फैसले से पूरी तरह असहमत हैं और अपील करेंगे। हम प्लेटफॉर्मों पर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं और हानिकारक तत्वों या सामग्री की पहचान करने और उन्हें हटाने की चुनौतियों से भली-भांति परिचित हैं।''एक बयान में, न्यू मैक्सिको के अटॉर्नी जनरल राउल टोरेज, जो एक डेमोक्रेट हैं, ने इस फैसले को 'हर उस बच्चे और परिवार के लिए एक ऐतिहासिक जीत' बताया, जिसने मेटा द्वारा बच्चों की सुरक्षा से ऊपर मुनाफे को प्राथमिकता देने के कारण नुकसान उठाया है। उन्होंने कहा, ''ज्यूरी द्वारा मेटा को दिए जाने वाले भारी हर्जाने से बड़ी टैक कंपनियों के अधिकारियों को यह स्पष्ट संदेश जाना चाहिए कि कोई भी कंपनी कानून की पहुंच से बाहर नहीं है।'' इस परिणाम का असर संभवतः अमेरिका की अदालतों में चल रहे सैंकड़ों ऐसे ही मामलों पर पड़ेगा। ऑनलाइन एप्स किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रहे हैं और उन्हें सोशल मीडिया के एडिक्ट, हिंसक तथा अवसादग्रस्त बना रहे हैं, जिसका अंततः उनके शारीरिक स्वास्थ्य पर भी खराब असर पड़ता है। दूसरी ओर जर्मनी में भी एक महिला अभिनेत्री ने दावा किया कि गोर्ग नामक एक ऐप ने उसकी फर्जी तस्वीरें और फर्जी डाटा अपलोड किया। उसने कहा कि इससे उसका सारा करियर चौपट हो जाएगा। पिछले सप्ताह डेर स्पीगल, एक जर्मन अखबार, द्वारा रिपोर्ट किए गए इस मामले ने जर्मनी में इंटरनेट पर 'डिजिटल हिंसा' को लेकर एक बड़ी बहस छेड़ दी है। 250 से अधिक प्रमुख जर्मन महिलाओं ने सरकार से उन्हें 'डिजिटल यौन हिंसा' से बचाने का आह्वान किया है। कई अन्य देशों में भी 'अपने बच्चे के मासूम बचपन को पुनः प्राप्त करें' नाम से अभियान चल रहे हैं, जो इस बात पर जोर देते हैं कि बच्चों के लिए अनियंत्रित ऑनलाइन डाटा और प्रोग्रामों का संपर्क बेहद हानिकारक है, क्योंकि ये उन्हें हिंसक, यौन और फर्जी सामग्री का आदी बनाकर मानसिक रूप से नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे कभी-कभी अपूर्णीय क्षति भी हो सकती है। जबकि ऑस्ट्रेलिया और स्पेन ने 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए इंटरनेट पर प्रतिबंध लगा दिया है, क्या अब भारतीय राज्य और केंद्र सरकारों के लिए 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए इंटरनेट पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून बनाने का समय नहीं आ गया है? इस बीच, क्या माता-पिता को भी सक्रिय रूप से अपने छोटे बच्चों की आनलाइन गतिविधियों की निगरानी नहीं करनी चाहिए और उन्हें इंटरनेट के उपयोग से रोकना नहीं चाहिए? कुछ माता-पिता का तो यह भी कहना है कि 14 साल से कम उम्र के बच्चों को सीमित 'स्क्रीन टाइम' दिया जाना चाहिए।

# हिंसा से व्याकुल दुनिया को महावीर का मार्गदर्शन

*योगेश कुमार गोयल*



**धैर्य और सहनशीलता के बिना अहिंसा का पालन संभव नहीं है। जो व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में अपना धैर्य खो देता है, वह सच्चे अर्थों में अहिंसक नहीं हो सकता। यह शिक्षा आज के तनावपूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक जीवन में मानसिक संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देती है। उनकी अमृतवाणी का सार यह है कि मन, वचन और कर्म से किसी भी प्राणी को कष्ट न पहुंचाया जाए। यही सच्चा धर्म है और यही जीवन की सर्वोच्च साधना है। आज के समय में, जब मानवता अनेक चुनौतियों से जूझ रही है, चाहे वह नैतिक पतन हो, पर्यावरणीय संकट हो या मानसिक अशांति, भगवान महावीर की शिक्षाएं एक प्रकाश स्तंभ की तरह मार्गदर्शन करती हैं। उनका दर्शन न केवल व्यक्तिगत जीवन को सुधारने का मार्ग दिखाता है बल्कि समाज और विश्व में शांति, सद्भाव और संतुलन स्थापित करने की प्रेरणा भी देता है। महावीर जयंती केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि आत्ममंथन और आत्मसुधार का अवसर है। यह हमें अपने भीतर झांकने और यह विचार करने का अवसर देती है कि क्या हम वास्तव में अहिंसा, सत्य, संयम और करुणा के मार्ग पर चल रहे हैं। यदि हम भगवान महावीर के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं तो न केवल हमारा व्यक्तिगत जीवन सार्थक होगा बल्कि समाज और विश्व भी अधिक शांतिपूर्ण और मानवीय बन सकेगा। अत: यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भगवान महावीर की अमृतवाणी सदैव प्रासंगिक रहेगी। यह मानवता के लिए एक ऐसी अमूल्य धरोहर है, जो समय, परिस्थिति और युग की सीमाओं से परे जाकर हर युग में मार्गदर्शन करती रहेगी।**

अहिंसा परमो धर्मः का उद्घोष करने वाले भगवान महावीर का जीवन और दर्शन केवल एक धार्मिक परंपरा तक सीमित नहीं है बल्कि यह सम्पूर्ण मानवता के लिए शाश्वत मार्गदर्शक सिद्धांतों का स्रोत है। आज का युग विज्ञान, तकनीक और भौतिक उपलब्धियों के शिखर पर अवश्य पहुंच गया है लेकिन इसके साथ ही मानवता नैतिक, मानसिक और पर्यावरणीय संकटों से भी जूझ रही है। ऐसे समय में भगवान महावीर के उपदेश और अमृतवाणी पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो उठती है। आधुनिक जीवन की आपाधापी में मनुष्य अपने स्वार्थ, लोभ और अहंकार के वशीभूत होकर ऐसे निर्णय लेने लगा है, जो न केवल उसके अपने जीवन को प्रभावित करते हैं बल्कि समाज और प्रकृति के संतुलन को भी बिगाड़ देते हैं। हिंसा आज केवल शारीरिक रूप तक सीमित नहीं रही बल्कि विचारों, शब्दों और व्यवहार में भी व्याप्त हो चुकी है। प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड़ में व्यक्ति संवेदनहीन होता जा रहा है। ऐसे परिदृश्य में महावीर स्वामी का अहिंसा दर्शन मानवता को करुणा, सहिष्णुता और आत्मसंयम की ओर लौटने का आह्वान करता है।

भगवान महावीर का दर्शन इस मूल विचार पर आधारित है कि संसार का प्रत्येक जीव समान है और सभी में आत्मा का वास है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि किसी भी जीव को पीड़ा देना स्वयं अपने अस्तित्व को आहत करना है। आज जब पर्यावरण संकट, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के विनाश जैसी समस्याएं हमारे सामने खड़ी हैं, तब महावीर का यह सिद्धांत अत्यंत सार्थक प्रतीत होता है कि पेड़-पौधे, जल, वायु और अग्नि भी चेतन तत्व हैं और उनके प्रति भी संवेदनशीलता आवश्यक है। महावीर स्वामी ने केवल उपदेश ही नहीं दिए बल्कि अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि संयम, तप और आत्मानुशासन के माध्यम से मनुष्य अपने भीतर की अशुद्धियों को दूर कर सकता है। उन्होंने कर्म के सिद्धांत को स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्मों के लिए स्वयं उत्तरदायी है। कर्म ही जीवन की दिशा निर्धारित करते हैं और उसी के अनुसार जीव विभिन्न योनियों में भ्रमण करता है। यह विचार आज के समय में व्यक्ति को अपने आचरण के प्रति सजग और जिम्मेदार बनने की प्रेरणा देता है।

उनकी अमृतवाणी में जीवन के हर पहलू के लिए मार्गदर्शन निहित है। वे कहते हैं कि संसार के सभी प्राणी बराबर हैं, इसलिए 'जीओ और जीने दो' का सिद्धांत अपनाना चाहिए। यह केवल एक नैतिक उपदेश नहीं बल्कि सामाजिक सद्भाव और शांति का आधार है। यदि समाज में हर व्यक्ति इस सिद्धांत को आत्मसात कर ले तो हिंसा, द्वेष और संघर्ष स्वतः समाप्त हो सकते हैं। महावीर स्वामी ने यह भी कहा कि अहिंसा से बड़ा कोई व्रत नहीं है। आज जब युद्ध, आतंकवाद और सामाजिक हिंसा विश्व के विभिन्न हिस्सों में व्याप्त हैं, तब यह संदेश अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो व्यक्ति स्वयं हिंसा करता है, दूसरों से करवाता है या हिंसा का समर्थन करता है, वह अपने लिए शत्रुता और दुःख का बीज बोता है। यह विचार आधुनिक समाज में नैतिक जिम्मेदारी और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करता है।

उनका धर्म केवल कर्मकांड तक सीमित नहीं था बल्कि आंतरिक शुद्धता पर आधारित था। उन्होंने कहा कि धर्म का स्थान आत्मा की पवित्रता में है, बाहरी आडंबर उसमें सहायक तो हो सकते हैं परंतु अनिवार्य नहीं। यह विचार आज के समय में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जब धर्म का स्वरूप कई बार बाहरी प्रदर्शन तक सीमित हो जाता है। महावीर का संदेश हमें सच्चे धर्म की ओर लौटने का मार्ग दिखाता है, जहां आत्मा की शुद्धता और आचरण की पवित्रता ही सर्वोपरि है। महावीर स्वामी ने मानव मन के चार प्रमुख दोषों (क्रोध, मान, माया और लोभ) को जीवन के पतन का कारण बताया। उन्होंने कहा कि क्रोध प्रेम को नष्ट करता है, अहंकार ज्ञान को, छल मित्रता को और लोभ सभी गुणों को समाप्त कर देता है। आज के तनावपूर्ण जीवन में यह शिक्षाएं अत्यंत उपयोगी हैं। यदि व्यक्ति इन दोषों पर नियंत्रण कर ले तो उसका जीवन संतुलित और सुखमय बन सकता है।

उनकी वाणी में सामाजिक समानता का भी स्पष्ट संदेश मिलता है। उन्होंने कहा कि जन्म से नहीं बल्कि कर्म से व्यक्ति महान बनता है। यह विचार सामाजिक न्याय और समानता की भावना को मजबूत करता है। आधुनिक लोकतांत्रिक मूल्यों के संदर्भ में भी यह सिद्धांत अत्यंत प्रासंगिक है। महावीर स्वामी ने सेवा को सर्वोच्च धर्म बताया। उन्होंने कहा कि रोगियों और पीड़ितों की सेवा करना प्रभु की सेवा से भी बढ़कर है। आज जब समाज में संवेदनहीनता बढ़ती जा रही है, तब यह संदेश मानवता को पुनः जागृत करने का कार्य करता है। कोरोना महामारी जैसे संकटों के दौरान हमने देखा कि सेवा और सहानुभूति ही समाज को संभालने का सबसे बड़ा आधार बनी। उनकी शिक्षाओं में स्त्री-पुरुष समानता का भी उल्लेख मिलता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुक्ति पाने का अधिकार सभी को समान रूप से है। यह विचार आज के समय में लैंगिक समानता के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

महावीर स्वामी का दर्शन हमें यह भी सिखाता है कि धैर्य और सहनशीलता के बिना अहिंसा का पालन संभव नहीं है। जो व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में अपना धैर्य खो देता है, वह सच्चे अर्थों में अहिंसक नहीं हो सकता। यह शिक्षा आज के तनावपूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक जीवन में मानसिक संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देती है। उनकी अमृतवाणी का सार यह है कि मन, वचन और कर्म से किसी भी प्राणी को कष्ट न पहुंचाया जाए। यही सच्चा धर्म है और यही जीवन की सर्वोच्च साधना है। उन्होंने यह भी कहा कि आत्मा अमर है, शरीर नश्वर है और जीवन का अंतिम लक्ष्य आत्मा की मुक्ति है। यह विचार व्यक्ति को आध्यात्मिक दृष्टि प्रदान करता है और जीवन के वास्तविक उद्देश्य को समझने में सहायता करता है।

आज के समय में, जब मानवता अनेक चुनौतियों से जूझ रही है, चाहे वह नैतिक पतन हो, पर्यावरणीय संकट हो या मानसिक अशांति, भगवान महावीर की शिक्षाएं एक प्रकाश स्तंभ की तरह मार्गदर्शन करती हैं। उनका दर्शन न केवल व्यक्तिगत जीवन को सुधारने का मार्ग दिखाता है बल्कि समाज और विश्व में शांति, सद्भाव और संतुलन स्थापित करने की प्रेरणा भी देता है।

महावीर जयंती केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि आत्ममंथन और आत्मसुधार का अवसर है। यह हमें अपने भीतर झांकने और यह विचार करने का अवसर देती है कि क्या हम वास्तव में अहिंसा, सत्य, संयम और करुणा के मार्ग पर चल रहे हैं। यदि हम भगवान महावीर के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं तो न केवल हमारा व्यक्तिगत जीवन सार्थक होगा बल्कि समाज और विश्व भी अधिक शांतिपूर्ण और मानवीय बन सकेगा। अतः यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भगवान महावीर की अमृतवाणी सदैव प्रासंगिक रहेगी। यह मानवता के लिए एक ऐसी अमूल्य धरोहर है, जो समय, परिस्थिति और युग की सीमाओं से परे जाकर हर युग में मार्गदर्शन करती रहेगी।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## विचार

# चीनी सीसीटीवी बैन करते थे मुखबिरी



*अजय कुमार*

देश भर में सुरक्षा की दीवार खड़ी करने के नाम पर लगाए जा रहे कैमरे अब खुद सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गए थे। लेकिन अब सरकार ने इस चुपके से फैल रही जासूसी के जाल पर सख्ती से हमला बोला है। 1 अप्रैल 2026 से चीनी कंपनियों के इंटरनेट से जुड़े सीसीटीवी कैमरों की बिक्री पर रोक लग जाएगी। हिकविजन, दाहुआ और टीपी लिंक जैसे ब्रांड बिना एसटीक्यूसी सर्टिफिकेशन के अब बाजार में नहीं आ सकेंगे। यह फैसला सिर्फ बाजार को बदलने वाला नहीं है, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा को नई दिशा देने वाला है। हाल की घटनाओं ने साफ कर दिया कि सस्ते कैमरों के पीछे कितना बड़ा खतरा छिपा था। पिछले कुछ हफ्तों में गाजियाबाद पुलिस ने एक ऐसा जासूसी गिरोह पकड़ा, जिसमें पाकिस्तान की आईएसआई सीधे भारतीय रेलवे स्टेशनों की निगरानी कर रही थी। दिल्ली कैंट और सोनीपत स्टेशन के पास सोलर पैनल वाले छिपे कैमरे लगाए गए थे। इनकी लाइव फीड पाकिस्तान तक पहुंच रही थी। अठारह दिन तक सोनीपत स्टेशन के प्लेटफॉर्मों की हर गतिविधि दुश्मन की स्क्रीन पर दिख रही थी। यह सिर्फ एक मामला नहीं था। सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे देश में सीसीटीवी नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है। गृह मंत्रालय ने सभी बड़े शहरों में हर कैमरे की फिजिकल वेरिफिकेशन का आदेश दिया है। क्योंकि पता चला कि कई कैमरे न सिर्फ विदेशी सर्वर से जुड़े थे, बल्कि उनकी फीड बिना किसी की जानकारी के बाहर भेजी जा रही थी।

भारत में सीसीटीवी का विस्फोटक विस्तार हुआ है। हर घर के गेट पर, ड्रॉइंग रूम में, बच्चों के कमरे के बाहर, यहां तक कि किचन और बेडरूम तक कैमरे लग रहे हैं। कीमतें गिरने के कारण चीन से सस्ते हार्डवेयर आयात हो रहे थे। भारतीय कंपनियां उन पर अपना स्टिकर चिपका कर बेच रही थीं। लेकिन हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर दोनों में कमजोरियां थीं। कैमरा सेटअप करते ही यूजर को कंसेंट देना पड़ता था कि कंपनी रिकॉर्डिंग को ट्रेनिंग के लिए इस्तेमाल करेगी। इसका मतलब साफ था कि आपकी निजी जिंदगी किसी और की स्क्रीन पर भी हो सकती है। डेटा विदेशी सर्वर पर जा रहा था। पासवर्ड डिफॉल्ट रखे जाते थे। इंस्टॉलर सालों तक उसी पासवर्ड से एक्सेस रखता था। फर्मवेयर अपडेट नजरअंदाज कर दिए जाते थे। नतीजा यह कि घर की हर गतिविधि, कब कौन आया, कब बाहर गया, सब किसी और के पास पहुंच जाता था। यह खतरा सिर्फ घरों तक सीमित नहीं था। पब्लिक जगहों पर लगे कैमरे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए और भी खतरनाक साबित हो रहे थे। रेलवे स्टेशनों, सरकारी दफ्तरों और संवेदनशील इलाकों में भी यही चीनी कैमरे लगे थे। हाल की जासूसी घटनाओं ने दिखा दिया कि दुश्मन इन्हें आसानी से हाइजैक कर सकता है। मिडिल ईस्ट की हालिया जंग में भी सीसीटीवी को टारगेट बनाकर प्रेसाइज अटैक किए गए थे। भारत में भी यही आशंका थी। इसलिए सरकार ने अब सख्त गाइडलाइंस जारी की हैं। मीटवाई ने सीसीटीवी के लिए एसेंशियल रिक्वायरमेंट्स तय किए हैं। हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, सोर्स कोड, सबकी जांच होगी। बिना सर्टिफिकेशन के कैमरे बेचना गैरकानूनी होगा। यह नियम सरकारी खरीद पर पहले से लागू था, लेकिन अब निजी बाजार पर भी पूरी तरह लागू हो जाएगा।

नए नियमों का सबसे बड़ा फायदा भारतीय कंपनियों को मिलेगा। सीपी प्लस, स्पार्श, मैट्रिक्स जैसी देशी ब्रांड्स अब बाजार पर कब्जा कर लेंगी। पहले चीनी ब्रांड्स ने सस्ती कीमत के नाम पर तीस प्रतिशत से ज्यादा बाजार हिस्सा हथिया लिया था। अब कीमतें थोड़ी बढ़ सकती हैं, लेकिन सुरक्षा की कीमत चुकाने लायक है। सरकार का कहना है कि हर कैमरे में एंड टू एंड एनक्रिप्शन, लोकल डेटा स्टोरेज और पारदर्शी सर्वर पॉलिसी होनी चाहिए। डेटा भारत में ही रहेगा। कोई विदेशी सर्वर नहीं। यह बदलाव न सिर्फ जासूसी रोकने के लिए जरूरी है, बल्कि आम नागरिक की निजी जिंदगी की रक्षा के लिए भी है। फिर भी सबसे बड़ा सवाल पुराने कैमरों का है। देश में करोड़ों सीसीटीवी पहले से लगे हुए हैं। इनमें ज्यादातर के पासवर्ड कभी बदले नहीं गए। फर्मवेयर अपडेट नहीं हुए। इंस्टॉलर के पास अभी भी एक्सेस हो सकता है। कई मामलों में घर के कैमरे से ब्लैकमेलिंग के प्रयास भी सामने आए हैं। कोई आपके घर की रूटीन जान ले तो फिजिकल सिक्योरिटी भी खतरे में पड़ जाती है। इसलिए सरकार को सिर्फ नई बिक्री रोकने से काम नहीं चलेगा। मौजूदा कैमरों का पूरा ऑडिट करना होगा, खासकर पब्लिक प्लेसेज में। हर कैमरे की लोकेशन, मॉडल और सिक्योरिटी चेक हो। आम लोगों को भी जागरूक होना होगा।

अगर आप घर में सीसीटीवी लगा रहे हैं, तो कुछ बुनियादी बातें याद रखें। इंस्टॉलेशन के तुरंत बाद डिफॉल्ट पासवर्ड बदल दें। मजबूत पासवर्ड रखें, जिसमें अक्षर, अंक और स्पेशल कैरेक्टर हों। इंस्टॉलर को कभी भी एडमिन एक्सेस न दें। उसके फोन से लॉगआउट करवाएं। ब्रांड चुनते समय पूछें कि डेटा कहां स्टोर होता है। एंड टू एंड एनक्रिप्शन वाले कैमरे चुनें। फर्मवेयर और ऐप नियमित अपडेट करें। अगर संभव हो, तो कैमरे को अलग गेस्ट नेटवर्क पर चलाएं। रिमोट एक्सेस की जरूरत न हो, तो उसे बंद रखें। बेडरूम या निजी जगहों पर कैमरा लगाने से पहले दो बार सोचें। सुरक्षा जरूरी है, लेकिन गोपनीयता उससे भी ज्यादा। यह फैसला सिर्फ एक ब्रांड पर रोक नहीं है। यह पूरे सिस्टम को सुरक्षित बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। चीन से आयातित कैमरों में हार्डवेयर बैकडोर की आशंका हमेशा रही है। सॉफ्टवेयर भी थर्ड पार्टी का इस्तेमाल होता था। अब सरकार सुनिश्चित कर रही है कि हर कैमरा टेस्टेड और सर्टिफाइड हो। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ लंबे समय से चेतावनी दे रहे थे कि सस्ते कैमरे सुरक्षा के नाम पर खतरा बन रहे हैं। अब सरकार ने उनकी बात मानी है। लेकिन चुनौती अभी खत्म नहीं हुई। पुराने कैमरों को अपग्रेड करने या बदलने की मुहिम चलानी होगी। बाजार में पहले से जो स्टॉक है, उसका क्या होगा? कुछ कंपनियां पुराना माल क्लियर करने की तैयारी में हैं, लेकिन एक अप्रैल के बाद बिना सर्टिफिकेशन के बिक्री नहीं होगी। इससे छोटे वेंडरों पर असर पड़ेगा, लेकिन लंबे समय में पूरे सिस्टम की



विश्वसनीयता बढ़ेगी।

भारतीय कंपनियां अब और बेहतर प्रोडक्ट ला रही हैं। वे लोकल सर्वर, बेहतर एन्क्रिप्शन और आसान अपडेट दे रही हैं। आम आदमी को समझना होगा कि सुरक्षा सिर्फ कैमरा लगाने से नहीं आती। उसे सही तरीके से इस्तेमाल करना और सुरक्षित रखना भी जरूरी है।आज के डिजिटल युग में हर घर और हर सार्वजनिक जगह निगरानी में है। लेकिन निगरानी का मतलब जासूसी नहीं होना चाहिए। सरकार का यह कदम देश को आत्मनिर्भर बनाने और विदेशी खतरे से बचाने का संकेत है। फिर भी जागरूकता सबसे बड़ी सुरक्षा है। हर नागरिक को अपने कैमरे की सेटिंग चेक करनी चाहिए। पासवर्ड बदलना चाहिए। अपडेट करना चाहिए। तभी यह कैमरा सुरक्षा का हथियार बनेगा, न कि कमजोरी। वरना सस्ते कैमरे की चकाचौंध में हम अपनी निजी जिंदगी और राष्ट्र की सुरक्षा दोनों खो सकते हैं। समय आ गया है कि हम सुरक्षा को सिर्फ दिखावा न बनाएं, बल्कि उसे वाकई मजबूत बनाएं।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)*

साहित्य



## नहीं, मैं समझ नहीं पाई...

**पूजा चक्रवर्ती**

नहीं, मैं समझ नहीं पाई थी,
जब मुझे निहारते,
तेरी आँखें भर आई थीं।
मैंने तवज्जो तब भी नहीं दिया,
जब तूने मेरा दुपट्टा सही किया।
तू झुमके लाया,
मैं खनक में उसकी खो गई,
ना समझी वो दोस्ती तेरी,
कब प्यार में तब्दील हो गई।
मेरे आगे चलता दबंग तू,
काश तुझे मैं और जान पाती,
ये तरीक़े सारे इज़हार के तेरे,
मैं वक्त रहते पहचान पाती।
पहचान पाती कि इन निगाहों के पीछे
तेरे दिल में एक शोर है,
ये तेरी दोस्ती से बढ़कर
शायद कुछ और है।
उस झुमके की खनक में
एक दबी-सी आवाज़ भी थी,
वो महज़ तोहफ़ा नहीं,
तेरे प्यार का आग़ाज़ भी थी।



## राशिफल

**मेषः–** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**वृषभः–** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। जरूरी कार्य की समय से पूर्ति करें।

**मिथुनः–** नये क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बरतें।

**कर्कः–** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। रोजगार में क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा।

**सिंहः–** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कन्याः–** मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी बुरी सभी स्थितियों के साथ समझौतावादी बनें। आलस्य कतई न करें।

**तुलाः–** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें।

**वृश्चिकः–** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**धनुः–** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में जाया न करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकते हैं। जरूरी कार्य की पूर्ति समय से करें।

**मकरः–** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

**कुंभः–** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद माहौल होगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें।

**मीनः–** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

# पश्चिमी यूपी में मायावती पुराने सपने और नई रणनीति के साथ



*संजय सक्सेना*



बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का जेवर के नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण के उद्घाटन के बहाने पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य और उसके लिए हाईकोर्ट की अलग बेंच बनाने की मांग फिर से उठाना केवल एक भावुक नारा नहीं है, बल्कि एक लंबी चली आ रही राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है। इस मुद्दे को बार-बार तराशकर वह न सिर्फ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के स्थानीय असंतोष को अपनी राजनीति में बदलना चाहती हैं, बल्कि बसपा को एक वैकल्पिक अस्तित्व के रूप में भी स्थापित करना चाहती हैं, जिससे दल को ताकत और मान्यता दोनों मिल सकें।

जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन होते ही मायावती ने यह दावा किया कि इस परियोजना की रूपरेखा और इसके जरूरी बुनियादी काम उनकी बसपा सरकार के शासनकाल में ही शुरू हो चुके थे। उनका यह दावा बसपा को विकासवादी दल के रूप में पेश करने वाला है, जिससे उत्तर प्रदेश की जनता के सामने यह संदेश जाता है कि बसपा केवल जातिगत मुद्दे उठाने वाली पार्टी नहीं, बल्कि बड़ी परियोजनाओं की सोच भी रखती है। इस तरह वह एयरपोर्ट के नाम पर न केवल अपने शासनकाल की राजनीतिक विरासत जीवित रख रही हैं, बल्कि मौजूदा सरकार और अन्य तीनों बड़े दलों- भाजपा, सपा और कांग्रेस को विकास कार्यों में देरी और रुकावट का दोषी भी ठहरा रही हैं। इसी कड़ी में वह पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की अलग बेंच और वहाँ के लिए अलग राज्य बनाने के सपने को दोहरा कर एक नया तर्क बना रही हैं। उनका संदेश स्पष्ट है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश, जो औद्योगिक गलियारों, खजूरी खेतों, और नोएडा-गुरुग्राम जैसे नए शहरों का घर है, आज भी अदालती और प्रशासनिक देरी और निर्णयों की दूरी से जूझ रहा है। इस असंतोष को वह बसपा के पक्ष में मोड़ने की कोशिश कर रही हैं, ताकि वहाँ के छोटे व्यापारी, उद्योगपति, भूमि-मालिक और नव-निर्मित पड़ोस बसपा को अपनी उम्मीद का केंद्र बना सकें, जो पहले शायद भाजपा या सपा की ओर झुके रहे हैं। अलग प्रदेश की मांग को फिर से उठाकर मायावती बसपा के लिए कई तरह के फायदे तैयार करने की कोशिश कर रही हैं। सबसे पहले, यह मुद्दा पार्टी को एक बड़े राज्य-स्तरीय रणनीति के रूप में पेश करता है, न कि केवल जातिगत या विधानसभा-स्तरीय तंत्र के रूप में। उत्तर प्रदेश के विभाजन की चर्चा आज-कल केवल बसपा तक सीमित नहीं है, बल्कि राज्य भर के राजनीतिक गलियारों में भी चल रही है, लेकिन बसपा इसे अपनी राजनीति का केंद्र बनाकर अपनी विशिष्ट पहचान बनाए रखना चाहती है। इससे पार्टी को एक नई राजनीतिक भाषा भी मिलती है, जिसमें न केवल दलित, आदिवासी और अन्य पिछड़े वर्गों की बात होगी, बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों के विकास और न्याय की बात भी शामिल होगी। दूसरे, अलग प्रदेश की मांग बसपा को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जातिगत और सामाजिक समूहों को एक साथ जोड़ने का मौका देती है। यहाँ दलित, ओबीसी, जाट, गुज्जर, राजपूत और अन्य छोटी जातियाँ रहती हैं, जो अक्सर अलग-अलग राजनीतिक दलों के खेमों में बंटी रहती हैं। मायावती की रणनीति यह है कि स्थानीय असंतोष और विकास की मांग को एक दूसरे से जोड़कर बसपा उन सबको एक नए राजनीतिक विकल्प के रूप में पेश करे, जहाँ जाति अलग-अलग नहीं होगी, बल्कि क्षेत्रीय और विकासवादी एजेंडा हावी होगा। ऐसी स्थिति में बसपा न केवल अपनी मूल आधार-जनता को बचाए रख सकती है, बल्कि नए वोट-बैंक भी बना सकती है, जो पहले भाजपा या सपा के पास रहते थे। तीसरा, यह रणनीति बसपा को राजनीतिक रूप से मजबूत विपक्षी दल के रूप में दिखाने में मदद कर सकती है। उत्तर प्रदेश में भाजपा-संचालित राज्य सरकार के दौर में अलग राज्य की मांग से यह संदेश निकलता है कि प्रदेश बड़ा होने के कारण विकास और न्याय दोनों ही धीमे हो रहे हैं। इस दावे को बसपा अपने विकासवादी एजेंडा के साथ जोड़कर यह बताना चाहती है कि अगर वह सत्ता में आई, तो सिर्फ जातिगत आरक्षण और सामाजिक न्याय तक ही सीमित नहीं रहेगी, बल्कि प्रशासनिक सुधार और भू-राजनीति को भी नए सिरे से सोचेगी। इससे पार्टी की छवि बदल सकती है, जो आज भी कई लोगों को सिर्फ दलित-नेतृत्व पार्टी लगती है, वह धीरे-धीरे एक व्यापक जन-आधार वाली राज्य-स्तरीय राजनीतिक शक्ति के रूप में गिनी जा सकती है। चौथा, अलग प्रदेश की मांग बसपा को मीडिया और जनता के बीच लगातार चर्चा में रहने का अवसर देती है। जब भी राज्य-विभाजन, न्यायपालिका की अलग बेंच या औद्योगिक विकास जैसे विषय आते हैं, बसपा का नाम उस संवाद में जरूरी तौर पर आता है। इससे पार्टी को उत्तर प्रदेश के राजनीतिक समीकरण में बने रहने की प्रासंगिकता मिलती है, भले ही कभी-कभी चुनावी आंकड़े उसके अनुकूल नहीं हों। मीडिया-समय और चर्चा का यह फायदा बसपा को नए नेताओं को उभारने, युवाओं को जोड़ने और स्थानीय स्तर पर नेता-बनावट की प्रक्रिया आगे बढ़ाने में मदद कर सकता है।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### कस्बे में निकाली गई दधि कांधो शोभा यात्रा



**शाहाबाद हरदोई।** रामनवमी के उपलक्ष्य में दाधि कांधौ शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रविवार की रात निकाली गई। इस शोभायात्रा में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। शोभा यात्रा का शुभारंभ खाटू श्याम महाराज के दरबार चौक से हुआ। देवी देवताओं की झांकियों से सुसज्जित शोभायात्रा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सराफा बाजार, घंटाघर, सदर बाजार, बड़ी बाजार, स्टेट बैंक होते हुए नगर पालिका परिषद कार्यालय पर पहुंची जहां शोभा यात्रा का समापन किया गया। शोभा यात्रा में देवी देवताओं की मनोरम झांकियों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय फोर्स बल के साथ शोभा यात्रा का जायजा लेते रहे। शोभा यात्रा में भगवान शरण वर्मा, रजनीश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल हुए।

### जनसुनवाई की शिकायतों का हो न्याय पूर्ण निस्तारण: एसपी



**हरदोई।** सोमवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने पीड़ितों की शिकायतों को सुनते हुए अधिनस्थों को न्यायपूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। पुलिस कार्यालय पर न्याय पाने की आस में आये पीड़ितों से उन्होंने पुलिस कार्यालय तक आने की वजह भी जानी और सभी फरियादियों के प्रार्थना पत्र का गहनता से अवलोकन कर सम्बंधित अधीनस्थ को कार्यवाही के लिए अग्रसारित किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को चेताया है कि थाने आने वाले पीड़ितों की तत्काल रिपोर्ट दर्ज की जाए और उनका न्यायपूर्ण निस्तारण किया जाए ।ताकि पीड़ितों को पुलिस कार्यालय तक न्याय के लिए भटकना न पड़े।

### मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में पिता की मौत, पुत्री घायल

**जगम्मनपुर (जालौन)।** क्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में पिता की मौत हो गयी जबकि पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरी बाइक पर सवार युवक मौके से फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जगम्मनपुर से करीब 2 किलोमीटर दूर जुहीखा रोड स्थित अड्डा के पास यह हादसा अपराह्न करीब 1 बजे हुआ। बाबरपुर (थाना अजीतमव) निवासी रविंद्र कुमार (55 वर्ष) अपनी पुत्री शिवानी (लगभग 30 वर्ष) का इलाज कराकर काड़वां, रामपुरा से अपने गांव लौट रहे थे। वे अपनी मोटर साइकिल (यूपी 79 ए 3560, कावासाकी बॉक्सर) से जा रहे थे। इसी दौरान यमुना पुल की ओर से तेज गति से आ रही एक बिना नंबर की हीरो मोटरसाइकिल ने उनकी बाइक में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रविंद्र कुमार की मौत हो गयी जबकि उनकी पुत्री शिवानी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जा रहा है कि दूसरी बाइक पर सवार युवक, जिनमें एक का नाम कल्लू बताया जा रहा है, भी घायल हुआ, लेकिन उसके साथी उसे तुरंत मौके से ले गए और बिना किसी को सूचना दिए फरार हो गए। उक्त बाइक ग्राम गूंज, थाना अयाना (जनपद औरैया) की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही जगम्मनपुर पुलिस चौकी से पुलिस टीम और डायल 112 मौके पर पहुंची। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा भेजा गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार बाइक सवारों की तलाश की जा रही है।

### बैंक शाखाओं में भीड़ के मद्देनजर पुलिस टीमों ने रखी संदिग्धों पर नजर

**कालपी (जालौन)।** दो दिनों की लगातार बंदी होने के उपरांत बैंक की शाखाएं सोमवार को खुल गई। फलस्वरूप बैंकों की शाखाओं में ग्राहकों एवं खातेधारकों की भीड़भाड़ को दृष्टिगत रखते हुये कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रम्ह तिवारी, एडीशनल इंस्पेक्टर अवनीश कुमार,एसएसआई उदय प्रताप सिंह के अलावा चौकी इंचार्जों, सब इंस्पेक्टरों ने टीमों के द्वारा बैंक की शाखाओं तथा बित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस ने बैंकों के आसपास घूमने वाले संदिग्ध लोगों से पूंछतांछ की। कोतवाली के सब इंस्पेक्टरों तथा सिपाहियों की टीम ने भारतीय स्टेंट बैंक, इंडियन बैंक, एचडीएफसी बैंक की शाखाओं में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसी क्रम में सब इंस्पेक्टर ने कैनरा बैंक की शाखा में पुलिस जवानों ने शाखा प्रबंधक अवनीश कुमार प्रजापति, विवेक कुमार, मजहर हुसैन के साथ बैंक परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की। इस दौरान पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों तथा सायरन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बैंक ऑफबड़ौदा तथा इंडियन बैंक मंडी शाखा आदि शाखाओं का भी निरीक्षण करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। बैंकों की शाखाओं में सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात सुरक्षा कर्मियों से संवाद स्थापित करके कहा कि सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरती जाये।

### पांच किमी दंडवत यात्रा कर जिला पंचायत सदस्य ने कर्ण देवी मंदिर में किया दर्शन



**जगम्मनपुर (जालौन)।** क्षेत्र में सोमवार को श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला, जब जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राघवेंद्र पांडे ने लगभग 5 किलोमीटर लंबी दंडवत यात्रा कर कर्ण देवी मंदिर में माता रानी के दर्शन किए। उनकी इस कठिन साधना और समर्पण ने पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना दिया। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योति राघवेंद्र पांडे के प्रतिनिधि राघवेंद्र पांडे ने प्रातः लगभग 5 बजे ग्राम जगम्मनपुर स्थित बड़ी माता मंदिर से अपनी दंडवत यात्रा प्रारंभ की। वे पूरे मार्ग में सड़क पर लेट-लेटकर दंडवत करते हुए आगे बढ़ते रहे। यह कठिन यात्रा करीब 11 बजे कर्ण देवी मंदिर पहुंचकर पूर्ण हुई, जहां उन्होंने विधि-विधान से माता रानी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस धार्मिक यात्रा में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योति पांडे स्वयं भी शामिल रहीं। उनके साथ परिवारजन, समर्थक एवं ग्राम जगम्मनपुर के सैकड़ों श्रद्धालु भी इस आस्था यात्रा का हिस्सा बने। पूरे मार्ग में देवी गीतों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया, जिससे हर कोई भक्ति रस में डूबा नजर आया। यात्रा के दौरान जगह-जगह ग्रामीणों ने दंडवत यात्री राघवेंद्र पांडे और उनके साथ चल रहे श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। लोगों ने इसे आस्था, समर्पण और विश्वास का अनूठा उदाहरण बताया। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार की धार्मिक आस्था से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और लोगों में धर्म एवं संस्कृति के प्रति जुड़ाव और अधिक मजबूत होता है।

# नितिन अग्रवाल ने विकास कार्यों की गूंज के बीच मांगा चुनावी समर्थन

**हरियावां/हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



हरियावां ब्लॉक परिसर में आयोजित क्षेत्र पंचायत बैठक के दौरान नवनिर्मित बाबू शिरीष चंद्र अग्रवाल सभागार का उद्घाटन आबकारी मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में मंत्री ने अपने कार्यकाल के विकास कार्यों को गिनाते हुए आगामी विधानसभा चुनाव के लिए समर्थन की अपील की। मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि उनके लिए हर कार्यकर्ता बेहद महत्वपूर्ण है, चाहे वह किसी पद पर हो या नहीं। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य और अन्य जनप्रतिनिधि हमेशा उनके साथ खड़े रहते हैं। मंत्री ने दावा किया कि पिछले दो वर्षों में उनकी विधानसभा क्षेत्र में करीब 200 करोड़ रुपये की लागत से सड़कों का निर्माण कराया गया है, जिससे क्षेत्र में विकास को नई दिशा मिली है। उन्होंने हरियावां ब्लॉक को जनपद के 19 ब्लॉकों में विकास के मामले में नंबर एक बताया और कहा कि मनरेगा के तहत 15 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा जा रहा है। इससे क्षेत्र में और तेजी से विकास कार्य होंगे। अपने संबोधन में मंत्री ने कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर समर्थन मांगा और कहा कि अब आप सभी की परीक्षा की घड़ी है, जिस तरह मैं हर समय आपके साथ खड़ा रहा, उसी तरह आप भी मेरा साथ दें। बैठक में पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजीव सिंह टेनी ब ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शशांक सिंह ने मंत्री के विकास कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख रामदयाल, मुनेन्द्र सिंह, मुकेश गुप्ता, मीना वर्मा, राम प्रताप सिंह, पुनीत मिश्रा, विनीत मिश्र, आषुतोष मिश्र,कुलदीप मिश्रा, रामगोपाल वर्मा, रामसेवक वर्मा, कुलदीप तिवारी , पूर्व मंडल अध्यक्ष आंनद कुमार राठौर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## समाज सेविका द्वारा असहाय व बुजुर्गों को वितरित किए गए उपकरण



**हरपालपुर, हरदोई।** कृष्णा कुमारी सेवा संस्थान की संचालिका व समाजसेविका शालिनी सिंह द्वारा बुजुर्गों व असहाय लोगो को जरूरतमंद उपकरण वितरित करते हुए उनके जीवन को सहारा प्रदान किया गया।श्री मती शालिनी सिंह ने अपने पैतृक गांव बरनई में अपने निजी आवास पर गसँव के बुजुर्ग असहाय व दिव्यांग जनों को जरूरत मंद उपकरण वितरित करते हुए उनका हाल चाल लिया।उन्होंने गांव के लगभग 35 लोगों को ट्राई साइकिल, कमर बेल्ट,कान मशीन, छड़ी इत्यादि का वितरण किया। जरूरत मंद बुजुर्ग उपकरण पाने के बाद खुशी नजर आये।इस मौके पर, जितेंद्र मिश्रा जीतू एडवोकेट, सर्वेश, राजू, भीम, सर्वेंद्र, रामवीर, जीतू सिंह, व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## आपरेशन मुस्कान में गुम हुए युवक को चौबीस घंटे में किया बरामद



**कुठौंद (जालौन)।** कुठौंद थाना पुलिस ने आपरेशन मुस्कान के तहत गायब हुये युवक को चौबीस घंटे में बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम ऐकों निवासी प्रवीण कुमार पुत्र उदय सिंह 22 वर्ष 29 मार्च को बगैर बताये घर से चला गया था। जिसकी उदय सिंह ने तहरीर थाना पुलिस को दी थी। इसके बाद आपरेशन मुस्कान के तहत घर से गायब युवक प्रवीण की खोजबीन में थानाध्यक्ष जगदंबा दुवे के निर्देशन में उप निरीक्षक शीलवंत सिंह, उप निरीक्षक सत्यपाल सिंह व सिपाही सर्वेश कुमार गायब युवक की खोजबीन में जुट गये और उन्होंने चौबीस घंटे में उसे बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दियां।

## हरदोई की दो महिलाएं डॉक्टरेट की मानद उपाधि से हुईं विभूषित

**हरदोई।** ब्रज की पावन धरा मथुरा में आयोजित महिला सम्मान समारोह के तहत जनपद की दो महिलाओं को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजा गया है ,इसके साथ ही समाज सेवा, साहित्य व पत्रकारिता के क्षेत्र में भी सावित्रीबाई फुले शिक्षा सम्मान से सम्मानित किया गया है। सोमनाथ नक्षत्र वाटिका ट्रस्ट तथा कोलंबिया पेसिफिक ग्लोबल ऑनर्स काउंसिल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में देश के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 19 महिलाओं को सम्मानित किया गया।

▸ **पत्रकारिता के क्षेत्र में विजय लक्ष्मी सिंह जादौन भी हुईं सम्मानित**



समाज सेवा एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली कुबेर लाल जन सेवा संस्थान की संस्थापिका निरमा देवी और साहित्य के क्षेत्र में अपने लेखन के माध्यम से समाज को सकारात्मक दिशा देने और समृद्ध साहित्य को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अमिता मिश्रा 'मीतू' को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजा गया है, वहीं पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने तथा सामाजिक मुद्दों को प्रमुखता से उठाने के लिए विजयलक्ष्मी सिंह जादौन समेत निरमा देवी और अमित मिश्रा मीतू को सावित्रीबाई फुले शिक्षा सम्मान से सम्मानित किया गया। ब्रजभूमि मथुरा में आयोजित इस समारोह में हरदोई जनपद की इन तीनों प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाना जिले के लिए गर्व और सम्मान की बात मानी जा रही है।

## स्व. दिनेश खरे की 14वीं पुण्य स्मृति पर श्रद्धांजलि एवं पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित

**पनवाड़ी (महोबा), समृद्धि न्यूज़।**






कस्बा पनवाड़ी की महोबा रोड स्थित मुस्कान वाटिका में पूर्व मंडल अध्यक्ष स्वर्गीय दिनेश खरे की 14वीं पुण्य स्मृति पर श्रद्धांजलि एवं पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकार, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन की शुरुआत स्वर्गीय दिनेश खरे के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने से हुई। सर्वप्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष हमीरपुर जयंती संतराम राजपूत ने स्व खरे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण की तरह कार्य करते हैं ग्रामीण पत्रकार गांव की समस्यायों को सामने रखकर विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। इसके बाद ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवीप्रसाद गुप्ता ने पुष्प अर्पित करते हुए स्वर्गीय दिनेश खरे के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि देवीप्रसाद गुप्ता ने कहा कि स्वर्गीय दिनेश खरे केवल एक पत्रकार नहीं थे, बल्कि ग्रामीण पत्रकारिता के मजबूत स्तंभ थे। उन्होंने पत्रकारिता को समाज सेवा का माध्यम बनाया और हमेशा निष्पक्षता, सत्य एवं जनहित को सर्वोपरि रखा। उनके योगदान को पत्रकार समाज कभी भुला नहीं सकेगा। विशिष्ट अतिथि जयंती संतराम राजपूत ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का मजबूत आधार हैं और समाज की वास्तविक तस्वीर सामने लाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने स्वर्गीय दिनेश खरे के सामाजिक एवं पत्रकारिता क्षेत्र में दिए गए योगदान को प्रेरणास्त्रोत बताया तथा पत्रकार साथियों के सम्मान में सहयोग राशि प्रदान की। साथ ही आश्वासन दिया कि पत्रकार समाज के हित में जब भी आवश्यकता होगी, वह सदैव साथ खड़ी रहेंगी। अति विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष प्रधान संगठन महोबा संजय द्विवेदी ने स्वर्गीय दिनेश खरे की स्मृति में प्रतिमा स्थापना हेतु सहयोग राशि प्रदान करते हुए कहा कि उनकी स्मृति को स्थायी रूप देने के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा। युवा नेता समाजवादी पार्टी अरविन्द मिश्रा ने भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वर्गीय दिनेश खरे का जीवन संघर्ष, सादगी और सेवा का प्रतीक था। कार्यक्रम में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राहुल निगम बांदा, जिला अध्यक्ष मनोज त्रिपाठी हमीरपुर, दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष मो. युनुस खान, जिलाध्यक्ष देवेंद्र अरजरिया सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय दिनेश खरे ने महोबा जनपद में ग्रामीण पत्रकार संगठन को मजबूत आधार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी कार्यशैली में सादगी, विचारों में स्पष्टता और समाज के प्रति गहरी प्रतिबद्धता दिखाई देती थी। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारिता में नैष्ठिक मर्यादा विषय पर परिचर्चा भी आयोजित की गई। इस अवसर पर महोबा एवं हमीरपुर जनपद से लगभग दो सैकड़ा से अधिक पत्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दिलीप निगम, रिजवान कुरैशी, महेंद्र महेश नायक, चांद बाबू मंसूरी, मोनू अग्रवाल, जितेंद्र राजपूत, सलमान खान, हरी सिंह वर्मा, शिवनंदन मकबूल पठान अग्निहोत्री, राजू नगायच इखलाक अहमद, रामगोपाल, इलयास अहमद, अजय, रामराजा, सहित अनेक पत्रकार मौजूद रहे। अन्य पत्रकार संगठनों से जुड़े ब्यूरो चीफ वहीद अहमद, इरफान पठान, मनोज ओझा, बीडी बंसल, श्यामजी तिवारी, धर्मेंद्र कुमार सहित कई राकेश राजपूत राठ गणमान्य नागरिकों ने भी सहभागिता की।

## एल्ड्रिच के लक्ष्य द्विवेदी ने हासिल किए 93 प्रतिशत अंक, प्रबंधक ने दी शाबाशी




**उरई (जालौन)।** सोमवार को एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल रामनगर उरई में वार्षिक गृह परीक्षाओं का परीक्षाफल वितरण समारोह संपन्न हुआ जिसमें विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को भी आमंत्रित किया गया था। प्राइमरी स्तर के घोषित वार्षिक परीक्षाफल में कक्षा दो के छात्र लक्ष्य द्विवेदी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के साथ ही अपने परिजनों का नाम रोशन किया। एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल रामनगर उरई में प्राइमरी स्तर की कक्षाओं का वार्षिक परीक्षाफल विद्यालय के प्रबंधक अजय इटोरिया की मौजूदगी में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने घोषित किया जिसमें कक्षा दो के छात्र लक्ष्य द्विवेदी ने अपनी कक्षा में ही नहीं बल्कि प्राइमरी स्तर की सभी कक्षाओं में सबसे उच्चतम 93 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अजय इटौरिया ने अपने हाथों से लक्ष्य द्विवेदी को वार्षिक परीक्षा देकर उसको शाबाशी देते हुये कहा कि इसी तरह से वह मेहनत कर पढ़ाई कर न केवल विद्यालय का नहीं बल्कि अपने परिवार का भी नाम रोशन करेगा। गौरतलब हो कि लक्ष्य द्विवेदी शिक्षक नेता रामराजा द्विवेदी का नाती है। वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह में बतौर अभिभावक वह भी मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद-फतेहगढ़**

पत्रांक:1407A/ 1-30/ 2025-26 दिनांक 30/03/2026

-: ई-निविदा सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित ई-निविदा नोटिस के अनुसार 15वां वित्त आयोग अनटाइड मद में उपलब्ध धनराशि से कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा नोटिस संख्या- दिनांक

1- अपरान्ह का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
2- आमंत्रित निविदा दिनांक 27/04/2026 अपरान्ह 4.00 बजे तक उक्त वेबसाइट पर डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है।
3- अपलोड करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र वॉछित समस्त अभिलेखों एवं मूल जमानत धनराशि के साथ निर्धारित तिथि व समय तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा की जा सकती है।
4- निविदाओं की तकनीकी बिड ऑनलाइन दिनांक 27/04/2026 को अपरान्ह 4.30 बजे खोली जायेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
फर्रुखाबाद

**कार्यालय नगर पंचायत कुलपहाड़ जनपद, महोबा**

पत्रांक-524/एन.पी.के./निविदा सूचना/2025-26 दिनांक-30.03.2026

(ई प्रोक्योरमेण्ट नोटिस)
अल्पकालीन निविदा सूचना

नगरीय झील/तालाब/पोखर संरक्षण एवं राज्य वित्त आयोग निधि अन्तर्गत नगर पंचायत कुलपहाड़ द्वारा निर्माण कार्य की निविदायें दिनांक 31.03.2026 से 06.04.2026 को अपरान्ह 06:00 बजे तक डाउनलोड व ऑनलाइन अपलोड की जायेगी, जिनकी तकनीकी बिड दिनांक 07.04.2026 को प्रातः 11:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी, जिन्हें विभाग की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर भी देखा जा सकता है। बिडर को सलाह दी जाती है कि बिड की नियम व शर्तों को ध्यान से पढ़ लें।

प्रवेन्द्र कुमार
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत कुलपहाड़
जनपद- महोबा

वैभव अरजरिया
अध्यक्ष
नगर पंचायत कुलपहाड़
जनपद- महोबा

**कार्यालय नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद-फतेहगढ़**

पत्रांक 1410/निर्माण/2025-26 दिनांक 30/3/2026

-: सार्वजनिक सूचना :-

पालिका के पूर्व पंजीकृत एवं शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अनुमन्य फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पालिका के निर्माण विभाग में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु ठेकेदारी करने के इच्छुक फर्मो/ठेकेदारों से पंजीयन/नवीनीकरण हेतु निर्धारित शुल्क जमा कर आवेदन दिनांक 21/04/2026 की सांय 4.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। समस्त पंजीकरण/नवीनीकरण अध्यक्ष महोदया के अनुमोदन के उपरान्त ही किये जा सकेंगें।

आवेदन के साथ हैसियत प्रमाण पत्र/चरित्र प्रमाण पत्र/श्रम विभाग में पंजीयन प्रमाण पत्र/पेन कार्ड/जी0एस0टी0 पंजीयन प्रमाण पत्र तथा अनुभव प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति व अन्य समस्त प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा सम्बन्धित श्रेणी हेतु निर्धारित धनराशि की एफ0डी0आर0 मूल रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा।

किसी भी ठेकेदार/फर्म का नवीनीकरण/पंजीयन करने अथवा न करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी में निहित होगा। किसी फर्म/ठेकेदार अथवा समस्त ठेकेदारों को पंजीयन अनुरोध को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकारी अध्यक्ष में निहित होगा। समय सीमा समाप्ति के उपरान्त अध्यक्ष महोदया के अनुमोदन से ही नवीनीकरण/पंजीकरण किये जा सकेंगें। उक्त के सम्बन्धित में नियम व शर्ते पालिका के निर्माण विभाग से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
न0पा0परि0,फर्रु0।

अध्यक्ष
न0पा0परि0,फर्रु0।

**कार्यालय नगर पंचायत कुलपहाड़ जनपद, महोबा**

पत्रांक-525/एन.पी.के./निविदा सूचना/2025-26 दिनांक-30.03.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना एवं राज्य वित्त आयोग निधि के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य स्वीकृत किये गये है। नगर पंचायत, कुलपहाड़ द्वारा निम्नलिखित कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से निविदायें आमंत्रित है। ठेकेदार अपने सीलबन्द टैण्डर कार्यालय की निविदा पेटी में दिनांक 07.04.2026 को अपराह- 02:00 बजे तक डाल सकते है। उक्त प्राप्त समस्त निविदाये आध्यक्ष महोदय द्वारा दिनांक 08.04.2026 को पूर्वाह 11:00 बजे खोली जायेंगी। पंजीकृत ठेकेदार पंजीयन प्रमाण पत्र/ रजिस्ट्रेशन की छायाप्रति सहित लिखित आवेदन के साथ स्वयं उपस्थित होकर निविदा प्रपत्र दिनाक 06.04.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत, कुलपहाड़ में निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त कर सकते है। अन्य नियमों व शर्तों की जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्य का विवरण

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन की धनराशि (लाख रू. में) | अर्नेस्ट मनी 10 प्रतिशत | निविदा मूल्य+18% जीएसटी: निविदा मूल्य | जी.एस.टी. टैक्स 18% | योग | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | यादव चौराहे से पुलिया की ओर सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य। | 3.97 | 39700.00 | 400.00 | 75.00 | 472.00 | एक माह |
| 2. | धर्मेन्द्र अहिरवार से इण्टरलॉकिंग तक इण्टर लॉकिंग का निर्माण कार्य। | 1.83 | 18300.00 | 200.00 | 36.00 | 236.00 | एक माह |
| 3. | ज्वाला पेन्टर्स से इण्टरलॉक तक इण्टरलॉकिंग का निर्माण कार्य। | 4.97 | 49700.00 | 500.00 | 90.00 | 590.00 | एक माह |
| 4. | स्कूल गेट से मनोज श्रीवास के मकान तक इण्टरलॉकिंग का निर्माण कार्य। | 1.60 | 16000.00 | 200.00 | 36.00 | 236.00 | एक माह |

प्रवेन्द्र कुमार
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत कुलपहाड़
जनपद- महोबा

वैभव अरजरिया
अध्यक्ष
नगर पंचायत कुलपहाड़
जनपद- महोबा

# मनाया गया अंक पत्र वितरण व विदाई समारोह



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत ब्लॉक हैदरगढ़ में खंड शिक्षा अधिकारी आराधना अवस्थी के कुशल निर्देशन में कंपोजिट विद्यालय अंसारी में हेड मास्टर शहनाज बेगम द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आनंद कुमार सिंह अलगू सिंह की उपस्थिति में कक्षा 5 एवं कक्षा आठ पास करने वाले बच्चों को अंक पत्र वितरण किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य के कामनाओं के साथ उनको पुरस्कार वितरण किया गया। अंक पत्र वितरण समारोह में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष डॉ विवेक कुमार गुप्ता द्वारा बच्चों का मन लगाकर पढ़ने और उच्च कृतिमान स्थापित करके भारत के विकास में सहयोग देने की बात कही गई और कहा गया की शिक्षा के माध्यम से ही हम अपने घर-परिवार, गांव, क्षेत्र एवं देश का विकास कर सकते हैं जिसके लिए मन लगाकर पढ़ना जरूरी है कक्षा 8 पास करने के बाद आप सभी विद्यालय में प्रवेश अवश्य लें जिससे कि आपकी शिक्षा के क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति होती रहे। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ में रेखा सिंह, पुष्प लता देवी, बृजेश वर्मा कमलेश कुमारी, सुंदर वैश्य एवं कई अभिभावक मौजूद रहे।

# 14 वर्षीय बच्चे की हुई गिरकर मौत

**ठाकुरपुर गांव में तीन साल से अधूरा पड़ा था जल निगम का काम**

**रायबरेली महराजगंज समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र में एक निर्माणाधीन पानी की टंकी से गिरकर 14 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। यह घटना ठाकुरपुर मजरे कैड़ावा गांव में हुई, जहां कुणाल पुत्र स्वर्गीय राम नेवाज टंकी के ऊपर कार्य कर रहा था।जहां उसकी वजनदार पाइप लेकर निर्माणाधीन पानी टंकी पर चढ़ रहा था तभी अचानक अज्ञात कारण से 100 फीट ऊंचाई से नीचे आ गिरा वही आनन फानन आसपास के लोगों द्वारा कुणाल को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ले जाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां उसकी मौत हो गई। ठाकुरपुर ग्राम सभा में माखन दास बाबा मंदिर के पास बन रही यह पानी की टंकी लगभग तीन वर्षों से अधूरी पड़ी है। ग्रामीणों के अनुसार, जल निगम की यह परियोजना लंबे समय से लंबित है।ग्रामीण हरिचरण ने बताया कि निर्माणाधीन टंकी पर काम कर रहे मजदूरों ने गांव के दो युवकों को 200 रुपये दिहाड़ी का लालच देकर काम पर बुलाया था। इस घटना के बाद स्थानीय विधायक श्याम सुंदर भारती ने ठेकेदार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि यह निर्माण कार्य लगभग तीन सालों से चल रहा था और ठेकेदार की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। मृतक कुणाल अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसके बड़े भाई नीरज (25) और नितिन (22) हैं। कुणाल के पिता की मृत्यु कोविड-19 महामारी के दौरान हो गई थी, जिसके बाद परिवार की जिम्मेदारी काफी हद तक उस पर थी।सरसों काटने गए राजाराम ने बताया कि उन्होंने बच्चे को गिरते हुए देखा था।

# रायबरेली के बच्चों ने यूपीएससी के एग्जाम में बढ़ाया जिले का मान

- सेल्फ स्टडी करके हर्ष ने 7वीं रैंक के साथ बने डीएसपी
- जय गणेश आईएएस के बच्चों ने गाड़ा परचम
- पढ़ेंगी बेटियां तभी सफल होंगी बेटियां का स्लोगन हुआ सार्थक

**रायबरेली समृद्ध न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश पीसीएस 2024 का परिणाम घोषित हो चुका है हर बार की तरह इस बार भी बेटियों ने राज्य की सबसे बड़ी परीक्षा में अपना परचम गाड़ा है। जिले में सचालित जय गणेश आईएएस कोचिंग के दो बच्चों के द्वारा इस परीक्षा में सफलता अर्जित की गई वहीं शहर के जवाहर विहार कॉलोनी निवासी नवीन सिंह के बेटे हर्ष सिंह के द्वारा सेल्फ स्टडी करके और अपने माता-पिता और बाबा का नाम रोशन किया है पहले ही प्रयास में हर्ष ने सातवीं रैंक के साथ डीएसपी पद को प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त अनन्या त्रिवेदी ने यूपी पीसीएस 2024 की परीक्षा मे दूसरा स्थान हासिल किया है। यहाँ कोतवाली थाना इलाके की रहने वाली अनन्या त्रिवेदी की माँ रेखा रानी डीह ब्लॉक के यूपीएस राजापुर में सहायक अध्यापिका हैं। शहर स्थित निजी स्कूल से बारहवीं के बाद बीएचयू से सामाजिक विज्ञान मे पीजी करने वाली अनन्या स्नातक मे गोल्ड मैडलिस्ट हैं। घर पर रह कर यूपीएससी की तैयारी करने वाली अनन्या अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता को देती हैं। अनन्या के पिता जनरल स्टोर चलाते हैं जबकि माता शिक्षिका हैं। अनन्या के एक बड़े भाई हैं जो केंद्रीय सेवा मे कार्यरत हैं।

## खबरें एक नजर में

### विधवा महिला ने गाली-गलौज का आरोप लगाकर पुलिस से मांगा न्याय

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली अंतर्गत दाउदपुर मजरे रौनी निवासी विधवा महिला ने गांव के ही महेंद्र सिंह श्याम पुत्र कमल कुमार सिंह पर बेवजह गली गलौज व मारपीट का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। गांव निवासी शशि सिंह पत्नी स्व0 धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि वह अपने मृतक पति के नाम अंकित खतौनी भूमि पर काफी समय से परिवार के साथ रह रही है और वर्तमान में शौचालय में पानी का काम करवा रही है परंतु विपक्षी द्वारा बेजा हस्तक्षेप कर काम को रोका जा रहा है। इसके अलावा गाली गलौज और मारपीट भी की जा रही है। महिला ने बताया कि कल जब उसके ससुर एवं परिजन दरवाजे पर बैठकर चाय पी रहे थे तभी विपक्षी द्वारा ईंट गुम्मे चला दिए गए।

### जानमाल की धमकी देने पर पुलिस से मांगी सुरक्षा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत लक्ष्मणगढ़ गांव निवासी उपेंद्र कुमार शुक्ला ने कोतवाली में तहरीर दिया ।आरोप लगाया कि विपक्षी द्वारा जान माल से मारने की धमकी जा रही है। बताया कि आरोपी उसके निर्माणाधीन मकान में लगे सीसी टीवी कैमरे को तोड़कर उठा ले गया। पीड़ित ने बताया कि उसकी ग्राम पंचायत के मटेरा गांव निवासी अजय प्रताप सिंह उर्फ गोलू पुत्र महाराज बख्श सिंह से उसकी पुरानी रंजिश चल रही है। इसी रंजिश में आरोपी पर दो मुकदमे पहले से दर्ज है। आरोप लगाया कि 28 मार्च की रात अपने दो अज्ञात साथियों के साथ आरोपी उसके निर्माणाधीन मकान पर पहुंचा और रात्रि के अंधेरे का फायदा उठाकर सीसीटीवी कैमरा तोड़कर कैमरा अपनी मोटरसाइकिल के झोले में रख लिया यही नहीं मकान के सामने खड़े होकर गंदी गंदी गालियों के साथ जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के तत्काल पहले आरोपी अपने अज्ञात साथियों के साथ उसके घर भी गया था जहां पर ?5000 न देने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़ित ने बताया कि इसका वीडियो साक्ष्य भी उसके पास मौजूद है।

### विपक्षी महिलाओ ने पक्की दीवार गिराया, विरोध करने पर जान-माल की दी जा रही धमकी

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सुबेहा थाना क्षेत्र के पूरे फकीर शाह मजरे हरचंदपुर गांव में विपक्षी महिलाओं द्वारा पक्की दीवाल ढहा दिए जाने एवं विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए बेलचा लेकर दौड़ा लिए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव निवासी राम मुरारी ने बताया कि 28 मार्च की रात गांव की ही रहने वाली अनीता पत्नी रामफेर अपनी पुत्री मीना व ललित की पत्नी के साथ उसके दरवाजे पहुंची और दरवाजे पर पिछले 30 वर्षों से बनी 50 फीट लंबी व 6 फीट ऊंची थी पक्की दीवाल को बेल्चो के सहारे गिरा दिया। पीड़ित ने बताया कि खटपट की आवाज सुनकर जब वह जागा और ऐसा करने से रोका तो महिलाओं ने गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुए बेलचा लेकर दौड़ा लिया।

### सचिव संतलाल पटेल प्रशासन को दे रहे चुनौती

**सीतापुर।** विकासखंड रेउसा में तैनात सचिव संतलाल पटेल के द्वारा अपनी ग्राम पंचायत मल्लापुर में फर्जी भुगतान लगाने का कार्य कर रहे हैं जब सूत्रों के द्वारा यह खबर पता चली की ग्राम पंचायत में दो-दो प्रधान हैं तब समृद्धि न्यूज़ टीम के द्वारा पता लगाने का प्रयास किया गया उसे पते में जानकारी मिली की ग्राम पंचायत में कमलाकांत के नाम पर डोंगल बना है और वही ग्राम प्रधान मानदेय बृजेश कुमार के नाम पर वित्तीय वर्ष 2025 26 में लगाया गया है जब इस मामले सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई तो उनके द्वारा जानकारी दी गई की बृजेश कुमार पूर्व प्रधान हैं क्योंकि सहायक विकास अधिकारी रेउसा के द्वारा भी अपने बयान में बताया गया की बृजेश कुमार पूर्व प्रधान है जब 2021 से प्रधानी चालू हुई तब से लगाकर 2026 में बृजेश कुमार के खाते पर प्रधान मानदेय लग रहा है सूत्रों से जब इस मामले की जानकारी आई की सचिव संतराम पटेल के द्वारा ग्राम प्रधान मानदेय बृजेश कुमार के खाते पर 65000 का भुगतान लगाया गया है जिससे स्पष्ट हो रहा है कि सचिव संतराम पटेल सरकार और प्रशासन को चुनौती देते हुए अपनी ग्राम पंचायत में फर्जी भुगतान लगाने का कार्य कर रहे हैं और उच्च अधिकारियों को गुमराह करने का भी कार्य करती हुई नजर आ रहे हैं क्योंकि सहायक विकास अधिकारी को भी जानकारी सचिव संतलाल पटेल के द्वारा ही दी जा रही है इसीलिए सहायक विकास अधिकारी द्वारा बताया जा रहा है कि बृजेश कुमार पर हो सकता बकाया भुगतान लगाया गया हो बाकी जांच का विषय है क्या इस मामले पर खंड विकास अधिकारी रेउसा प्रवीण जीत निष्पक्ष जांच करके सचिव और प्रधान पर कड़ी कार्यवाही करते हैं या नोटिस देकर सिर्फ फाइल दबाने का कार्य किया जाता है।

**क्या बोले जिम्मेदार-** इस संदर्भ में संबंधित सचिव संतलाल पटेल से कई बार फोन किया गया और मामले की जानकारी के लिए पक्ष भी लिया गया परंतु संतराम पटेल के द्वारा फोन पर जवाब देना उचित नहीं समझ गया इस संदर्भ में सहायक विकास अधिकारी रेउसा से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि आपके माध्यम से मामले की जानकारी आई है मामले की निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क हादसे में आलू व्यापारी युवक की मौत

**फतेहपुर बाराबंकी।** देवा रोड पर दशरथपुर गांव के पास सोमवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में 30 वर्षीय आलू व्यापारी सोहराब उर्फ इरशाद की दर्दनाक मौत हो गई,जबकि उनकी दो वर्षीय मासूम बेटी आफरीन गंभीर रूप से घायल हो गई।जानकारी के अनुसार इसरौली गांव निवासी सोहराब रविवार शाम अपनी ससुराल नालापार उत्तरी आए थे। सोमवार सुबह करीब 5 बजे वह अपनी बेटी के साथ घर लौट रहे थे, तभी घर से लगभग दो किलोमीटर पहले उनकी आई-10 कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे खारजा में पलट गई। हादसा इतना भयानक था कि कार के चारों पहिए ऊपर हो गए और दोनों अंदर फंस गए।मासूम बच्ची की चीख सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने सोहराब को मृत घोषित कर दिया।

### एक अप्रैल को आईटीआई में लगेगा रोजगार मेला

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज के प्रधानाचार्य विवेक कुमार ने बताया कि दिनांक एक अप्रैल 26 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज परिसर में आई0 टी0आई0 पास आउट प्रशिक्षार्थियों के लिए रोजगार अप्रेन्टिस मेले का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त रोजगार अप्रेन्टिस मेले में मारूती सुजुकी गुजरात प्लाण्ट कम्पनी प्रतिभाग कर रही है तथा उक्त कम्पनी हेतु आई0टी0 आई0 उत्तीर्ण इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र के साथ राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज अमेठी के कैम्पस में प्रातः 11 बजे उपस्थित होकर रोजगार अप्रेन्टिस मेले में प्रतिभाग कर सकते है।

# उद्यान मंत्री ने 29 आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया लोकार्पण

- नए आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण से स्थानीय स्तर पर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं होंगी उपलब्धः दिनेश प्रताप सिंह



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सेविकाओं को स्मार्टफोन एवं नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम लोकभवन लखनऊ में आयोजित किया गया, जिसमें मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा प्रदेश की 69,804 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन का वितरण, आंगनबाड़ी कार्यत्रियों को 2 लाख. ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस का वितरण, 18,440 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र, रु0 450 करोड की लागत से 3,170 आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों एवं 140 बाल विकास परियोजना कार्यालय भवनों का लोकार्पण/शिलान्यास किया गया। जिसमें जनपद रायबरेली की नवनियुक्ति 08 आगनबाड़ी कार्यत्रियों को नियुक्ति पत्र का वितरण, 207 आंगनबाड़ी केन्द्रों का वर्चुअल लोकार्पण किया गया। इसी क्रम में जनपद रायबरेली में विधानसभा स्तर पर उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधानसभा हरचन्दपुर के विकास खण्ड सतांव में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात उ0प्र0 दिनेश प्रताप सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में मा0 मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया व उनके उद्बोधन को जनपद स्तरीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री व मुख्य सेविकाओं आदि द्वारा सुना गया।

उद्यानमंत्री ने आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा हरचन्दपुर के 29 आंगनबाड़ी केन्द्रों का लोकार्पण किया, जिसमें विकास खण्ड खीरों के 15 केन्द्र, सतांव के 12 केन्द्र एवं हरचन्दपुर के 02 केन्द्र शामिल है। इसके पश्चात मा0 उद्यानमंत्री जी द्वारा 05 पांच गर्भवती माताओं की गोदभराई एवं 05 बच्चों को अन्नप्राशन कराकर सभी को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बाल विकास विभाग के अन्तर्गत आंगनबाड़ी द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा की व आंगनबाड़ी के समाज में योगदान को सराहा। इस अवसर पर मा0 उद्यान मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों का सुदृढ़ीकरण सरकार की प्राथमिकता में शामिल है, जिससे बच्चों एवं महिलाओं के पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा को बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि नए आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण से स्थानीय स्तर पर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध होंगी तथा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं, राष्ट्रीय क्रीमि मुक्ति कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि 100 दिवसीय सघन टीवी खोजी कार्यक्रम का शुभारंभ 24 मार्च से प्रारंभ हो चुका है। सीडीओ ने कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन, शत-प्रतिशत कवरेज एवं सतत मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। इसके साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड, टीबी एवं कैंसर रोगियों के चिन्हीकरण हेतु समय समय पर अभियान संचालित किया जाता है जिसमें स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर स्क्रीनिंग तथा पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाते हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने अभियान को गंभीरता से संचालित करने एवं अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

# धूमधाम से मनाया गया पूर्व सैनिक कल्याण सेवा संस्थान का 12वा स्थापना दिवस




**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड जामो के सभागार कक्ष में भारतीय सेवा के तीनों अंगों थल सेना, वायु सेना, नौ सेना के वीर पूर्व सैनिकों द्वारा 12वां स्थापना दिवस ब्लॉक सभागार में मनाया गया। जिसमें पूर्व सैनिकों के मृतक आश्रित, वीर नारियों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम सैनिकों के साहस का परिचय कराते हुए सरकारी सेवा के बाद भी क्षेत्र में रहकर सभी पूर्व सैनिकों के परिवार की देखरेख व उनकी समस्याओं का निराकरण इस संस्थान का प्रमुख उद्देश्य है। आमंत्रित विशिष्ट अतिथि में दादा तेजभान सिंह पूर्व विधायक गौरीगंज, राकेश प्रताप सिंह विधायक गौरीगंज, विंग कमांडर अखिलेश पांडेय जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी अमेठी, कर्नल सूर्यबली सिंह पूर्व मुख्य रिकॉर्ड अधिकारी अमेठी रहे। इस मौके पर कैप्टन बजरंगी प्रसाद मिश्र अध्यक्ष पूर्व सैनिक सेवा कल्याण संस्थान, कैप्टन प्रेम बहादुर सिंह, अरविंद कुमार सिंह, बृजभूषण मिश्रा, कप्तान सिंह, रामहेत पांडे, कैप्टन के के मिश्रा, अजय कुमार पांडेय, चंद्रमा प्रसाद तिवारी आदि पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# मोबाइल छीनकर भागने वाले तीन को पुलिस ने दबोचा



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस द्वारा अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत सोमवार को थाना इन्हौना पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना इन्हौना से संबंधित मोटरसाइकिल सवार तीन अभियुक्त कुलदीप पुत्र सुखराज निवासी बाबा गोसाई का मठ थाना शिवरतनगंज, शिवा पुत्र देवतादीन निवासी पिण्डारा थाना शिवरतनगंज व अमन पुत्र राकेश कुमार निवासी खरगुला थाना शिवरतनगंज को गिरफ्तार किया गया है। मोटरसाइकिल स्पेलेन्डर प्लस नं यूपी 36 वाई 9815 के कागज मांगने पर दिखा न सकें। तलाशी से अभियुक्त कुलदीप के कब्जे से छीना गया मेटोरोला मोबाइल बरामद हुआ है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि बीते 29 मार्च को वह तीनों लोगो ने उसी हीरो स्पेलेन्डर प्लस मोटर साइकिल से शाम को पूरे दुल्हिन मजरे आजादपुर के पास से एक लड़के का मोबाइल छीनकर भाग गये थे। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना इन्हौना पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जल जीवन मिशन टंकी सोलर पैनल का तार काटने वाला गिरफ्तार




**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र गौरीगंज के अंतर्गत जल निगम की टंकी के सोलर पैनल से कॉपर वायर चोरी करते हुए पकड़े गये व्यक्ति को थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। बताया जाता है कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सोंगरा में स्थित जल निगम की पानी की टंकी के संचालक दिवाकर मिश्रा निवासी पूरे शुक्लन मजरे सोंगरा थाना गौरीगंज द्वारा पानी की टंकी के लिये लगे सोलर पैनल से कॉपर वायर चोरी करते हुए पकड़े गये एक व्यक्ति दीपचन्द पुत्र झुरही निवासी टोपरी भनियापुर थाना गौरीगंज जनपद को एक प्रार्थना पत्र के साथ थाना गौरीगंज पर सुपुर्द किया गया है। दीपचन्द के कब्जे से एक बोरी में चोरी का 5 कि.ग्रा. कॉपर वायर बरामद हुआ है। प्रार्थना पत्र एवं बरामदगी के आधार पर थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर एवं अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**संदर्भित करने की सूचना**
**न्यायालय श्रीमान अपर जिला अधिकारी महोदय**
**(वित्त एवं राजस्व)**
**गौरीगंज,जनपद-अमेठी**

वाद संख्या 20250470001051 तारीख पेशी 01-04-2026

इबरार अहमद खां **बनाम** आसिया बेगम आदि वास्ते 1. रजिया बानों पत्नी मुस्ताक (विधिक वारिस तहजीन बानों) ग्राम- कमरौली, परगना-जगदीशपुर, तहसील- मुसाफिरखाना, जिला-अमेठी। 2. रेशमा बानों पत्नी लाल मोहम्मद निवासी- ग्राम-फत्तेपुर, परगना-जगदीशपुर, पोस्ट- इन्हौना, तहसील-मुसाफिरखाना, जिला-अमेठी। 3.कलावती पत्नी राधेश्याम जायसवाल ग्राम-जाफरगंज, परगना- जगदीशपुर, तहसील-मुसाफिरखाना, जिला-अमेठी।

चूंकि उपरिनामांकित वाद अ.धारा-38 (1) उ.प्र.रा.परि.2006 ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है।

अतः एतत् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ करने के लिए 2026....के दिवस को पूर्वाह्न या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात है और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जाएगा और आधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 20 ...के दिवस को निकाली गई।

**हस्ताक्षर**
**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट**
**गौरीगंज, जनपद-अमेठी**

# 10 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को डीएम ने नियुक्ति पत्र वितरित किया

- आंगनबाड़ी केन्द्रों का शिलान्यास व लोकार्पण किया

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।**




मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के परियोजना कार्यालयों तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों का शिलान्यास/लोकार्पण एवं आं0बा0 कार्यकत्रियों तथा आ0बा0 सहायिकाओं को लखनऊ में नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। इस क्रम में जनपद सीतापुर में जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 तथा मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में 10 आंगनबाड़ी सहायिकाओं का नियुक्ति पत्र जिलाधिकारी महोदय द्वारा वितरण किया गया। बाल विकास परियोजना ऐलिया, बेहटा, बिसवॉ, हरगॉव, गोंदलामऊ, लहरपुर, सीतापुर शहर, रामपुरमथुरा, महमूदाबाद, सिधौली, मिश्रिख, पहला, सकरन, खैराबाद, कसमण्डा, महोली, मछरेहटा, परसेण्डी, रेउसा एवं पिसावां में 30 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं 1408 आंगनबाड़ी सहायिकाओं की भर्ती की गयी हैं। खैराबाद की 05 नवचयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं के नाम में शशीप्रभा (हुसैनगंज), अंजली (परसेहरा-2), दिपांशी वर्मा (टेडवालिचौला-1), सर्वेश कुमारी (ननोईया) तथा गीता (चकलापुरवा) तथा शहर सीतापुर की 05 नवचयनित ऑगनबाडी सहायिकाओ के नाम में सरिता कुमारी (मिर्दहीटोला-8), लक्ष्मी (पंचवटीमूल-8), राधना (सिविललाइन-8), रेशमी देवी (हुसैनगंज-10) तथा सूफिया (लोनियनपुरवा पूर्वी-5) शामिल हैं। बाल विकास परियोजना कार्यालय में रामपुरमथुरा, मछरेहटा, खैराबाद, गोंदलामऊ, महामूदाबाद, ऐलिया, मिश्रिख, एवं शहर का शिलान्यास तथा बाल विकास परियोजना कार्यालय कसमण्डा का लोकार्पण किया गया। ऑगनबाडी केन्द्रों में पुरवा रेवान विकास खण्ड महमूदाबाद, सरैयाकादीपुर-2 विकास खण्ड पहला एवं करसा-2 विकास खण्ड रेउसा सीतापुर का शिलान्यास किया गया।

### जनपद स्तरीय एमओयू व व्यापार बन्धु की संयुक्त बैठक हुई संपन्न

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु, जनपद स्तरीय एम0ओ0यू0 एवं व्यापार बन्धु की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि, उद्यमी एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एक जनपद एक उत्पाद (ओ0डी0ओ0पी0) के अंतर्गत जनपद के चयनित परम्परागत उत्पाद दरी के समग्र विकास को लेकर विस्तृत समीक्षा एवं विचार-विमर्श किया गया। विशेष रूप से ओ0डी0ओ0पी0-सी0एफ0सी0 से जुड़े पहलुओं पर गहन चर्चा की गई।

**रायबरेली विकास प्राधिकरण, रायबरेली**

**संख्याः 238/न्या.अनु./राविप्रा/2025-26/25 दिनांकः 30 मार्च, 2026**

**आवश्यक सूचना**

श्री भाष्कर त्रिपाठी व अन्य द्वारा सैदनपुर डलमउऊ रोड, बैंदपुल के निकट, रायबरेली में रायबरेली विकास प्राधिकरण, रायबरेली से बिना मानचित्र/तलपट स्वीकृत कराये निर्माण कार्य कराये जाने पर उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की गयी है, जो विहित प्राधिकारी, रायबरेली विकास प्राधिकरण, रायबरेली के न्यायालय में वाद संख्या 548/24 (प्राधिकरण बनाम भाष्कर त्रिपाठी एवं अन्य) विचाराधीन है, जिसमें सुनवायी हेतु अन्तिम तिथि 06 अप्रैल, 2026 समय 3:00 बजे नियत है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नियत तिथि व समय पर न्यायालय, विहित प्राधिकारी, रायबरेली विकास प्राधिकरण, रायबरेली में विपक्षी अथवा उसके प्रतिनिधि उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

**(विशाल कुमार यादव)**
**सचिव**

# एक अप्रैल से टोल टैक्स बढ़ा, नकद भुगतान पूरी तरह बंद

**वार्षिक पास 3 हजार से अब 3075 और मासिक पास 340 से 350 का करना होगा भुगतान**

**जलालाबाद कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




नए वित्तीय वर्ष 2026-27 की शुरुआत के साथ ही राष्ट्रीय राजमार्गों पर सफर करने वालों के लिए बड़ा बदलाव होने जा रहा है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने 1 अप्रैल 2026 से देशभर के सभी नेशनल हाईवे टोल प्लाजा को पूरी तरह कैशलेस करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही टोल टैक्स की दरों में भी वृद्धि लागू कर दी जाएगी। एनएचएआई के निर्देशानुसार अब टोल प्लाजा पर नकद भुगतान की सुविधा पूरी तरह समाप्त कर दी जाएगी। वाहन चालकों को टोल टैक्स का भुगतान केवल फास्टैग या टोल बूथ पर उपलब्ध बारकोड के माध्यम से डिजिटल तरीके से करना होगा। इस पहल का उद्देश्य टोल प्लाजा पर लगने वाले जाम को कम करना और डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देना है। क्षेत्र के वशीरापुर टोल प्लाजा पर नई दरें 31 मार्च की रात 12 बजे के बाद लागू हो जाएंगी। यहां टोल शुल्क में 5 से 20 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है। टोल प्रबंधन के अनुसार अब नकद लेन- देन पूरी तरह बंद रहेगा और फास्टैग के साथ यूपीआई से भी भुगतान किया जा सकेगा। टोल प्रबंधक घनश्याम भदौरिया ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत वाहन चालकों को डिजिटल भुगतान के लिए तैयार रहना होगा, अन्यथा उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।

उन्होंने वाहन चालकों से अपील की है कि वे समय रहते अपना फास्टैग सक्रिय करा लें और मोबाइल में यूपीआई सुविधा चालू रखें, ताकि टोल प्लाजा पर किसी प्रकार की परेशानी न हो। वहीं टोल यूनियन महासचिव विवेक राजपूत के अनुसार मासिक पास की दर 340 रुपये से बढ़ाकर 350 रुपये कर दी गई है, जबकि वार्षिक पास 3000 रुपये से बढ़ाकर 3075 रुपये कर दिया गया है।

# किड्जी आरएस लाल देवकी ग्लोबल स्कूल में रिपोर्ट कार्ड वितरित

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



किड्जी श्री आरएस लाल देवकी ग्लोबल स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम रिपोर्ट कार्ड वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय परिसर को रंग बिरंगे परिधानों फूलों और कार्टून चित्रों से खूबसूरती से सजाया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत अभिभावकों के स्वागत से हुई। कक्षाध्यापकों ने अभिभावकों को विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन, उपस्थिति, अनुशासन और समग्र विकास की विस्तृत जानकारी दी। व्यक्तिगत संवाद के माध्यम से हर बच्चे की प्रगति और सुधार के बिंदुओं पर चर्चा की गई। समारोह में पीजी से कक्षा 9 तक के छात्रों को सर्वाधिक अंक व प्रतिशत के आधार पर प्रथम, द्वितीय,तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्रदान किए गए। अभिभावकों को रिपोर्ट कार्ड सौंपे गए और उनके वर्ष भर के सहयोग की प्रशंसा की गई। प्रधानाचार्या वरखा अवस्थी ने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनतए अनुशासन और लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रशासनिक अधिकारी अनूप कुमार द्विवेदी ने अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के समर्पण की सराहना करते हुए सर्वांगीण विकास पर बल दिया। कोऑर्डिनेटर शुभम कमल ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया और बताया कि नए सत्र की शुरुआत 2 अप्रैल को हवन एवं सुंदरकांड पाठ के साथ होगी जिसमें सभी आमंत्रित हैं। अभिभावकों ने विद्यालय की पारदर्शी मूल्यांकन प्रणाली और शिक्षण पद्धति की प्रशंसा की तथा संतोष व्यक्त किया।

## ढोल-नगाड़ों के साथ निकली दुर्गा विसर्जन यात्रा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** शहर के मोहल्ला छप्टी में नवरात्र पर स्थापित की गई मां दुर्गा प्रतिमा की सोमवार को ढोल-नगाड़ों के साथ विसर्जन यात्रा निकाली गई। यात्रा सौरिख रोड स्थित ककरारी तालाब पर पहुंची। वहां विधि-विधान से प्रतिमा का भूविसर्जन किया गया। मोहल्ला छप्टी स्थित मंदिर में चैत्र नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा प्रतिमा स्थापित कर दुर्गा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नवरात्र समाप्त होने पर यहां भंडारे का आयोजन किया गया। सोमवार को राजीव आरोरा रिंकू की देखरेख में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन यात्रा ढोल-नगाड़ों के साथ धूमधाम से निकाली गई। शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए यात्रा सौरिख रोड स्थित ककरारी तालाब पर पहुंची। यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद प्रतिमा भूविसर्जित की गई। यात्रा के दौरान कोतवाली का भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा।

# आवास विकास में सीवर समस्या के समाधान हेतु कार्य शुरू



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नगर के आवास विकास क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही सीवर समस्या के समाधान के लिए नगर पालिका ने आखिरकार पहल करते हुए सुधार कार्य प्रारम्भ कर दिया है। इस कार्य के शुरू होने से क्षेत्र के निवासियों में काफी उम्मीद जगी है, कि अब उन्हें गंदगी और जलभराव की परेशानी से जल्द राहत मिलेगी। नगर पालिका द्वारा जानकारी दी गई कि हाईवे निर्माण के दौरान जो सीवर लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, उसे पहले ही दोबारा व्यवस्थित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, जिन स्थानों पर सीवर के चैंबर चोक हो गए हैं, वहां विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा, ताकि जल निकासी सुचारू रूप से हो सके। साथ ही, सीवर कुओं पर नए चैंबरों का निर्माण भी कराया जाएगा, जिससे भविष्य में इस प्रकार की समस्याओं की पुनरावृत्ति न हो। नगर पालिका का दावा है कि यह पूरा कार्य लगभग 15 दिनों के भीतर पूर्ण कर लिया जाएगा, जिसके बाद आवास विकास के निवासियों को सीवर की समस्या से स्थाई राहत मिल सकेगी। इस दौरान चेयरमैन मनोज दुबे, सभासद हिमांक त्रिपाठी, रईस अहमद, असलम ठेकेदार एवं राजेश सहित अन्य लोग भी मौके पर मौजूद रहे और कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया।

## अंतरराष्ट्रीय बौद्ध कॉन्क्लेव के लिए रवाना हुए बौद्ध भिक्षु



**छिबरामऊ, कन्नौज।** बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में 31 मार्च से 2 अप्रैल 2026 तक आयोजित होने वाले चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय बौद्ध कॉन्क्लेव में भाग लेने के लिए शाक्य मुनि बुद्ध विहार धर्मार्थ ट्रस्ट, बढैपुर से लगभग 50 बौद्ध भिक्षुओं का जत्था बस से रवाना हुआ। इस यात्रा के प्रबंधक शिव प्रताप सिंह शाक्य एडवोकेट ने भिक्षुओं को पंचशील ध्वज दिखाकर रवाना किया। यह ध्वज बौद्ध धर्म में शांति, अहिंसा, करुणा और नैतिक मूल्यों का प्रतीक है। भिक्षु संघ के साथ ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश बाबू बौद्ध भी कुशीनगर गए। उन्होंने कहा कुशीनगर पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस कॉन्क्लेव में देश-विदेश के बौद्ध विद्वान, भिक्षु और प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसका उद्देश्य बौद्ध दर्शन, शांति और सांस्कृतिक विरासत पर वैश्विक संवाद को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर भिक्षु शील मित्र, शील सागर, आनंद सागर, अजय रत्न, करुणा दीप, शील प्रकाश, बुद्ध प्रिय, ज्ञान रतन, राहुल शाक्य, डॉ. अंशुल शाक्य, अभय शाक्य, धर्मपाल शाक्य, अजीत शाक्य, शेर सिंह शाक्य, सत्यभान शाक्य, गणेश चंद्र शाक्य आदि उपस्थित रहे।

# प्राचीन ककरारी तालाब का होगा नया स्वरूप

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगर के सौरिख रोड पर स्थित ऐतिहासिक ककरारी तालाब अब नई सज-धज के साथ नजर आएगा। फिलहाल सूखे पड़े और धूल उड़ाते इस प्राचीन तालाब की सुंदरीकरण एवं रखरखाव की जिम्मेदारी नगर पालिका को सौंपी गई है।

**नगर पालिका संभालेगी देखरेख**

तालाब का क्षेत्रफल 0.704 हेक्टेयर है, जो छिबरामऊ देहात के खसरा नंबर 1837 एवं 1838 में दर्ज है। वर्ष 2020-21 में मनरेगा योजना के तहत लघु सिंचाई विभाग ने 16.49 लाख रुपये की लागत से इसका सुंदरीकरण कराया था। विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने इसका लोकार्पण भी किया था, लेकिन इसके बावजूद तालाब की स्थिति जस की तस बनी रही। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया कि हर वर्ष गणेश व दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के समय नगर पालिका देखभाल करती है। एसडीएम के निर्देश पर ग्राम पंचायत छिबरामऊ देहात ने प्रस्ताव पारित कर यह तालाब नगर पालिका को हस्तांतरित कर दिया है। अब पालिका इसका सुंदरीकरण कराएगी। योजना के तहत तालाब के किनारों पर बैठने के लिए बेंच, स्ट्रीट लाइट, टहलने के लिए फुटपाथ तथा अन्य जरूरी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही तालाब में पानी भरने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि यह पर्यावरण और नागरिकों के लिए उपयोगी बन सके।

एमसीएमआर ग्रुप के गौरव अमर त्रिपाठी ने कहा यह कदम स्थानीय नागरिकों के लिए राहत भरा है, जो लंबे समय से तालाब की दुर्दशा देख रहे थे। उम्मीद है कि नई व्यवस्थाओं से ककरारी तालाब शहर की शान बनेगा।

## एवी महिला डिग्री कॉलेज में संस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** एवी महिला डिग्री कॉलेज रामगंज संस्कृतिक कार्यक्रम गणेश वंदना के साथ शुभारंभ किया गया जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने संस्कृत कार्यक्रम में प्रतिभाग किया । प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को विद्यालय प्रशासन द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

सोमवार को एवी महिला डिग्री कॉलेज रामगंज में साँस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें महाविद्यालय के प्रबंधक पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी श्रीमती रिजवाना सिद्दीकी महाविद्यालय प्राचार्या डॉ पूजा श्रीवास्तव, रूबी वर्मा, डॉ साधना, नीतू सिद्दीकी अफताब अली, अमित चौरसिया, गिरीश चन्द्र जमाल मो. शमी राजू आदि मौजूद रहे । कार्यक्रम का संचालन रूबी वर्मा द्वारा किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ किया गया जिसमें प्रथम स्थान कामिनी और खुशी, द्वितीय स्थान लकी गुप्ता और तृतीय स्थान दामिनी ने प्राप्त किया विद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

# मेधावियों को मिली शील्ड, चेहरे खिले

**मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल में रिपोर्ट कार्ड वितरण**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**




नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल आवास विकास कॉलोनी में आयोजित वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह में शील्ड मिलते ही मेधावियों के चेहरे खिल गए।

रिपोर्ट कार्ड वितरण समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-क्षत्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इस दौरान विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पीजी में असमैन, श्रष्टि, अदनान, एलकेजी में आसुतोष, तनवी, बिट्टू, यूकेजी में विनायक, सौम्या, राज, आयुष, कक्षा 1 में दिव्यांशी पाल, अनाया यादव, उन्नति, कक्षा 2 में काव्यांश पाल, दिव्यांशु दीक्षित, धनुष्या पाल, कक्षा 3 में एशिका, तनिष्का, आराध्या, कक्षा 4 में हर्षित, कैफ, उमंग, कक्षा 5 में आकांक्षा राजपूत, हर्षित, दुर्गा, कक्षा 6 में प्रज्ञा, अनामिका, नायरा, कक्षा 7 में काव्या पाल, तेजस अवस्थी, अंश वर्मा, कक्षा 8 में विधि यादव, क्रिश कश्यप, अलीना खॉन आदि मेधावियों को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक गजेन्द्र सिंह, निदेशक डॉ. संगम यादव, प्रधानाचार्य सुधीर पाठक, अमित कुमार, रजनी सक्सेना, प्रवेश कुमार, सोनम चौहान, आकांक्षा यादव, सोनी चौहान, श्याम मोहन दुबे, रजनी राठौर आदि शिक्षक उपस्थिति रहे।

## वार्षिक परीक्षा परिणाम व पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न



छात्रा आयुषी को सम्मानित करते अतिथि

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** कस्बा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रतिभा को सम्मानित किया गया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया-बहनों को पुरस्कृत किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार बृज किशोर मिश्रा रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी राम शंकर राजपूत ने की। अतिथियों ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और संस्कार के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रताप नारायण मिश्र ने सभी आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मुनीर कुरैशी ने किया उमराह जाने वाले लोगों का स्वागत

**गुरसहायगंज कन्नौज।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमुख समाजसेवी ने उमराह जा रहे नागरिकों का फूल मालाओं से लादकर उनका भव्य स्वागत किया। उमराह जा रहे किदवई नगर निवासी तैय्यब अंसारी व नसरीन बेगम का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए सपा नेता पूर्व सभासद समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष समाजसेवी मुनीर कुरैशी ने कहा अल्लाह आपकी इबादत, नेक दुआएं और उमराह कुबूल फरमाए। अल्लाह आपको इस बरकत वाले सफर के बाद ईमान में मजबूती अता करे। अल्लाह आपकी यात्रा को आसान और यादगार बनाए, पवित्र भूमि में बिताया गया आपका हर पल इबादत बन जाए। अल्लाह आपके गुनाहों को माफ करे और आपको सही रास्ते पर चलने की तौफीक दे। अल्लाह आपकी इबादत के बदले आपको दुनिया और आखिरत में खुशियां अता फरमाए। इस मौके पर, मोहम्मद फ़ैज़ान, तोहिद अंसारी, राजू सलमानी, राशिद उर्फ मुन्ना, हिप्पी फारूखी, सलमान कुरैशी, जीशान कुरैशी, राजा अंसारी, आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# डीएलएड प्रशिक्षुओं को दी गई प्लेसमेंट की जानकारी

**डायट में एलुमिनाई मीट व सेमिनार का हुआ आयोजन**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में डीएलएड प्रशिक्षुओं के लिए प्लेसमेंट ड्राइव, एलुमिनाई मीट, कैरियर गाइडेंस एवं काउंसिलिंग तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डायट प्राचार्य डॉ.अमित कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के सम्मान के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि कुंवरपुर बनवारी की प्रधानाध्यापिका सुमनलता यादव, बीटीसी प्रशिक्षु वरुण यादव, प्रधानाचार्य मन्नीलाल पांडेय व साहित्यकार ओमप्रकाश शुक्ल अज्ञात को सम्मानित किया गया। प्रवक्ता राजेश वर्मा के संचालन में हुए कार्यक्रम में प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान प्रवक्ता नीतू व शरद यादव ने प्रशिक्षुओं को रोजगार के विभिन्न अवसरों एवं सही चयन की रणनीति के बारे में मार्गदर्शन किया। प्राचार्य डॉ.अमित कुमार ने लक्ष्य निर्धारण, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और अनुभवी व्यक्तियों के मार्गदर्शन के महत्व पर जोर दिया। एलुमिनाई मीट में पूर्व प्रशिक्षुओं ने अपने अनुभव साझा किए। वरुण यादव ने अपने संघर्ष और सफलता की कहानी सुनाई, जबकि सुमनलता यादव ने अपने अनुभवों और चुनौतियों से अवगत कराया। कैरियर गाइडेंस सत्र में प्रशिक्षुओं को भविष्य की दिशा तय करने के लिए प्रेरित किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर प्रवक्ता अनुज कुमार ने विस्तृत जानकारी दी।

# छह विद्युत उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत बिल की अदायगी न होने पर ऑनलाइन प्रणाली से किए गए संयोजन विच्छेद की जांच अभियान में उपभोक्ताओं द्वारा अपने मीटर कोआई विद्युत केबल के अतिरिक्त केवल कटिया जोड़कर चोरी करते पाये गये विद्युत उपभोक्ताओं के खिलाफ धारा 135 के अंतर्गत एंटी पावर थेफ्ट पुलिस स्टेशन कन्नौज में अभियोग पंजीकृत कराकर कार्रवाई की गई है। यह जानकारी विद्युत वितरण उपखंड अधिकारी कार्यालय में कार्यरत अवर अभियंता राजकुमार ने दी उन्होंने बताया कि कस्बा गुरसहायगंज के मोहल्ला गांधीनगर में बकाए विद्युत बिल की अदायगी न होने पर ऑनलाइन प्रणाली से किये गए संयोजन बिच्छेदन की जांच दिनाँक 28 व 29.03.2026 को टीम के साथ करने पर 4 अदद उपभोक्ताओं द्वारा अपने मीटर को आई विद्युत केबल के अतिरिक्त केबल कटिया जोड़कर एवं 2 उपभोक्ताओं द्वारा बिना संयोजन स्वीकृत कराये बिजली कि चोरी करते पाए गए। उपरोक्त कुल 6 उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत एंटी पावर थेफ़्ट पुलिस स्टेशन कन्नौज में अभियोग पंजीकृत कराकर कार्यवाही की गई। गौरतलब है कि पूर्व में भी दैनिक समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से उपभोक्ताओं से वैध तरीके से ही बिजली का प्रयोग करने हेतु अपील को गई थी।

# कलेक्ट्रेट में असीम अरुण का निरीक्षण, कई कर्मचारी मिले नदारद

**डीएम के साथ सभी शाखाओं का लिया जायजा**

**अनुपस्थित कर्मियों पर स्पष्टीकरण व कार्रवाई के निर्देश**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



कलेक्ट्रेट परिसर में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण अचानक निरीक्षण के लिए पहुंच गए।

मंत्री ने जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के साथ विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई कर्मचारी अपनी सीटों से नदारद मिले, जिस पर मंत्री ने कड़ी नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने उपस्थिति रजिस्टर की भी जांच की और अनुपस्थित कर्मचारियों के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना अनुमति अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों से तत्काल स्पष्टीकरण लिया जाए और नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मंत्री असीम अरुण ने कहा कि सरकारी दफ्तरों में समयबद्धता और जवाबदेही बेहद जरूरी है। आम जनता को समय पर सेवाएं मिलें, इसके लिए कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति अनिवार्य है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इस दौरान अतिरिक्त मजिस्ट्रेट नवनीता राय सहित कर्मचारी मौजूद है।

# सड़क हादसों में घायलों को मेडिकल कॉलेज में कराया भर्ती

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

दो अलग अलग सड़क हादसों में घायल हुए चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीन घायलों को उपचार हेतु तिर्वा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक विशुनगढ़ क्षेत्र के पल्योरा गांव निवासी 22 वर्षीय आकाश अपनी मां गीता देवी के साथ बाइक से ताहपुर से तालग्राम आने के लिए रवाना हुए थे। जैसे ही बाइक सवार पुखरावां गांव के करीब पहुंचे, इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों मां बेटे गंभीर रूप से घायल हुए। इसी प्रकार दूसरी दुर्घटना तालग्राम थाना क्षेत्र में घटित हुई। जानकारी के मुताबिक कानपुर देहात के ककवन थाना क्षेत्र के गांव कसगवां निवासी 25 वर्षीय दिलीप कुमार अपनी बुआ भोजपुर गांव निवासी उमा देवी 50 वर्ष के साथ बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। रास्ते मे सामने से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी।

दुर्घटना के दौरान दोनों बाइक सवार घायल हुए। दुर्घटनाओं की जानकारी पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से स्थानीय हॉस्पिटल भिजवाया। यहां से आकाश, गीतादेवी, उमा देवी, को हालात में सुधार नहीं होने पर उपचार हेतु तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

## मेधावी बच्चों के साथ सम्मानित किए गए उनके अभिभावक

**छिबरामऊ, कन्नौज।** उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंवरपुर बनवारी में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मेधावी बच्चों के साथ उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक विनोद मिश्रा की देखरेख में आयोजित हुए वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान विद्यालय के मेधावी बच्चों अनुष्का, अलैका, अलका, रिया, फैयजा, गुंजा, मो.साहिल, मयंक कुमार व साहिल कुमार को अपनी-अपनी कक्षाओं में अव्वल आने पर पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही उनके अभिभावकों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सबीना बेगम, एसएमसी अध्यक्ष राजबहादुर, नोडल शिक्षक श्यामवीर सिंह, विनोद कुमार राठौर, शैलेष मिश्रा, रश्मि तिवारी, अटलबिहारी दीक्षित, रामेंद्रप्रताप सिंह, नरगिस बानो, प्रवेश कुमार, पूजा देवी, राधा, सुनीता, लाली, रूबी, पिंकी, सपना, शंकर, शरद कुमार, अजीत आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# 13 आंगनवाड़ी सहायिकाओं को मिले नियुक्ति पत्र

**चार केंद्रों के लोकार्पण से बाल विकास सेवाओं को मिलेगा बल**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



प्रदेश स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के तहत आंगनवाड़ी सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में सोमवार को कई अहम पहलें की गईं। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद मुख्यालय पर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी और भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया की उपस्थिति में देखा गया। इस दौरान जनपद में 13 आंगनवाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि छिबरामऊ के बिकूपुर, कन्नौज ग्रामीण के ईशापुर, उमर्दा के मालगवा और जलालाबाद क्षेत्र में आंगनवाड़ी केंद्रों का लोकार्पण किया गया है। इससे बाल विकास और पोषण सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं ने भाग लिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने जानकारी दी कि जल्द ही जिले में 1649 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को स्मार्टफोन वितरित किए जाएंगे, जिससे उनके कार्यों में तकनीकी दक्षता और पारदर्शिता आएगी।

# स्मार्ट मीटर से अधिक बिल आने पर भाकियू ने किया प्रदर्शन

**तिर्वा,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद कई ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बनते जा रहे हैं। स्मार्ट मीटरों से अधिक बिल आने को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने बिजली उपकेंद्र पर प्रदर्शन और नारेबाजी की।

सोमवार को भारतीय किसने यूनियन के के पदाधिकारी और ग्रामीण तिर्वा नगर स्थित बिजली उपकेंद्र पर पहुंचे। यहां उन्होंने बिजली विभाग द्वारा लगाए गए स्मार्ट मीटरों से अधिक बिजली बिल आने की शिकायत अधिकारियों और कर्मचारियों से की। पदाधिकारियों का कहना था कि, संबंधित उपभोक्ताओं के परिसर पर स्थापित बिजली के स्मार्ट मीटरों में उनकी वास्तविक खपत से अधिक बिलिंग हो रही है। जिससे उनके परिसर पर स्थापित स्मार्टफोन मीटर की जांच कर वास्तविक खपत के आधार पर बिल उपलब्ध करवाया जाय। यूनियन के पदाधिकारियों के साथ कई अन्य लोगों ने भी उपरोक्त समस्या के निदान की मांग करते हुए विद्युत उपकेंद्र पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन भी किया। मामले में उपखंड अधिकारी ने यूनियन के लोगों को मामले की जांच करवा कर समस्या के निदान का आश्वाशन दिया है।

# आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को वितरित किये गये स्मार्ट फोन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


स्मार्टफोन के साथ सहायिका व आंगनवाड़ी कार्यकत्री

कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य एवं विधायक भोजपुर नागेंद्र सिंह राठौर की उपस्थिति में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के लिए नियुक्ति पत्र वितरण एवं स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद स्तर पर चयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए तथा पूर्व से कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। प्रदेश सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं मुख्य सेविकाओं को कार्य में सुगमता प्रदान करने तथा पोषण ट्रैकर एप पर विभिन्न प्रकार की फीडिंग एवं रियल टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्मार्टफोन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जनपद स्तर पर कुल 239 स्मार्टफोन प्राप्त हुए हैं, जिनका वितरण पात्र लाभार्थियों को किया जा रहा है। 17 सितम्बर 2025 में दिए गए प्रावधानों के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका के रिक्त पदों के सापेक्ष ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित कर निष्पक्ष चयन प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। इसके तहत जनपद में 07 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं 476 सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त, आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों एवं बाल विकास परियोजना कार्यालयों के निर्माण कार्यों के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्मित 14 आंगनबाड़ी केन्द्रों का लोकार्पण प्रदेश स्तर पर मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा किया गया। साथ ही जनपद की बाल विकास परियोजना बढ़पुर के ग्राम जसमई में नए आंगनबाड़ी केन्द्र भवन के निर्माण हेतु शिलान्यास किया गया। निदेशालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में शत-प्रतिशत राज्य पोषित आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों का निर्माण कराया जाना है। इस हेतु लोक निर्माण विभाग को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।

प्रति आंगनबाड़ी केन्द्र भवन की अनुमानित लागत 30.22 लाख निर्धारित की गई है। निर्माण कार्य के लिए प्रथम किश्त के रूप में 10,14,391 की धनराशि कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी गई है, जिससे निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जा सकेगा। इस अवसर पर लखनऊ से सीधे प्रसारित किए जा रहे मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में संबंधित विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।

# कलेक्ट्रेट में विद्यार्थियों को वितरित किये गये छात्रवृति प्रमाण पत्र

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


बैठक में मौजूद डीएम व विधायक

लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा छात्रवृत्ति एवं राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का जनपद की शिक्षण संस्थाओं में तथा कलेक्ट्रेट सभागार में छात्रवृत्ति से लाभान्वित छात्र-छात्राओं के सम्मुख सजीव प्रसारण किया गया।

जनपद में राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के 912 आवेदन पत्र स्वीकृत तथा सभी वर्गों के 51564 छात्र-छात्राओं को 3883 लाख रुपए की धनराशि उनके आधार सीडेड बैंक खातों में प्रेषित की गई। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में लाभान्वित छात्र-छात्राओं को तथा राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ के लाभार्थियों को विधायिक कायमगंज डॉ. सुरभि, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व मुख्य विकास अधिकारी ने छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र/स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी रेनू, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी योगेश पांडेय तथा संबंधित शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्य एवं अध्यापक उपस्थित रहे।

## पत्नी की हत्या में फरार पति को पुलिस ने दबोचा



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दहेज की खातिर पत्नी की हत्या में फरार चल रहे आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार निरीक्षक मुन्नालाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 मार्च को दर्ज कराये गये मुकदमे में दर्शाया गया कि अतिरिक्त दहेज में कार की मांग पूरी न होने पर शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न कर महिला की फांसी लगाकर आत्महत्या कर देने के मामले में पुलिस ने पति राहुल, सास, ननद निवासीगण टिलिया कोतवाली मोहम्मदाबाद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। सोमवार को पुलिस ने हत्यारोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## खंड शिक्षा अधिकारी की बेटी ने उत्तीर्ण की पीसीएस परीक्षा


स्मृति श्रीवास्तव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजेपुर में खण्ड शिक्षाअधिकारी के पद पर कार्यरत राजीव श्रीवास्तव की बेटी स्मृति श्रीवास्तव का चयन सहायक वाणिज्यिक कर आयुक्त पद पर चयन हुआ है। लखीमपुर खीरी निवासी स्मृति श्रीवास्तव ने पीसीएस 2024 की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया। स्मृति ने एमएससी कैमिस्ट्री के साथ बीएड डिग्री प्राप्त कर पीसीएस परीक्षा की तैयारी कर सफलता प्राप्त की। उन्हें ज्वाइंट कमिश्नर जीएसटी बनाया गया। बताते चलें कि स्मृति श्रीवास्तव के पिता राजीव श्रीवास्तव फर्रुखाबाद में खंड शिक्षा अधिकारी पद पर कार्यरत हैं। बेटी की पीसीएस परीक्षा में सफलता पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल, अध्यक्ष अवनीश चौहान, अमित मिश्रा, मुन्ना लाल यादव, देवेंद्र यादव, राजेश यादव, राकेश यादव, निर्देश गंगवार, अश्विनी चतुर्वेदी, उपेंद्र गंगवार, विकास गंगवार, श्याम सिंह, सुशील माथुर, ओम सिंह चौहान, गजेंद्र सिंह आदि ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। वहीं जिला पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन की शासन द्वारा नामित सदस्य सुमन श्रीवास्तव ने स्मृति श्रीवास्तव को शुभकामनायें दी है। उन्होंने कहा कि बेटा, बेटी में कोई अंतर नहीं, आज बेटिया बेटों से बहुत आगे है। इस मौके पर नामित सभासद ममता सक्सेना, भाजपा नेता प्रदीप सक्सेना, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव आदि लोगों ने बधाई दी है।

# प्रेमिका से मिलने गये युवक को पकड़कर करवायी शादी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


विवाह कर रस्म के दौरान युवक-युवती

प्रेमिका से मिलने गये प्रेमी को ग्रामीणों ने घेराबंदी कर पकड़ लिया और दोनों परिवारों के बीच कई घंटे चले आरोप-प्रत्यारोप के पश्चात कुछ लोगों की मध्यक्षता से दोनों का विवाह करवाकर लड़के साथ लड़की को विदा कर दिया, तब जाकर मामला शांत हुआ।

जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज के ग्राम हीरा सिंह निवासी युवक निखिल का लम्बे समय से थाना कमालगंज याकूतगंज के ग्राम द्वारिकापुर निवासी एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बीती रात लड़की के घर पर अन्य परिजनों के बाहर जाने पर लड़का उससे मिलने पहुंचा। घर के अंदर किसी व्यक्ति होने का अंदेशा होने पर ग्रामीणा एकत्र हो गये और घर की घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि थाना नवाबगंज के ग्राम नगला हीरा निवासी है। उसके बताने पर ग्रामीणों व युवती के परिजनों ने लड़के भाई व परिवार के अन्य सदस्यों से बातचीत की और उन्हें अपने यहां आने को कहा। लड़का पक्ष के लोग जब गांव पहुंचे तब लड़का व लड़की दोनों परिवारों में एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने लगे।

इस दौरान ग्रामीणों ने दोनों पक्षों को शांत कराया और मध्यक्षता कर यह तय हुआ कि दोनों परिवारों की अब भलाई इसी में है दोनों का विवाह करा दिया जाये। आनन-फानन में विवाह कार्य सम्पन्न कराने के लिए ब्राह्मण को बुलवाया गया। उसके पश्चात दोनों का विवाह करवा दिया। उसके पश्चात लड़की पक्ष ने अपनी पुत्री की विदा लड़के साथ कर दी। बताया कि जा रहा है कि लड़की का परिवार काफी गरीब है और पिता नहीं है। मां व एक भाई है।

## किशोरी को भगा ले जाने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने गांव ढर्रा शादी नगर निवासी रवि शाक्य पुत्र मुकेश शाक्य के विरुद्ध बहला फुसलाकर किशोरी पुत्री को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है।

तहरीर के अनुसार 28 मार्च समय लगभग 6:30 बजे मेरी 16 वर्षीय पुत्री खेतों में शौच को गई थी। काफी समय तक वापस नहीं आई तो किशोरी की माता ने चारो तरफ खोजबीन की, तब पता चला कि उपरोक्त आरोपित रवि शाक्य मेरी पुत्री को बाइक पर बिठा कर कहीं ले कर चला गया। मेरापुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने लगायी फांसी, मौत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार थाना जहानगंज के ग्राम विरिया नगला निवासी सूर्या पत्नी विनीत वर्मा ने संदिग्ध परिस्थितियों में छत के कुंडे में साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि सूर्या का दो वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। करीब रात्रि में दरवाजा न खुलने पर रिश्तेदारी में आयी एक लड़की ने दरवाजे से झांक कर देखा तो सूर्या का फांसी के फंदे से शव लटक रहा था। परिजनों ने किसी तरह आनन-फानन में दरवाजा तोड़ा और महिला को चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सीओ ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किये। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। परिजनों ने बताया कि मृतका का पति बिजली विभाग में संविदा पर बिल जमा करने की नौकरी करता है।

# आप के कार्यकर्ता सम्मेलन में कई लोगों ने ली पार्टी की सदस्यता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी

आम आदमी पार्टी के तत्वावधान में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन जसमई दरवाजा स्थित झौनी नगला स्थित एक हॉल में हुआ। मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष इंजीनियर मोहम्मद हैदर, सुनीता गंगवार उपाध्यक्ष प्रांत, जिला अध्यक्ष बरेली राम सिंह मौर्य, नितिन शर्मा, वाहिद खान प्रमुख वक्ता के रुप में मौजूद रहे।

अध्यक्षता संरक्षक आलमजेव खान ने की। डॉ0 सुशील कुमार शाक्य, डा0 सुरेन्द्र कुमार वर्मा, दीपक शाक्य सहित बड़ी संख्या में लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं के साथ उनका पार्टी में स्वागत किया। सुनीता गंगवार ने किसानों को ओसवाल गन्ना मिल के संघर्ष को याद करते हुए बताया कि हमने किसानों का करोड़ों रुपए बकाया दिलाने का काम किया। इंजीनियर मोहम्मद हैदर प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा कि आम आदमी पार्टी लोगों के हितों में काम करती हैं। प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा कि हम शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क, महिला सुरक्षा, आम लोगों की भलाई में लगातार काम कर रहे हैं। जल्द ही सांसद संजय सिंह की पदयात्रा जो गुड़गांव देवी मंदिर से फतेहगढ़ तक रहेगी जल्द करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में जगतपाल सिंह, नवीन कुमार शाक्य, सोनू कुशवाह, सिद्धाराम यादव, राघवेंद्र सिंह यादव, अवनीश सिंह तोमर, जोगम राजपूत, ऋषि पाल यादव, सोनू, फैजान खान, सलमान खान, अजीत कुमार शाक्य, शैलेंद्र शाक्य, प्रदीप कुमार, महावीर सिंह, अखिलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# मारपीट व लूट में दो सगे भाइयों सहित तीन को चार वर्ष का कारावास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मारपीट व लूट के मामले में अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष दस्यु प्रभावित क्षेत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अभियुक्त सुरेश पुत्र नत्थू लाल, सचिन पाठक, नितिन पाठक पुत्रगण सुरेश बाबू निवासीगण हरभगत नगर कोतवाली फर्रुखाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर चार-चार वर्ष का कारावास व सोलह-सोलह हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

विगत 22 वर्ष पूर्व कोतवाली फर्रुखाबाद क्षेत्र के मोहल्ला हरभगत नगर निवासी रामनरायण मिश्रा पुत्र वीएल मिश्रा ने याचिका दायर की थी। जिसमें बताया कि बताया कि 30 मार्च 2004 को अपनी पत्नी की दवाई लेकर मोटर साइकिल से घर आ रहा था। जैसे मोहल्ले की गली में घुसा तो एक मोटर साइकिल रास्ते में खड़ी थी। मैने हॉर्न बजाया, सचिन पाठक अपने घर से बाहर निकल, मैंने कहा अपनी मोटर साइकिल हटा लो, इतने में विवाद बढ़ गया और नितिन पाठक, सचिन पाठक, सुरेश बाबू कर गले में पड़ी सोने की जंजीर तोड़ ली। साक्ष्य गवाह के आधार न्यायालय सुनवाई पूर्ण हुई। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अभियुक्त सुरेश बाबू, सचिन पाठक, नितिन पाठक को दोषी करार देते हुए चार-चार वर्ष का कारावास व सोलह-सोलह हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

# पॉक्सो के मामले में दो आरोपियों को पांच वर्ष का कारावास

## बारह-बारह हजार रुपए के अर्थदंड से किया दंडित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

पास्को एक्ट के मामले में अपर जिला जज पॉक्सो एक्ट प्रथम न्यायाधीश मेराज अहमद ने अभियुक्त गौतम पुत्र अमर सिंह निवासी राठौरा नगला नींव, सोनू पुत्र हरमोहन सिंह निवासी नगला दलजीत कोतवाली मोहम्मदाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर पांच-पांच वर्ष का कारावास व बारह-बारह हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

विगत 8 वर्ष पूर्व कोतवाली कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के निवासी युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरी पुत्री 15 वर्षीय नौ व दस अगस्त 2018 को घर से खेत में शौच क्रिया करने गई थी, तभी गौतम, सोनू व एक अज्ञात उक्त लोगों के पास नाजायज तमंचा को लेकर मेरी पुत्री के साथ छेड़छाड़ कर बुरा काम किया और जान से मारने की धमकी दी और जबरदस्ती अपने साथ मोहम्मदाबाद की तरफ ले गए। सुबह उक्त लोग पुत्री को सुबह पांच बजे छोड़कर भाग गए। उक्त आरोपियों की प्रताड़ना से पुत्री ने मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी। मेरी पुत्री का शरीर जल गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह की कुशल पैरवी की आधार पर न्यायाधीश मेराज अहमद ने अभियुक्त गौतम, सोनू को दोषी करार देते हुए पांच-पांच वर्ष का कारावास व बारह-बारह हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

## किशोरी को भगा ले जाने में तीन पर मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** किशोरी को भगा ले जाने के मामले में पीड़ित पिता की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने 28 मार्च को पंद्रह वर्षीय किशोरी दूध में नींद की गोली मिलाकर घर के लोगों को पिला दी। जिससे घर के सभी लोग गहरी नींद में सो गए। रात किसी समय आकर युवक अपने साथियों के सहयोग से किशोरी को बहला फुसलाकर सपने साथ भगा ले गया। किशोरी अपने साथ घर में रखे जेवरात व जरूरी दस्तावेज के साथ 50 हजार रुपए की नगदी ले गई। थाना पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर कुलदीप पुत्र वेदराम, अंशुल पाल पुत्र श्यामसिंह व रोहित पुत्र प्रदीप के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

# बीडीआरडी पब्लिक स्कूल में पुरस्कार पाकर झूम उठे छात्र-छात्राएं

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

कस्बे के बीडीआरडी पब्लिक स्कूल में सोमवार को वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। पुरस्कार पाकर छात्र-छात्राएं खुशी से झूम उठे। मुख्य अतिथि जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी अनिलचंद्र ने परीक्षा परिणाम में सभी कक्षाओं में आगे रहे छात्रों को सम्मानित करते हुए कहा कि आज ज्ञान की विधा तेजी से बदल रही है। ऐसे में बच्चों को संपूर्ण व बहुआयामी शिक्षा देनी होगी। अच्छी शिक्षा के साथ ही वास्तविक जीवन में काम आने वाली शिक्षा भी देनी चाहिए। अंग्रेजियत की दौड़ में बच्चों को जीवन मूल्यों व अच्छे संस्कारों की भी शिक्षा दी जानी चाहिए। अनुशासन, समय प्रबंधन पर भी जोर हो। इससे पूर्व मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सबसे पहले नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के टॉपर छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि ने मैडल पहनाकर व शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।। खेलकूद प्रतियोगिताओं की विभिन्न स्पर्धाओं के विजेता छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। कबड्डी में ग्रीन हाउस को वरिष्ठ बालक व कनिष्ठ बालिका एवं रेड हाउस को बरिष्ठ बालिका व कनिष्ठ बालिका वर्ग की ट्राफी मिली। खो-खो बालिका में रेड हाउस प्रथम, येलो हाउस द्वितीय व ग्रीन हाउस को तृतीय पुरस्कार मिला। खोखो बालक में रेड हाउस ने प्रथम, ग्रीन हाउस ने द्वितीय ब्लू हाउस ने तृतीय स्थान की ट्राफी पाई। संचालन शिक्षिका अनुषी पंड्या व आकांक्षा ने किया। आदित्य औदीच्य, नितिन औदीच्य व हर्षा व्यास ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। एडीओ समाज कल्याण प्रवीण कुमार भी मौजूद रहे।

## थानाध्यक्षा के खिलाफ याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अधिवक्ता को कोट-पेंट उताकर खड़ा कर बंधन बनाने व प्रतिष्ठा धूमिल करने के मामले में पीड़ित अधिवक्ता ने थानाध्यक्ष अमृतपुर रक्षा सिंह के खिलाफ अदालत में याचिका दायर की है। थाना अमृतपुर के ग्राम अमैयापुर निवासी धर्मेन्द्र कुमार एडवोकेट पुत्र सुरेन्द्र पाल ने न्यायालय में दायर की याचिका में दर्शाया कि वह पेशे से अधिवक्ता है और तहसील अमृतपुर न्यायालय परिसर में विधि व्यवसाय कर रहा है। 20 मार्च को अमृतपुर थानाध्यक्ष रक्षा सिंह ने अपने सीयूजी मोबाइल नंबर 9454403320 से मुझे सूचना दी उस समय प्रार्थी तहसील परिसर में अपने चैम्बर पर था। सूचना पर प्रार्थी अपनी अधिवक्ता ड्रेस में थाना अमृतपुर ही पहुंचा और पूछा किस लिए बुलाया है। इतना कहते ही उक्त थानाध्यक्ष रक्षा सिंह ने कहा कि कोट पैन्ट उतार दो इस पर प्रार्थी ने थानाध्यक्ष से पूछा मेरा क्या कसूर है। थानाध्यक्ष ने बताया कि रजीकुमारी पत्नी राम सिंह निवासी अगैयापुर पश्चिमी ने तुम्हारे खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है। थानाध्यक्ष ने प्रार्थी का पक्ष सुने बिना ही बलपूर्वक धमका कर जबरिया कोट और पेन्ट उतरवा दिया और कार्यालय गेट पर 15-20 मिनट तक खड़ा करके बंधक बनाए रखा। इस प्रकार थानाध्यक्ष रक्षा सिंह ने लोकसेवक पद पर रहते हुए अपने पदीय कर्तव्यों का दुरूपयोग किया है और प्रार्थी की ड्रेस उतरवाकर कर उसकी प्रतिष्ठा और सम्मान को ठेस पहुंचाई है। हालांकि वासुदेव पुत्र रामनाथ निवासी आशा की मड़ैया थाना राजेपुर आ गए जब प्राथी शर्ट और नेकर/अण्डरवियर में खड़ा था और वासुदेव ने सही बात बताई। इस पर दोनों पक्षकारों के मध्य समझौता हल्का इंचार्ज कल्लू यादव द्वारा करवा दिया गया। पीड़ित ने कार्यवाही की मांग की है। इस मामले को संज्ञान में लेते हुए आदलत ने एसपी को थानाध्यक्ष रक्षा सिंह के खिलाफ कार्यवाही के लिए पत्र लिखा है।

# पॉक्सो के मामले में दो आरोपियों पर दोष सिद्ध

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

पास्को एक्ट के मामले में अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अभियुक्त संदीप पुत्र अतर सिंह, रमले पुत्र मुखराम निवासीगण चुरसाई जहानगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 31 मार्च की तिथि नियत की गई है।

विगत नौ वर्ष पूर्व थाना जहानगंज क्षेत्र निवासी युवक ने 25 अक्टूबर 2017 को शाम साढ़े छः बजे मेरी 12 वर्षीय पुत्री शौच करने के लिए खेत में गई थी। वहां पर संदीप, संदीप का मौसी का लड़का जड़ेल सिंह, रमले मेरी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गए। जब छोटी बेटी घर को बताने के लिए चली। रमले ने पकड़ लिया और छेड़खानी करने लगा और गलत काम करने लगा। मेरी पुत्री चिल्लाने लगी, आवाज सुनकर गांव के कई लोग आ गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता तेज सिंह राजपूत, विकास कटियार की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने संदीप, रमले को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 31 मार्च की तिथि नियत की गई है।

# भाल त्रिपुण्ड जटा सिर सुन्दर, कांधे मुंज जनेऊ मनहर



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** परशुराम जन्मोत्सव भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम का जन्मोत्सव है, जो प्रतिवर्ष वैशाख शुक्ल तृतीया अक्षय तृतीया को मनाया जाता है। 19 अप्रैल को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया जायेगा। भगवान परशुराम को शक्ति, ज्ञान और चिरंजीवी (अमर) माना जाता है। इस दिन शोभायात्राएं और पूजा-अर्चना की जाती है।

**परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष**


डा0 अनुराग मिश्रा

**डा0 अनुराग मिश्रा** ने बताया कि भगवान परशुराम का चरित्र अक्षय है और उन्हें दमन और संरक्षण का प्रतीक माना जाता है। उनके जन्म का समय सतयुग और त्रेता का संधिकाल माना जाता है। परशुराम ने एकता का सूत्र संसार को दिया है। भारतीय वाङ्मय में सबसे दीर्घ जीवी चरित्र परशुराम जी का है। सतयुग के समापन से कलयुग के प्रारंभ तक उल्लेख मिलता है। परशुराम के जन्म समय को सतयुग व त्रेता का संधिकाल माना जाता है।


राजकुमार उर्फ राजू गौतम

**राजकुमार उर्फ राजू गौतम** ने बताया कि परशुराम विष्णु के छठे अवतार हैं। उनका जन्म माता रेणुका और ऋषि जमदग्नि के घर प्रदोष काल में हुआ था। उन्हें चिरंजीवी माना गाया है और उनके जन्म का वक्त सतयुग और त्रेतायुग का संधिकाल का समय माना जाता है। कहा जाता है कि धरती पर पापी राजाओं और दुष्टों के संहार के लिए भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में छठा अवतार लिया था। 19 अप्रैल को जन्मोत्सव मनायेगें।


मोनिका मिश्रा

**मोनिका मिश्रा** ने बताया कि भगवान विष्णु के 10 अवतारों में से सिर्फ परशुराम अवतार ही धरती पर निवास करते है। परशुराम जी तपस्वी के वेष में रहते हैं और उनको चतुर्भुज के तौर पर दिखाया जाता है। उनकी शेष दो भुजाओं में चक्र और दंड है। परशुराम जी की माता एक चंद्रवंशी क्षत्रिय कुल की थीं। उनके चार भाई थे, इनके नाम रुक्मवान, सुखेण, वसु और विश्वानस है। परशुराम जी ने ब्रह्मचर्य धर्म का पालन किया।

# प्राइवेट पब्लिकेशन की पुस्तकों का विरोध कर डीएम को सौंपा ज्ञापन

- धरना प्रदर्शन कर मनमाने दाम में बेंचने वाले पुस्तक विक्रेताओं पर कार्यवाही की मांग
- डीएम ने दिया आश्वासन, चलाया जायेगा अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्राइवेट स्कूलों के द्वारा अभिभावकों के साथ में की जा रही जबरदस्त लूट तथा स्कूलों के द्वारा प्राइवेट पब्लिकेशंस की पुस्तक खरीदने के लिए जबरदस्ती बाध्य किए जाने को लेकर जनता का गुस्सा फूट पड़ा। पूर्व में 26 मार्च को दिए गए 6 सूत्र ज्ञापन पर कोई कार्रवाई न होने पर फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन कर घोषणा की इसके लिए बहुत बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और प्रशासन के उदासीन रवैया के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गये। धरने में उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट की महिला सभा की जिला अध्यक्ष सोनी शुक्ला के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई।

सबकी एक ही मांग थी की स्कूलों के द्वारा की जा रही लूट बंद होनी चाहिए, क्योंकि इसे मध्यम वर्गीय परिवार पर जबरदस्त आर्थिक बोझ पढ़ रहा है। लोगों ने नारे लगाये हर जोर-जर जुल्म की टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है, प्राइवेट स्कूलों की लूटमार बंद हो बंद हो, अभी तो यह अंगड़ाई है आगे बहुत लड़ाई है। भ्रष्ट स्कूल प्रशासन मुर्दाबाद मुर्दाबाद, स्कूलों की धांडलगर्दी नहीं चलेगी नहीं चलेगी आदि नारे लगाकर धरना प्रदर्शन किया। सिटी मजिस्ट्रेट व अपर जिलाधिकारी ने वार्ता की तो भईयन मिश्रा ने ज्ञापन देने से मना किया।



डीएम को ज्ञापन सौंपते लोग

बाद जिलाधिकारी ने वार्ता की और ज्ञापन लिया। केशव भान साध, कोमल पाण्डेय आदि ने मांग की कि अभिभावकों पर प्राइवेट पब्लिकेशन की पुस्तक खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है। उसे बंद किया जाये। डीएम ने मांगों पर सहमति जतायी और कहा कि जिला प्रशासन आदेश जारी करेगा और प्राइवेट पब्लिकेशन पुस्तक पर रोक लगाये जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्राइवेट पब्लिकेशन एवं दुकानों को चिन्हित कर अभियान चलाकर छापा मारा जाये और उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाये। जनपद के जनप्रतिनिधि मौन है। इस मौके पर आचार्य अमरीश, विनोद गुप्ता, सतीश दीक्षित, उमेश जाटव, कृष्ण कुमार शर्मा, नन्हे पंडित, रामदास गुप्ता, शशांक शेखर मिश्रा, राजीव वर्मा, जितेंद्र कनौजिया, हेमंत शाक्य, अनूप प्रधान, रामवीर शुक्ला, निशित दुवे उर्फ निशु, रामबरन शाक्य, रोहन कश्यप, सनी बाथम, गौतम दुबे, आलोक मिश्रा, भरे, ओम निवास पाठक, आयुष सक्सेना, केके द्विवेदी, डॉ0 पंकज राठौर, सुमित गुप्ता, नितिन गुप्ता, अनीता शर्मा, नेहा मिश्रा, यशोदा सिंह, रेखा मिश्रा, अनुज तिवारी, अभिषेक श्रीवास्तव, अवनीश त्रिवेदी, माधव, गुड्डा दीक्षित, अशोक शाक्य, रजत वर्मा, आशू मिश्रा, नीरज यादव, प्रतीक दुबे, कुलदीप मिश्रा, शक्ति सिंह, शाहरुख खान, अफरोज आलम, सुशील शंकर, अजीत कश्यप, अमित कुशवाहा, अजय मिश्रा, कुलदीप दीक्षित, गोविंदा अवस्थी आदि लोग उपस्थित रहे।

## निजी पब्लिकेशन पुस्तक बेंचने वाले विद्यालयों पर होगी कार्यवाही

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** निजी स्कूलों में प्राइवेट पब्लिकेशन की पुस्तकों का अभिभावकों पर दबाव बना कर जनपद के प्रधानाचार्यों एवं विद्यालयों के द्वारा छात्र-छात्राओं को कापी, किताबें, ड्रेस, ब्लेट, जूते आदि खरीदने के लिए विवश किया जा रहा था। जिस पर जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने पत्र जारी कर स्पष्ट निर्देश दिया कि सामग्री क्रय करने के लिए किसी भी छात्र-छात्राओं को विवश नहीं किया जायेगा।निजी विद्यालय एनसीआरटी की पुस्तकें पाठ्यक्रम पुस्तकों में शामिल न कर अन्य पब्लिकेशनों की पुस्तकों को शामिल किया जा रहा है। स्पष्ट निर्देश है कि एनसीआरटी द्वारा संचालित पुस्तकों को ही पाठ्यक्रम में शामिल करें। आदेश न मानने वाले विद्यालयों पर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## युवक ने महिला को दी जान से मारने की धमकी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज के गांव सिकंदरपुर निवासी किरण देवी का गांव में ही एक युवक से किसी बात को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। सोमवार को उसी विवाद को लेकर युवक किरण देवी के घर पर आकर गाली-गलौज करने लगा। जब किरण देवी ने गाली-गलौज का विरोध किया तो युवक मारपीट करने पर आमादा हो गया।

लोगों की भीड़ जमा होते देख युवक न किरण देवी को जान से मारने की धमकी देकर वहां से चला गया। थाने पहुंचकर किरण देवी ने युवक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

## बच्चों को प्रमाण पत्र व शील्ड देकर किया सम्मानित

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** अमृतपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में वार्षिक महोत्सव एवं परीक्षा परिणाम वितरण कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किए गए। कार्यक्रमों की शुरुआत पारंपरिक सरस्वती वंदना के साथ हुई। ग्राम रमपुरा स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय उधरनपुर में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। वहीं इको क्लब के 10 बच्चों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर ट्रॉफी प्रदान की गई। उधरनपुर में सोनम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सुमिता ने द्वितीय स्थान हासिल कर सराहना बटोरी। रमपुरा प्राथमिक विद्यालय में भी वार्षिक महोत्सव का आयोजन हुआ, जहां पवन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सम्मान हासिल किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक रमेश सिंह, सहायक अध्यापक अमेन्द्र सिंह विक्रम एवं विशाल की उपस्थिति रही। साथ ही रामबाबू प्रधानाचार्य, नीरज तिवारी, राजवीर प्रधान, उद्भान, एवं अभिभावक रजनी देवी सहित अन्य गणमान्य लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# कन्या प्रा.वि. बुढ़नामऊ में शैक्षिक सत्र समापन पर विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

- प्रधानाध्यापक नानक चन्द्र ने बीएसए व बीईओ को किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कन्या प्राथमिक विद्यालय बुढ़नामऊ में शैक्षिक सत्र समापन के अवसर पर विद्यालय में सर्वप्रथम निपुण दक्षता प्राप्त करने वाले बच्चों का तथा सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन नेहा मिश्रा, संगीता, आसना के सहयोग से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। ईशा, एंजेल, मनु ने सरस्वती वंदना कर स्वागत गीत प्रस्तुत किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षक और छात्र में समायोजन बन जाए, फिर कोई काम रुकने वाला नहीं है, देश बदलेगा, प्रदेश का नाम रोशन होगा, जिले का नाम रोशन होगा। घर परिवार में समाज में उनका सम्मान होगा। ऐसे गुरु की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानाध्यापक अच्छे शिक्षकों में से हैं, बच्चों की बैठक व्यवस्था के लिए विद्यालय न होने के लिए अफसोस जाहिर किया। गांव वालों से अपील की आप लोग बच्चों के शिक्षा के लिए विद्यालय निर्माण न्यायालय प्रकरण आपसी सहमत से समाप्त करने के लिए सहयोग करें। इस अवसर पर 20 बच्चों को लेखन सामग्री, संविधान की प्रति अन्य पुरस्कार देकर सर्वप्रथम निपुण दक्षता सम्मान से सम्मानित किया। इस दौरान जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा में कक्षा 5 के छात्र सुशांत ने सर्वोत्तम अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बच्चों को माला पहनकर मेडल, शैक्षिक सामग्री, घड़ी, पानी की बोतल देकर सम्मानित किया।



मीरा कटियार को सम्मानित करते बीएसए

उन्होंने बच्चों को आगे बढ़ने करने के लिए प्रेरणा लेकर शिक्षण कार्य करने की सलाह दी। सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह के आयोजन में मीरा कटियार, सरोज यादव को स्मृति चिन्ह व शाल उड़ाकर प्रमाण पत्र तथा माला पहनकर सम्मानित किया। एचडी अवार्ड होने पर एआरपी राजेंद्र कुमार पवन को सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक नानक चन्द्र ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश चंद्र पाल, राजेंद्र पवन वर्मा, जवाहर सिंह गंगवार, ग्राम प्रधान मनोज कुमार को उनके सहयोग के लिए स्मृति चिन्ह व शाल उड़ाकर कर तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

संचालन जीआर वर्मा ने किया। इस अवसर पर शिक्षिका संगीता, फरजाना अंजुम, साहित्यकार आसना, किरण अग्निहोत्री, मनोज कुमार, सदस्य, अभिभावक, पूर्व प्रधान रामविलास यादव, निर्मल चंद कटियार आदि विद्यालयों के तमाम शिक्षक छात्र उपस्थित थे।



प्रदेश अध्यक्ष के साथ नीरज बाल्मीकि आदि

## सफाई कर्मचारी संघ ने की 20 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय किये जाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ के द्वारा मांग की गई प्रदेश के निकायों में कार्यरत संविदा सफाई कर्मचारी स्थायी नहीं होते है। आउट सोर्स ठेका सफाई कर्मचारियों को 20 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिये जाने का विभागीय आदेश जारी नहीं होता है तो 8 अप्रैल के बाद 1 मई को मजदूर दिवस से कर्मचारी आंदोलन करेंगे। यह ऐलान स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष मानिक लाल नागर ने किया है। नगर आगमन पर प्रांतीय अध्यक्ष मानिक लाल नागर का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि संघ ने मुख्यमंत्री को 6 दिसम्बर को एक पत्र सौंपा था। 11 जनवरी को मण्डलायुक्त द्वारा झांसी विधायक रवि शर्मा के माध्यम से 13 सूत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री को भेजा गया था। कोई जबाव न मिलने से संघ के लोगों में आक्रोश है। सफाई कर्मचारियों का उत्पीड़न बंद किया जाये और नहीं निजीकरण हटाओ के चलते आंदोलन होगा। इस अवसर पर नीरज बाल्मीकि, हरिओम बाल्मीकि, नंदकिशोर, विजय कुमार, महंत कुमार, बिल्लू, प्रदीप आदि लोग मौजूद रहे।

## शिक्षकों ने मूल्यांकन लोकल टीए भुगतान कराये जाने की मांग



उपनियंत्रक को ज्ञापन सौंपते शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शिक्षकों ने उपनियंत्रक मूल्यांकन केंद्र महीयशी राजकीय बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत को सत्र 2024-25 का लोकल टीए भुगतान दिलाये जाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि 2025 में बोर्ड परीक्षा में मूल्यांकन का लोकल टीए अभी तक शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्राप्त नहीं हुआ है। जिसका भुगतान कराया जाये। इस वर्ष का परीक्षा मूल्यांकन समाप्ति की ओर है, इसका भी लोकल टीए भुगतान साथ में दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। जिसकी प्रति जिला विद्यालय निरीक्षक को भी शिक्षक नेताओं द्वारा सौंपी गई है। उपनियंत्रक मूल्यांकन केंद्र द्वारा आश्वासन दिया गया है कि इसका भुगतान शीघ्र करा दिया जायेगा। इस मौके पर प्रधानाचार्य सुखराम सिंह कुशवाहा, शिक्षक नेता सत्येन्द्र सिंह, रजनीश शिवा, संदीप कुमार, संजय गंगवार, अनुपम यादव, आनंद मोहन सिंह, विशेष कुमार सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# दबंग पूर्व सैनिक की जमीन पर कर रहे कब्जा, शिकायत एसडीएम से

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दबंग पूर्व सैनिक की विधवा पत्नी को उसके द्वारा लिये गये खेत पर फसल नहीं बोने दे रहे है। विरोध करने पर जानमाल की धमकी देकर मौके से भगा देने के मामले में पीड़िता ने उपजिलाधिकारी से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम लुकुटपुरा मौजा कुरैली निवासी सरिता पत्नी स्व0 जीत कुमार ने उपजिलाधिकारी को दिये शिकायती पत्र में दर्शाया कि पति जीत कुमार आर्मी में सेवारत थे, जो कि शहीद हो चुके है। प्रार्थिनी ने एक किता कृषि भूमि आराजी गाटा संख्या-6725 रकवा-0.4010 हे0 स्थित मौजा सिसेली चतुर्थ तहसील सदर के भूमि स्वामी बादशाह पुत्र स्व0 पंचीलाल निवासी ग्राम कुरैली परगना मोहम्मदाबाद से जरिये रजिस्टर्ड बैनामा 12 सितम्बर 2025 को क्रय किया है तथा विक्रय के पश्चात से ही प्रार्थिनी का कब्जा दखल उक्त क्रय की हुई आराजी पर चला आ रहा है, जिसका दाखिल खारिज भी प्रार्थिनी ने करवा लिया है जो कि राजस्व अभिलेखो में प्रार्थिनी के नाम दर्ज हो चुका है। परन्तु उक्त भूमि के विक्रेता बादशाह के पूर्व बटाईदार अजीत पुत्र द्वारिका व द्वारिका पुत्र नामालुम निवासी ग्राम नगला अमृतपुर थाना-मोहम्मदाबाद द्वारा प्रार्थिनी को उक्त कृषि भूमि पर कृषि फसले नहीं करने दे रहे है और कहते है कि हमारा बादशाह पर पहले का पैसा वाकी है, बादशाह ने खेत तुम्हे बेच दिया है, लेकिन हमारा पैसा नहीं दिया है। अब हम अपना पैसा तुमसे, लेगे। जब तक तुम मेरा पैसा नहीं दोगी तब तक हम तुम्हे खेती नहीं करने देगे और मना करने पर लड़ाई डागड़ा पर अमादा हो जाते है। 17 मार्च को समय करीब 11 बजे जब अपना खेत जुतवाने गयी तो उपरोक्त अजीत व द्वारिका व इनके परिवारीजन प्रार्थिनी को गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने पर उतारू हो गये और प्रार्थिनी का खेत जोतने नहीं दिया और प्रार्थिनी को खेत से भगा दिया। थाने पर सूचना दी, परन्तु कोई कार्यवाही नही हुई।



शिकायत करने के बाद जानकारी देती पीड़िता

## नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर सुंदरकाण्ड पाठ का हुआ आयोजन



सुंदरकाण्ड पाठ करते आचार्य संतोष शुक्ला मौजूद भक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ग्राम पंचायत बसेली में श्री नर्मदेश्वर महादेव के मंदिर पर श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। मुख्य यजमान शिवम वर्मा ने श्री बाला जी महाराज का पूजन किया। उन्होंने आचार्य संतोष शुक्ला महाराज कथावाचक एवं आनंद तिवारी का स्वागत किया। आचार्य संतोष शुक्ला ने सुंदरकाण्ड पाठ का शुभारंभ किया। सुंदरकांड पाठ में सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे और सुंदरकांड पाठ में लंका दहन को श्रवण कर भक्तों ने पुष्प वर्षा की। संतोष शुक्ला एवं आनंद तिवारी ने श्री बालाजी महाराज के पाठ को संपन्न कराया। शिवम वर्मा, विजय तिवारी आदि भक्तों ने भगवान की आरती करने के बाद प्रसाद वितरण किया।

# महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

शोभायात्रा साधवाड़ा से प्रारम्भ होकर घुमना, लाल दरवाजा होते हुए लल्ला हकीम वाटिका पहुँची। वहाँ भगवान महावीर का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। शोभायात्रा पुनः प्रारम्भ होकर लाल दरवाजा, घूमना चौक, लोहाई रोड से होती हुई। साधवाड़ा जैन मंदिर पर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में सबसे आगे जैन धर्म का पवित्र ध्वज शोभायमान था। उसके पीछे महिलाएं आकर्षक वेशभूषा में डांडिया नृत्य प्रस्तुत करती हुई चल रही थीं, जिससे वातावरण भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण बना रहा। वहीं बैंड द्वारा मधुर भक्ति गीत-प्रभु रथ पर हुए सवार, नगाड़ा बाज रहा है-की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण भगवान महावीर का सुसज्जित रथ रहा, जिसमें भगवान विराजमान थे। रथ पर सारथी के रूप में द्रवित जैन विराजमान थे। वहीं इंद्र के रूप में दीपक जैन एवं सौरभ जैन तथा खवास के रूप में विकास जैन उपस्थित रहे। जिन्होंने शोभायात्रा की शोभा को और बढ़ाया। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्म लाभ प्राप्त किया तथा पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। नेहरु रोड पर विनयाशा होटल के बाहर श्रद्धारानी स्मृति संस्थान के संरक्षक विनय अग्रवाल व व्यापारी नेता संजय गर्ग ने पुष्प वर्षा कर आरती उतारी और यात्रा का स्वागत किया। संजय गर्ग, रोहित शर्मा आदि ने यात्रा में चल रहे लोगों को सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष ऋषभ शरण, डॉ0 नेम शरण जैन, दिलीप जैन, दीपक जैन, शैलेन्द्र जैन, विक्रांत जैन, राहुल जैन, अर्जव जैन, अंकित जैन, ध्रुव जैन, दीपसशु जैन, मीनू जैन, अरुणा जैन, गुंजा जैन, अंजू जैन, नेहा जैन, अंजलि जैन, साधना जैन, संध्या जैन, शिवानी जैन, जूली जैन, दीपशिखा जैन, वर्षा जैन, नीलम जैन, शिखा जैन, स्वीटी जैन, अर्चना जैन आदि लोग मौजूद रहे।



शोभायात्रा में शामिल भगवान महावीर जैन का रथ



यात्रा में शामिल जैन समाज के लोग

# पुलिस ने महिलाओं को जागरुक कर सुरक्षा, सम्मान का दिया संदेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। आयोजित कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का संदेश देना था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत थाना कमालगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओ/बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, नवीन कानूनों, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के उपायों, घरेलु हिंसा, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं शासन द्वारा प्रचलित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। इसके साथ ही थाना कादरीगेट, कोतवाली कायमगंज, थाना जहानगंज, थाना मऊदरवाजा, महिला थाना, कोतवाली मोहम्मदाबाद, थाना राजेपुर, कोतवाली फर्रुखाबाद में पुलिस ने भ्रमण के दौरान छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वुमेन पावर लाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साइबर अपराधों से बचाव के लिए साइबर सेफ्टी के महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने के उद्देश्य से विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रक्रियाओं से भी अवगत कराया गया। उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, विशेषकर घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा कानूनों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पंपलेट वितरित कर महिलाओं एवं बालिकाओं के मध्य सुरक्षा, विश्वास एवं आत्मनिर्भरता का वातावरण स्थापित करना बताया गया।



महिलाओं को जागरुक करती पुलिस

## शिशिशु/अप्रेन्टिसशिप मेले में 18 अभ्यार्थियों का हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ठण्डी सड़क में शिशिशु/अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया गया। मेला में 02 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया व रिक्तियां 50 के सापेक्ष मेला में 68 अभ्यार्थी उपस्थित हुये। मेला में कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 68 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर कुल 18 अभ्यर्थियों का टोयोटा ग्रुप कम्पनी फर्रुखनगर गुरुग्राम में 08 अभ्यर्थियों का अप्रेन्टिसशिप तथा 10 अभ्यर्थियों का जॉब ट्रेनी के लिए चयन किया गया। मेला की व्यवस्था में प्रमुख रूप से नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह, बृजेश कुमार कार्यदेशक, सुनील कुमार प्लेसमेन्ट प्रमारी, रंजीत कुमार सुमन अप्रेन्टिस प्रभारी, विजेन्द्र सिंह भास्कर, राजकिशोर महतो एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

# बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी एसो. ने मांगों को लेकर बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र नाथ अवस्थी मांगों को लेकर तीन सूत्रीय ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई है कि कार्यालय खण्ड शिक्षाधिकारी के सभागार में संगठन की जनपद स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कई एजेंडों पर चर्चा हुई। जिसमें कार्यरत कर्मचारियों के एसीपी के संबंध में चर्चा की गई।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का एसीपी देय भी तत्काल स्वीकृत किया जाये। जिसमें बीएसए द्वारा आश्वासन दिया गया। साथ ही मुख्यमंत्री का पत्र भी सभी बीएसए के कार्यालय विभागों में निर्देशित कियागया है। 2025 से ई-आफिस द्वारा कार्यालय कार्यों के निष्पादन हेतु अनिवार्य रुप से ई-आफिस का प्रयोग किया जाये। ई-आफिस पर कार्य न करने वाले कर्मिक का वेतन आहरित की दशा में संबंधित कार्यालयाध्यक्ष आहरण वितरण अधिकारी व्यक्तिगत रुप से उत्तरदायित्व होंगे। ई-आफिस अद्यतन कार्यनिम्वत नहीं हुआ तो संबंधित कार्यालयाध्यक्ष व्यक्तिगत रुप से जिम्मेदार होंगे। बैठक में क्षेत्राधिकारी एवं सदस्यों ने मांग की है कि जब तक विभाग द्वारा समस्त कर्मचारियों, कम्प्यूटर सिस्टम अद्यतन, जनरेशन के उपलब्ध नहीं कराये जाते है तब तक किसी भी कर्मचारी का वेतन नहीं रोका जाये। सिस्टम उपलब्ध कराने का दायित्व विभागाध्यक्ष कार्यालयाध्यक्ष का होता है। बिना सिस्टम कार्यवाही की जाती है तो संगठन इसका विरोध करेगा। अवकाश के संबंध में सदस्यों द्वारा मांग की गई कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का अवकाश नगदीकरण नहीं दिया जाता है।



बीएसए को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी

इस संबंध में बीएसए के माध्यम से शासन को भेजने का निर्णय लिया गया है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र नाथ अवस्थी, अरशद सिद्दीकी, अनुराग सक्सेना, सुधीर कुमार, रिषव शुक्ला, पुणेश मिश्रा, सुमन मिश्रा, प्रतिभा दिवाकर, गजेन्द्र सिंह, निर्मल बौद्ध, सुशील सक्सेना, अश्वनी राजपूत, सुशील राजपूत मौजूद रहे।

## सभासदों ने नीवचुअत तिराहे मार्ग का नाम स्व. विमल प्रसाद तिवारी रखने की मांग की

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद के सभासदों ने पंडित विमल प्रसाद तिवारी के नाम से नीवाचुअत तिराहे से स्टेट बैंक रोड का नाम रखे जाने की मांग की है। सभासद अतुल शंकर दुबे के नेतृत्व में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को सभासदों ने ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि इलाहाबाद विश्व विद्यालय से अर्थशास्त्र में प्रदेश में प्रथम स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले स्व0 पं0 विमल प्रसाद तिवारी जो कि जनपद के ही नहीं प्रदेश की स्वच्छ राजनीति के प्रतीक रहे और अनेकों बार फर्रुखाबाद सदर से विधायक निर्वाचित हुये स्व0 तिवारी जी बहुत ही सरल और सौम्य हृदय के व्यक्ति थे। हम सभी सभासदगण मांग करते है कि नगर के नीवाचुअत तिराहे पर स्टेट बैंक मार्ग का नाम स्व0 पं0 विमल प्रसाद तिवारी मार्ग किया जाये। कादरीगेट पर लगे नगर पालिका परिषद के स्वागत द्वार पर स्व0 पं0 विमल प्रसाद तिवारी द्वार किया जाये तथा उसमें तिवारी जी का छायाचित्र लगाया जाये, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ स्व0 तिवारी के व्यक्तित्व से प्रभावित हो सकें। इस मौके पर सांसद मुकेश राजपूत, सुनीता बाजपेयी, लईक अहमद, राशिदा बेगम, अर्चना अग्निहोत्री, नौशाद अहमद, रफी अंसारी, अनिल कुमार तिवारी, धर्मेन्द्र कनौजिया, मोहम्मद असलम अंसारी, रोहित नंदन कटियार, विजय अनुरागी, बृजेश शुक्ला, इशरतुन्निशा, निर्मला शाक्य, प्रशांत कटियार, आलोक मिश्रा, दीक्षा, सचिन सुमन, फुरकान अहमद, अनिल यादव, नीलम अग्निहोत्री, मुनीशुद्दीन सिद्दीकी, अंजली दिवाकर आदि ने हस्ताक्षर कर ज्ञापन सौंपकर मार्ग का नाम रखने की मांग की है।

## एडमिशन, री-एडमिशन और किताबों के नाम पर भारी वसूली

# लखीमपुर खीरी में शिक्षा पर 'फीस का शिकंजा': जिलेभर में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी

**अभिभावकों का बढ़ता आक्रोश, शिकायतें पहुंचीं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तक**



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** जिले में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही प्राइवेट स्कूलों की मनमानी एक बार फिर खुलकर सामने आ गई है। एडमिशन फीस, री-एडमिशन शुल्क, महंगी किताबें और तय दुकानों से खरीदारी की बाध्यता ने शिक्षा को आम परिवारों की पहुंच से दूर करना शुरू कर दिया है। जिले के अलग-अलग कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों से अभिभावकों की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, जो इस बात का संकेत है कि शिक्षा अब सेवा नहीं, बल्कि एक संगठित कारोबार का रूप ले चुकी है। अभिभावकों का कहना है कि हर साल नए सत्र में फीस का ढांचा बिना किसी स्पष्ट नियम के बढ़ा दिया जाता है। एडमिशन के नाम पर हजारों रुपये वसूल जाते हैं, जबकि पहले से पढ़ रहे बच्चों के लिए भी री-एडमिशन शुल्क के जरिए अतिरिक्त बोझ डाला जाता है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि इन फीसों पर किसी प्रकार का प्रभावी नियंत्रण नजर नहीं आता, जिससे स्कूल प्रबंधन पूरी तरह मनमानी करने के लिए स्वतंत्र हैं। जिलेभर में एक जैसी तस्वीर किताबों और स्टेशनरी को लेकर भी देखने को मिल रही है। स्कूलों द्वारा अधिकृत दुकानों से ही किताबें, कॉपियां, यूनिफॉर्म और जूते खरीदने का दबाव बनाया जाता है। इन दुकानों पर न तो छूट मिलती है और न ही कीमतों में पारदर्शिता होती है, जबकि बाजार में वही सामान कम कीमत पर आसानी से उपलब्ध है। अभिभावकों को मजबूरी में महंगे दाम चुकाने पड़ रहे हैं। इस पूरे परिदृश्य में उचौलिया क्षेत्र एक बड़ा उदाहरण बनकर सामने आया है, जहां स्थिति और भी गंभीर नजर आ रही है। यहां दर्जनों प्राइवेट स्कूलों में फीस और किताबों को लेकर खुलेआम वसूली की जा रही है। नए सत्र के साथ ही अभिभावकों से हजारों रुपये एडमिशन के नाम पर लिए जा रहे हैं, जबकि हर साल री-एडमिशन की प्रक्रिया से अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ा दिया जा रहा है। उचौलिया में अभिभावकों की सबसे बड़ी परेशानी तय दुकानों से खरीदारी को लेकर है। स्कूलों द्वारा अधिकृत पुस्तक विक्रेताओं के यहां किताबें और कॉपियां बाजार से दोगुनी कीमत पर बेची जा रही हैं और 'नो डिस्काउंट' की सख्त नीति लागू है। यही नहीं, पूरा सेट खरीदने के बाद भी कई बार एक-दो किताबें बाद में देने की बात कहकर अभिभावकों को परेशान किया जाता है। यदि फीस के आंकड़ों पर नजर डालें तो स्थिति और स्पष्ट हो जाती है। चैप्सली विद्यालय में कक्षा एक की एडमिशन फीस 7000 रुपये, मासिक शुल्क करीब 3100 रुपये और किताबों पर 6600 रुपये तक खर्च करना पड़ रहा है। वहीं गुरुद्वारा स्थित कैंब्रिज कॉन्वेंट स्कूल में एलकेजी के एडमिशन के लिए 4500 रुपये और किताबों के लिए 5000 से 6000 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। यानी एक छोटे बच्चे की पढ़ाई शुरू करने में ही अभिभावकों को 15 से 20 हजार रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं। जब उचौलिया जैसे पिछड़े क्षेत्र में ऐसे विद्यालय मनमानी फीस वसूल कर रहे हैं तो सोचिए जिले के प्रमुख स्कूलों में क्या हाल होगा। जिलेभर में बढ़ती इस मनमानी से अभिभावकों में आक्रोश गहराता जा रहा है। नाम न बताने की शर्त कर कई लोगों ने बताया कि उन्होंने अपनी शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई है।

## चैती मेले में बिना अनुमति झूला संचालन पर पालिका सख्त, जारी किया नोटिस

**सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर कार्रवाई, प्रमाण पत्र न देने पर झूला बंद**



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** चैती मेला परिसर में बिना आवश्यक अनुमति के झूला संचालन किए जाने के मामले में नगर पालिका परिषद ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित संचालक को नोटिस जारी किया है। अधिशासी अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से झूले का संचालन बंद करने के निर्देश दिए हैं। नगर पालिका परिषद के अनुसार सहायक निदेशक विद्युत सुरक्षा के निर्देश पर 23 मार्च को विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा झूले का संयुक्त निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान झूले में प्रयुक्त जनरेटर एवं अस्थायी विद्युत कनेक्शन से संबंधित आवश्यक शुल्क जमा करने और आवश्यक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन अब तक संचालक द्वारा इनका अनुपालन नहीं किया गया। इस पर नगर पालिका ने सख्ती दिखाते हुए झूला संचालन पर रोक लगा दी है। साथ ही संचालक को निर्देशित किया गया है कि वह लोक निर्माण विभाग से गुणवत्ता प्रमाण पत्र, विद्युत विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र, विद्युत सुरक्षा से संबंधित प्रमाण पत्र तथा अग्निशमन विभाग से एनओसी प्राप्त कर शीघ्र नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत करें। नगर पालिका ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि बिना अनुमति झूला संचालन जारी रखा गया और किसी प्रकार की अप्रिय घटना होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित संचालक की होगी।

## खबरें एक नजर में

### गौ तस्करी रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक ने बार्डर पर तैनात किया फोर्स

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मतवार पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्राजीय बार्डर बगदरा व बछहनार बार्डर पर पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर अपर्णा रजत कौशिक ने मिर्जापुर पुलिस लाइन से एक उपनिरीक्षक व चार पुलिस कर्मियों की तैनात कर गस्त तेज करने का थानाध्यक्ष को निर्देश दिया है जिससे गौ तस्करी पर अंकुश लगाया जा सके। अतरिक्त पुलिस फोर्स के साथ थानाध्यक्ष स्थानीय पुलिस रात्रि में गस्त कर रही है जिससे गौ तस्करी पर अंकुश लगाया जा सके मिर्जापुर पुलिस अधीक्षक द्वारा गौ तस्करी पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए यह कदम उठाया है । अतिरिक्त पुलिस फोर्स के साथ थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव व मतवार पुलिस चौकी प्रभारी मतवार कन्हैया राय द्वारा गस्त किया जा रहा है । इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की गौ तस्करी को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा अतिरिक्त फोर्स की तैनात किया है । जिससे मध्य प्रदेश की तरफसे आने वाले गौ तस्करो पर लगाम लगाते हुए गौ तस्करी को रोका जा सके।

### संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से चार मडहा जलकर हुआ राख

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कुबरा गायघाट में सोमवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से किसान का चार मडहा जलकर राख हो गया आग की लपटे देखकर ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन तब तक मडहे में रखा सामान जलकर राख हो गया आधा घंटे बाद मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड वाहन के कर्मियों ने आग पर काबू पाया है । आगजनी की घटना से किसान का लाखों रूपये की क्षति हुई है मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल किया है क्षेत्र के हलिया ग्राम पंचायत के महादेव मुहल्ला निवासी राम नरायण मौर्य व अवध नारायण मौर्य की हलिया के कुबरा गायघाट में पाही है मडहा बनाकर खेती करते है सोमवार की दोपहर एक मडहे में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई और आग बिकराल रूप धारण कर बगल के तीन मडहे में लग गयी जिससे चारों मडहा जलकर राख हो गया । मडहे मे रखा किसान की दो भैस झूलस गयी और गृहस्थी का सामान व गन्ना पिराई करने के लिए रखा इंजन,बैलट,तीस बोरी सरसो गल्ला, साइकिल सहित अन्य सामान व पेड़ पौधे जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना पर पहुँचे ग्रामीणों ने बाल्टी डब्बा में पानी लाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल पायी सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड के कर्मियों हेड कांस्टेबल सोहन यादव, वेदप्रकाश, प्रेम कुमार, सुनील ने आग पर काबू पाया है सूचना मिलने पर ग्राम प्रधान हलिया शिवबाबू सेठ व ग्राम प्रधान भटवारी राजेश कुमार ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित को शासन से आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया है और ग्राम प्रधान शिवबाबू सेठ ने पांच हजार रूपये की सहायता राशि दिया है।



### मोनो ब्लॉक पंप हुआ गायब, पीड़ित ने तहरीर

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के थोथा गांव से घर के पास कुएं में लगा मोनो ब्लॉक पंप गायब होने पर पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है।। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गयी है । थाना क्षेत्र के थोथा गांव निवासी भरत लाल मिश्र ने सोमवार को तहरीर देकर बताया की कुएं के पास बने मकान का ताला तोड़कर मोनो ब्लॉक का पाइप काटकर कुएं में गिराकर किसी अज्ञात द्वारा मोनो ब्लॉक पंप को गायब कर दिया है। सुबह से कुएं के पास जाने पर मकान का ताला टुटा हुआ देखकर घटना की जानकारी हुई है तहरीर मिलने पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गयी है।

### ब्लाक सभागार में विधायक ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया लोकार्पण

**हलिया (मिर्जापुर)।** छानबे विधायक अपना दल एस रिंकी कोल ने ब्लॉक सभागार में मुख्यमंत्री प्रेरणा कार्यक्रम के तहत तीन आंगनबाड़ी केंद्रों का दीप प्रज्वलित कर लोकार्पण किया। विकास खंड के भीटहा, कनोखर तथा गोरगी में आंगनबाड़ी केंद्र का छानबे विधायक ने शिलान्यासध् लोकार्पण कर कहा कि सरकार के द्वारा नारी सशक्तिकरण का कार्य चल रहा है। प्रधानमंत्री ने महिलाओ को घर की मुखिया बनाकर नारी सम्मान दिया है नारी घर की मुसीबत में हमेशा खड़ी होती है पहले बनारसी साड़ी बनारस से आया करती थी बदलते भारत में समूह के माध्यम से लघु उद्योग में तैयार हो रही है। बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने कहा कि अपने दायित्वों का सही ढंग से निर्वहन करें मुख्यमंत्री की सोच है कि आकांक्षी विकास खंड को अच्छा बनाएं स्मार्टफोन के माध्यम से पोषण ट्रैकर ही आंगन बाड़ी कार्यकर्ताओं की पहचान है। अच्छे अच्छे कार्यों से आपका अस्तित्व झलकेगा आंगनबाड़ी का दायित्व अत्यंत महत्वपूर्ण है अपने दायित्व को बेखुबी व गंभीरता से कार्य के द्वारा जाना जाता है। गरीब के बच्चों को आंगनबाड़ी द्वारा दिए गए प्राथमिक शिक्षा से आइएस, पीसीएस व नेता बन रहे है। सीडीपीओ दिलीप वर्मा ने सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने मातृत्व योजना को लाकर नारियों को सशक्त बनाया है। इस मौके पर उपस्थित रहे सीडीपीओ दिलीप वर्मा एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव ,नरेंद्र काना पुरिया , सीएम फेलो गौरव सिंह , गुलाब पटेल आदि सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सीएसआईआर-यूजीसी नेट में 71वीं रैंक ग्रामीण प्रतिभा बने मिसाल

**हलिया (मिर्जापुर )।** लालगंज क्षेत्र के दुबार कला लोलइपट्टी निवासी शिवसागर दुबे ने संयुक्त वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद-विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में 71वीं रैंक हासिल कर ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभा का परचम लहराया है। उनकी सफलता ने गांव के छात्र-छात्राओं में उच्च शिक्षा और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के प्रति नया आत्मविश्वास जगाया है। शिवसागर दुबे ने प्रारंभिक शिक्षा गांव से पूरी करने के बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बीएससी और एमएससी की पढ़ाई की। वर्तमान में वे पीएचडी कर रहे हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उनकी यह उपलब्धि ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था के लिए प्रेरणास्रोत मानी जा रही है।स्थानीय लोगों में इस सफलता को लेकर उत्साह है। शिक्षक कृष्ण कुमार सिंह, पूर्व प्रमुख नरेंद्र गिरी, महेंद्र तिवारी, ओमप्रकाश पांडेय, जनक अग्रहरि और रामजी सिंह ने इसे गांव के विद्यार्थियों के लिए प्रेरक बताते हुए कहा कि मेहनत और लगन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

## गेहूं खरीद व्यवस्था पर भड़की भाकियू मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।**

भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोसन ने गेहूं खरीद व्यवस्था में आ रही अव्यवस्थाओं को लेकर प्रदेश सरकार पर नाराजगी जताई है। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर किसानों की समस्याओं से अवगत कराया है। भेजे गए ज्ञापन में उन्होंने कहा कि इस समय क्षेत्र में गेहूं की कटाई तेजी से चल रही है, लेकिन किसानों को अपनी उपज बेचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य समस्या ऑनलाइन सत्यापन और पंजीकरण प्रक्रिया में हो रही देरी को बताया गया है, जिसके चलते किसान समय से अपना पंजीकरण नहीं करा पा रहे हैं।

**ऑनलाइन पंजीकरण में देरी से किसान परेशान, क्रय केंद्रों पर व्यवस्थाएं अधूरी**

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आगामी 1 अप्रैल से गेहूं खरीद शुरू होनी है, इसके बावजूद अधिकांश क्रय केंद्रों पर अभी तक आवश्यक व्यवस्थाएं नहीं हो सकी हैं। कई केंद्रों पर बोरे, कांटे, तौल मशीन और मजदूरों की पर्याप्त व्यवस्था का अभाव है, जिससे खरीद प्रक्रिया प्रभावित होने की आशंका है।

# मुन्नूगंज में पारंपरिक रीति से संपन्न हुआ अभिमन्यु का जनेऊ संस्कार, परिवार में छाई खुशियां

**80 वर्षीय दादी का सपना हुआ साकार, पोते के उपनयन संस्कार पर भावुक हुआ परिवार**



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** शहर के मोहल्ला मुन्नूगंज में रविवार को एक पारंपरिक एवं धार्मिक वातावरण के बीच 11 वर्षीय बालक अभिमन्यु का जनेऊ (उपनयन) संस्कार विधि-विधान से संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूरे परिवार और मोहल्ले में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चारण, तेल खंभ की परंपरा सहित सभी रीति-रिवाजों और सामाजिक मान्यताओं का पालन करते हुए संस्कार सम्पन्न कराया गया। मोहल्ला मुन्नूगंज निवासी श्री महेश कुमार रोहित पुत्र श्री राम आश्रय ने अपने पुत्र अभिमन्यु का यह धार्मिक संस्कार बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ आयोजित किया। कार्यक्रम में परिजनों, रिश्तेदारों एवं मोहल्ले के लोगों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिन्होंने बालक को आशीर्वाद देकर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अभिमन्यु की 80 वर्षीय दादी कांति देवी विशेष रूप से भावुक नजर आईं। उन्होंने बताया कि अपने पोते का जनेऊ संस्कार देखना उनके जीवन का एक बड़ा सपना था, जो आज पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि परिवार में लंबे समय बाद इस प्रकार का पारंपरिक आयोजन हुआ है, जिससे उन्हें अपार संतोष और गर्व की अनुभूति हो रही है। वहीं अभिमन्यु की माता श्रीमती पिंटू देवी ने भी पूरे उत्साह के साथ अनुष्ठान में भाग लिया। उन्होंने बताया कि उन्होंने सभी धार्मिक विधियों और आयुष अनुष्ठान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे संस्कार पूर्ण रूप से सफल हो सका। परिवार के अन्य सदस्यों में भी इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा गया। अभिमन्यु का एक छोटा भाई और एक छोटी बहन भी है, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम में खुशी-खुशी भाग लिया। घर में चारों ओर उल्लास और आनंद का माहौल बना रहा। मेहमानों के स्वागत और सत्कार में परिवार के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर योगदान दिया।

# अवैध शराब की भट्ठियों का वीडियो वायरल : जंगल में निर्माण-पैकिंग

**निघासन क्षेत्र अंतर्गत का दावा, सीओ ने कहा होगी जांच**

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**



निघासन क्षेत्र से अवैध शराब के कथित कारोबार से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो को लेकर दावा किया जा रहा है कि जंगलों के भीतर बड़े पैमाने पर कच्ची शराब की भट्ठियां संचालित की जा रही हैं और वहीं तैयार माल की पैकिंग भी की जा रही है। हालांकि इस वायरल वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं है। वायरल वीडियो में कुछ लोग खुले स्थान पर भट्ठियां जलाकर कच्ची शराब बनाते दिखाई दे रहे हैं। साथ ही, कुछ हिस्सों में तैयार शराब को बोतलों या पाउच में पैक करते हुए भी नजर आ रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि यह दृश्य निघासन कोतवाली क्षेत्र के लालबोझी गांव के पास स्थित जंगलों का है।

**स्थानीय स्तर पर उठे सवाल, लेकिन आधिकारिक पुष्टि नहीं**

वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में लंबे समय से अवैध शराब का कारोबार सक्रिय है, जबकि कुछ लोग इसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया मामला भी मान रहे हैं। मझगई थाना क्षेत्र से जुड़े कुछ लोगों की संलिप्तता के भी दावे किए जा रहे हैं, लेकिन इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है।

**जिम्मेदार विभागों की भूमिका पर उठे सवाल**

वीडियो के आधार पर यह सवाल जरूर उठ रहा है कि यदि इस तरह की गतिविधियां सच में बड़े पैमाने पर हो रही हैं, तो संबंधित विभागों–पुलिस और आबकारी–तक इसकी जानकारी क्यों नहीं पहुंची। वहीं, यह भी संभव है कि वीडियो पुराना हो या किसी अन्य स्थान का हो, जिसकी जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

**प्रशासन का बयान: जांच के बाद होगी कार्रवाई**

मामले में क्षेत्राधिकारी निघासन शिवम कुमार ने कहा कि उन्हें वीडियो उपलब्ध कराया जाए, ताकि उसकी सत्यता की जांच कराई जा सके। उन्होंने बताया कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## गोला के संदीप वर्मा का नेशनल यूथ कॉन्क्लेव में चयन, जिले का बढ़ाया मान



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** गोला क्षेत्र के ग्राम मूड़ा विष्णु निवासी समाजसेवी संदीप कुमार वर्मा का चयन प्रतिष्ठित नेशनल यूथ कॉन्क्लेव के लिए किया गया है। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है और लोगों ने इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया है। यह राष्ट्रीय स्तर का कॉन्क्लेव 'आर्ट ऑफ गिविंग' संस्था द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें संदीप वर्मा उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह आयोजन 18 से 20 अप्रैल तक ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में संपन्न होगा, जिसमें देशभर से चयनित युवा प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की स्टेट को-ऑर्डिनेटर काजल यादव के नेतृत्व में प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया जाएगा। वहीं, प्रख्यात शिक्षाविद डॉ. अच्युत सामंत के निर्देशन में युवाओं को नेतृत्व क्षमता, सामाजिक सरोकार और व्यक्तित्व विकास से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी जाएगी। संदीप वर्मा का चयन उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों, जनसेवा के प्रति समर्पण और सक्रिय भागीदारी के आधार पर किया गया है। उनके इस चयन को जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत माना जा रहा है। कॉन्क्लेव के दौरान लीडरशिप डेवलपमेंट, इंटरैक्टिव सेशंस, सांस्कृतिक कार्यक्रम और नेटवर्किंग जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जो प्रतिभागियों को नई दिशा और व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करेंगी।

## निघासन में अतिक्रमण हटाओ अभियान पर बवाल



**समृद्धि न्यूज़, निघासन, खीरी।** कस्बे में सड़कों तक फैले अतिक्रमण के खिलाफ नगर पंचायत का अभियान सोमवार को हंगामे में बदल गया। ईओ दिनेश शुक्ला के नेतृत्व में नगर पंचायत और पुलिस की संयुक्त टीम जब अतिक्रमण हटाने पहुंची तो कार्रवाई से नाराज व्यापारियों ने विरोध शुरू कर दिया। अभियान के दौरान जैसे ही अतिक्रमण की जद में आए दुकानदारों का सामान ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर ले जाया जाने लगा, व्यापारी भड़क उठे। कई दुकानदार सड़क पर उतर आए और ट्रैक्टर-ट्रॉली के सामने खड़े होकर कार्रवाई रोकने की कोशिश की।

कार्रवाई के दौरान राजू साड़ी सेंटर, वर्मा ज्वेलर्स, श्यामल डेयरी और तजमुद्दीन की दुकान समेत कई प्रतिष्ठानों के बाहर रखे बोर्ड, बक्से व अन्य सामान हटाए गए। इससे मुख्य चौराहे पर करीब आधे घंटे तक हंगामा और अधिकारियों से तीखी नोकझोंक होती रही।

# हनुमान जन्मोत्सव की रजत जयंती पर आस्था का महासंगम

**अयोध्या जैसा श्रीराम मंदिर बनाने का संकल्प, डेढ़ लाख लोगों के सामूहिक पाठ से बनेगा वर्ल्ड रिकॉर्ड**




**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** गुलरीपुरवा स्थित हनुमान मंदिर पर सोमवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में आस्था, एकता और संकल्प का अद्भुत संगम देखने को मिला। यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि 25 वर्षों की अखंड श्रद्धा, समर्पण और जनभागीदारी की जीवंत गाथा बनकर सामने आया।

कार्यक्रम में संरक्षक योगेश वर्मा और ईरा श्रीवास्तव की मौजूदगी में हनुमान जन्मोत्सव के रजत जयंती वर्ष का औपचारिक शुभारंभ किया गया। वक्ताओं ने कहा कि कोई भी परंपरा एक दिन में नहीं बनती, बल्कि वर्षों की तपस्या और अटूट विश्वास से उसका विस्तार होता है। बताया गया कि वर्ष 2000 में सीमित संसाधनों के बीच विमल अग्रवाल, दीपक खरे, राजेंद्र शर्मा, कानमल जैन और संजय निमानी जैसे पांच समर्पित श्रद्धालुओं ने हनुमान भक्ति का जो दीप प्रज्वलित किया था, आज वही एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है। इसकी छांव में हजारों लोग जुड़कर इस परंपरा को निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं। रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजकों ने भव्य कार्यक्रमों की श्रृंखला घोषित की है। 31 मार्च को विलोबी मैदान से मोटरसाइकिल जनसंपर्क यात्रा निकाली जाएगी। 1 अप्रैल को शाम 7:30 बजे श्रद्धालुओं से अपने-अपने स्थान पर खड़े होकर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ करने का आह्वान किया गया है, जबकि रात 8:30 बजे सदर चौराहे पर भव्य महाआरती होगी। इसी दिन शाम 6 से 9 बजे तक श्रीराम चौक पर धार्मिक झांकियां और फूलों की होली का आयोजन किया जाएगा। साथ ही लोगों से अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर शाम 7 बजे पांच दीप जलाने की अपील की गई है। इसके बाद 2 अप्रैल को सुबह 6 बजे सुभाष पार्क, पुरानी गल्ला मंडी से विराट कीर्तनमयी पदयात्रा प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए गुलरीपुरवा हनुमान मंदिर तक पहुंचेगी, जिसमें ढोल-नगाड़ों के साथ भक्ति का अनूठा माहौल बनेगा।

**बड़ी घोषणा ने बढ़ाया उत्साह**

पत्रकार वार्ता के दौरान संरक्षक योगेश वर्मा ने दो बड़े संकल्पों का ऐलान कर माहौल को जोश से भर दिया। उन्होंने कहा कि लखीमपुर में अयोध्या की तर्ज पर भव्य श्रीराम प्रभु मंदिर का निर्माण किया जाएगा।

# आत्मनिर्भर भारत की ओर एक कदम: विषय पर द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ शुभारंभ

**समृद्धि न्यूज़, चुनार (मिर्जापुर)।**



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा ÷एक जनपद एक उत्पाद योजनारू आत्मनिर्भर भारत की ओर एक कदम÷ विषय पर आयोजित द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का प्रथम दिवस अत्यंत गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ माधवी शुक्ला, मुख्य अतिथि प्रोफेसर विवेक पांडेय, प्राचार्य, हंडिया पी जी कॉलेज हंडिया, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर राकेश कुमार तिवारी, प्रोफेसर , अर्थशास्त्र विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी द्वारा पारंपरिक रीति से माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं निहारिका , रोशनी , जाह्नवी आदि के द्वारा सरस्वती वंदना, मंगलाचरण एवं मनमोहक स्वागत गीत एवं मंगलाचरण गीत प्रस्तुत किया गया, जिससे सभागार भक्ति एवं उत्साह के वातावरण से ओत-प्रोत हो गया। इसके उपरांत महाविद्यालय का कुलगीत प्रस्तुत किया गया, जिसने संस्थान की गौरवशाली परंपरा का भावपूर्ण परिचय कराया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि प्रोफेसर विवेक पांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि ÷एक जनपद एक उत्पाद÷योजना स्थानीय कला, शिल्प एवं उद्योगों को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने इसे आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर राकेश कुमार तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा संस्थानों को कौशल विकास एवं उद्यमिता के साथ जोड़ना समय की आवश्यकता है, जिससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. माधवी शुक्ला ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में संगोष्ठी की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में नवाचार, आत्मनिर्भरता एवं स्थानीय संसाधनों के प्रति जागरूकता विकसित करते हैं। इस अवसर पर विषय प्रवर्तन डॉ. दीपक कुमार सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर, हंडिया पी.जी. कॉलेज, हंडिया द्वारा किया गया। उन्होंने अपने प्रवर्तन व्याख्यान में व्क्व्च् योजना के उद्देश्यों, इसकी उपयोगिता तथा आत्मनिर्भर भारत के संदर्भ में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को विस्तार से स्पष्ट किया। संगोष्ठी के संयोजक श्री चंदन कुमार द्विवेदी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा संगोष्ठी के उद्देश्य एवं विभिन्न तकनीकी सत्रों में ऑनलाइन तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ तरुण कुमार उपाध्याय, असिस्टेंट प्रोफेसर, श्री बलदेव पी जी कॉलेज बड़ागांव वाराणसी , ऑफलाइन तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ पंकज कुमार सोनी असिस्टेंट प्रोफेसर काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी ने की। जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महावद्यालयों के शोधार्थियों एवं प्राध्यापकों ने अपने विचार साझा किए। प्रथम दिवस में आयोजित तकनीकी सत्र में विभिन्न विद्वानों में डॉ. सोमेंद्र, डॉ. रविंद्र , डॉ. अमूल्य कुमार सिंह, डॉ गरिमा उपाध्याय , डॉ अंशु मिश्रा एवं प्रोफेसर संगीता द्विवेदी, बसंत कन्या महाविद्यालय वाराणसी के साथ शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए, जिनमें योजना के अंतर्गत स्थानीय उत्पादों के संवर्धन, विपणन, कौशल विकास एवं रोजगार सृजन जैसे विषयों पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए गए।